जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



When We Wrote Letters

In today's world of WhatsApp, short messages and emails, *handwritten letters* are perhaps a thing of the past or at best, a rarity. However, before the twenty first century, writing letters was as common as conversing.

Calm and Alert

The more consistently we are able to practice a variety of these routines, the greater the benefits to brain health

# शपथ ग्रहण में मोदी अपने पुराने अवतार में प्रकट हुए

## विभागों के वितरण में मोदी ना तो आर.एस.एस. के सम्मुख ना ही सहयोगी दलों के समक्ष झुके

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पार्टी के पास भले बहुमत से 32 सीटें कम हों, लेकिन उन्होंने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि "चलेगी तो मेरी ही।"

यह स्पष्ट है कि मोदी की कार्यशैली में बदलाव की उम्मीद नहीं है, चाहे मामला अधिक समायोजी होने का हो या सर्वसम्मति से सबको साथ लेकर चलने का। प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार शपथ लेने के बाद वहीं दस साल पुराने मोदी फिर से अपने रंग में आ गए हैं।

मोदी की भाजपा ने गृह, वित्त, रक्षा, विदेश और रेलवे आदि मंत्रालय रखे हैं। वे वैष्णव को पसंद करते हैं, इसलिए रेल के साथ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भी वैष्णव को दिए गए हैं।

शिवराज सिंह चौहान को कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय दिया गया है, जबकि स्वयं को उड़ीसा के मुख्यमंत्री के रुप में प्रोजैक्ट करने वाले धर्मेन्द्र प्रधान को शिक्षा मंत्रालय देकर उनका कद छोटा कर दिया गया है।

- **यहां तक कि, अमित शाह को मंत्री नहीं बनाने व कम से कम गृह मंत्रालय नहीं देने के आर.एस.एस. के दबाव को भी पूरी तरह नकारा।**
- **आर.एस.एस. के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के अनुसार, मोदी के लिये अमित शाह की जरूरत अब दोगुनी हो गयी है।**
- **विपक्ष को अमित शाह व जांच एजेन्सियों के उपयोग से साधना है, साथ में अब सहयोगी दलों पर भी निगाह रखनी है।**
- **मोदी ने विपक्ष को न तो उतने कैबिनेट मंत्री दिये और न ही वे विभाग दिये, जिनकी विपक्ष को आशा थी।**
- **नायडू के खेमे से बने कैबिनेट मंत्री को नागरिक उड्डयन विभाग दिया तथा नीतीश के नुमाइंदे कैबिनेट मंत्री को मत्स्य विभाग सौंपा गया है।**
- **सहयोगी दल भी आमना-सामना करने की स्थिति में नहीं है, क्योंकि, इन सहयोगी दलों के नेताओं के खिलाफ कई मुकदमे हैं।**
- **इण्डिया गठबंधन का, मगर कहना यह है कि, यह एक तरफा कहानी है, क्योंकि सहयोगी दलों ने अपनी प्रतिक्रिया नहीं दी है।**

नैशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी.) के अजित पवार सरकार से बाहर हैं क्योंकि उनकी पार्टी को सिर्फ केन्द्रीय राज्यमंत्री का पद ऑफर किया गया था जिस उन्होंने अस्वीकार कर दिया। जयन्त चौधरी भी केवल केन्द्रीय राज्यमंत्री हैं। अब प्रश्न यह उठता है कि क्या एन.डी.ए. की किसी भी सहयोगी पार्टी के नेता स्वयं पर लगे केसों को देखते हुए मोदी को चुनौती देने की स्थिति में हैं? प्रत्यक्ष रुप से वे मोदी को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए प्र.मंत्री मोदी ने

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 जून। प्रधानमंत्री मोदी ने पदभार ग्रहण करने के बाद प्रधानमंत्री किसान निधि फंड जरी करने से संबंधित पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए।

मोदी ने कहा, "हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूर्णरूप से प्रतिबद्ध है। इसलिए यह बिल्कुल उचित है कि पदभार ग्रहण करने के बाद किसानों के कल्याण संबंधी प्रथम

- **पहली फाइल में 9.3 करोड़ किसानों के हित में 20,000 करोड़ का फण्ड आवंटित किया गया है।**

फाइल पर हस्ताक्षर किए। मोदी ने आगे यह भी कहा कि आने वाले समय में हम किसानों के लिए व कृषि के क्षेत्र में और भी काम करते रहेंगे।

इसको लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि इस फाइल में 9.3 करोड़ किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए 20,00 करोड़ रूपये मंजूर किए गए हैं।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री किसान निधि फंड्स की 17वीं किश्त जारी करने वाली फाइल पर प्रधानमंत्री द्वारा हस्ताक्षर करने व उसका बड़ा दिखावा करने का मजाक बनाया।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आंध्र की भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पुरन्देश्वरी देवी लोकसभा अध्यक्ष होंगी?

## पुरन्देश्वरी तीसरी बार सांसद निर्वाचित हुई हैं। वे एन.टी. रामाराव की पुत्री हैं तथा राजनीतिक हल्कों में काफी लोकप्रिय हैं

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 जून। तेलुगू देशम पार्टी चीफ चंद्रबाबू नायडू के साथ समझौता करते हुए, भाजपा नेतृत्व ने आंध्र प्रदेश की भाजपा अध्यक्ष और स्वर्गीय एन.टी. रामाराव की बेटी दग्गूबाती पुरन्देश्वरी को लोकसभा स्पीकर बनाने का प्रस्ताव रखा है।

तीसरी बार सांसद बनी पुरन्देश्वरी नरेन्द्र मोदी की दूसरी सरकार की सदस्य थीं। पुरन्देश्वरी एक लोकप्रिय राजनेता हैं, जिन्होंने हर बार अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों से चुनाव जीता है। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनावों में पुरन्देश्वरी राजमुन्दरी से जीती हैं। इसके पहले वो 2004 और 2009 में क्रमशः बापाटला और विशाखापटनम से सांसद चुनी जा चुकी हैं। इतना ही नहीं, वो और चंद्रबाबू नायडू की पत्नी बहनें हैं।

गठबंधन के दो प्रमुख पार्टनर टी.डी.पी. और जद (यू), दोनों को मोदी-3 मंत्रिमण्डल में 2-2 मंत्री पद मिले हैं- एक-एक कैबिनेट मंत्री और

- **पुरन्देश्वरी देवी व चन्द्रबाबू नायडू की पत्नी बहनें हैं तथा पुरन्देश्वरी देवी ने भाजपा व तेलुगुदेशम पार्टी में तालमेल बिठाने में अहम् भूमिका निभायी थी, जिसके कारण आंध्र के विधानसभा चुनाव में एन.डी.ए. को भारी सफलता मिली और 175 सदस्यीय विधानसभा में अब एन.डी.ए. की 164 सीटें हैं।**

एक-एक केन्द्रीय राज्य मंत्री। तथापि, कहा जा रहा है कि, दोनों पार्टियों- और विशेष रूप से टी.डी.पी. लोकसभा स्पीकर के पद के लिए अड़ी हुई है। दोनों पार्टियाँ भविष्य में अपनी पार्टी में होने वाली संभावित बगावत के प्रति सुरक्षा चाही हैं।

दल-बदल कानून के कारण, स्पीकर का पद बहुत महत्वपूर्ण हो गया है, क्योंकि, स्पीकर या चेयरमैन को, दल-बदल की सूरत में अयोग्य ठहराए जाने से संबंधित मामलों में निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार होता है।

पुरन्देश्वरी ने टी.डी.पी. और जनसेना के साथ गठबंधन करने में भाजपा की मदद की है, जिसके परिणामस्वरूप एन.डी.ए. को आंध्र प्रदेश में 175 विधासनभा सीटों में से 164 पर विजय हासिल करने में सफलता मिली। इस गठबंधन को 21 संसदीय सीटें भी मिलीं, 16 टी.डी.पी. से, तीन भाजपा और 2 जनसेना से।

मोदी के वर्तमान मंत्रिमण्डल की लिस्ट में पुरन्देश्वरी का नाम नहीं होने से इन चर्चाओं को बल मिला है कि, संभवतया उन्हें लोकसभा स्पीकर बनाया जाएगा। जनसेना चीफ, पवन कल्याण का नाम भी लिस्ट में नहीं था। अटकलें हैं कि वे 12 जून को शपथ लेने वाली चंद्रबाबू नायडू सरकार में बतौर मंत्री, संभवतया उपमुख्यमंत्री के पद पर शपथ ले सकते हैं।

# मोदी चन्द्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे 12 जून को

## उसी दिन मोदी राजधानी, अमरावती के पुनर्निर्माण प्रोजैक्ट का शिलान्यास भी करेंगे

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 जून। आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती अब अपने पूरे रंग में आने वाली है और तेलुगूदेसम पार्टी (टी.डी.पी.) सुप्रीमो एन. चन्द्रबाबू नायडू की जीत के बाद तो वह अपनी पूर्ण भव्यता प्राप्त करेगी।

आंध्र प्रदेश का विभाजन कर बनाए गए नए राज्य तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद बनाए जाने के बाद नायडू ने नई राजधानी बनाने का कार्य शुरु किया था, लेकिन वर्ष 2019 में जगनमोहन रेड्डी के आंध्र प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने के बाद नई राजधानी बनाने का काम स्थगित कर दिया गया था। जगनमोहन ने तीन राजधानियों की नीति पर चलना शुरु कर अमरावती का महत्व घटा दिया था।

नहीं के बराबर ध्यान दिए जाने के कारण आंध्र प्रदेश की अब तक कोई राजधानी नहीं है और टी.डी.पी. का आरोप है कि कई सरकारी भवन उजाड़ स्थिति में हैं तथा उनका जल्दी ही

- **अमरावती के पुर्ननिर्माण की बात इसलिये उठी है, क्योंकि हालांकि चन्द्रबाबू नायडू ने आंध्र की नयी राजधानी अमरावती का निर्माण अपने मुख्यमंत्री काल में जोर-शोर से शुरू कराया था। परन्तु, उनके बाद नये मुख्यमंत्री जगन रेड्डी ने अमरावती का महत्व कम करने की दृष्टि से नया सोच दिया था कि, आंध्र की एक नहीं तीन राजधानियां होंगी, बेहतर प्रशासन की दृष्टि से तथा नवनिर्मित प्रशासनिक सरकारी भवन पांच साल खाली पड़े रहे तथा रख रखाव के अभाव में खण्डहर का रूप लेने लगे थे।**
- **अब चन्द्रबाबू नायडू अमरावती के खण्डहर होते सरकारी भवनों का पुनः निर्माण करवाना चाहते हैं।**
- **चन्द्रबाबू नायडू भी आशा कर रहे हैं कि, राजधानी निर्माण के लिये मोदी कुछ विशेष पैकेज भी देंगे।**
- **चन्द्रबाबू नायडू, अटल बिहारी वाजपेयी के समय भी एन.डी.ए. के सदस्य थे तथा एन.डी.ए. की कोओर्डिनेटिंग कमेटी के अध्यक्ष भी थे, वे अब दोबारा वह पद पाने के इच्छुक है।**

कायाकल्प करने की जरुरत है। अब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर दस जुलाई को उपचुनाव

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 जून। चुनाव आयोग ने सोमवार को घोषित किया कि सात राज्यों में विधानसभा की 13 सीटों पर उपचुनाव 10 जुलाई को कराए जाएंगे और इन चुनावों की मतगणना जुलाई को होगी।

अधिकांश उपचुनाव विधायकों के त्याग पत्र दिए जाने व कुछ विधायकों

- **चुनाव आयोग ने सोमवार को अपनी घोषणा में यह भी बताया कि, इन सीटों पर मतगणना 13 जुलाई को होगी।**

की मृत्यु होने के कारण कराए जा रहे हैं।

वो प्रदेश, जहाँ उपचुनाव कराए जा रहे हैं, वे बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, पंजाब व हिमाचल प्रदेश हैं। सबसे अधिक चार सीटों पर उपचुनाव पश्चिम बंगाल, उसके बाद हिमाचल प्रदेश की तीन विधानसभा सीटों पर और उत्तराखण्ड में दो सीटों पर।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# चार बड़ी मिनिस्ट्रीज के मंत्रियों में कोई परिवर्तन नहीं

## राजनाथ सिंह रक्षा, अमित शाह गृह, निर्मला सीतारमण वित्त व जयशंकर विदेश मंत्रालय का कार्यभार संभालेंगे

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 जून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बनी नई सरकार में चार प्रमुख विभागों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई सरकार में भी राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री, अमित शाह गृह मंत्री, निर्मला सीतारमन वित्त मंत्री और एस. जयशंकर विदेश मंत्री बने रहेंगे। वही नितिन गडकरी को भी उनके सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री के पद पर कायम रखा गया है उत्तराखंड के सांसद अजय टमटा दिल्ली के सांसद हर्ष मल्होत्रा उनके राज्यमंत्री होंगे।

अश्विनी वैष्णव को रेल मंत्री के पद पर बरकरार रखा गया है और उन्हें अनुराग ठाकुर के स्थान पर सूचना व प्रौद्योगिकी विभाग का प्रभार भी दिया गया है। अनुराग ठाकुर, जो हमीरपुर से भाजपा के सांसद हैं, को मंत्री नहीं बनाया गया है।


गुजरात के भाजपा सांसद सी.आर. पाटिल को जलशक्ति मंत्री बनाया गया है, भाजपा की सहयोगी पार्टी तेलुगुदेशम के राममोहन नायडू को नागरिक उड्डयन मंत्रालय दिया गया। मध्य प्रदेश की गुना सीट से जीते ज्योतिरादित्य से यह विभाग ले लिया गया है, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को

- **अश्विनी वैष्णव के प्रदर्शन से संतुष्ट प्र.मंत्री ने उन्हें भी पुनः रेलवे का चार्ज पुनः सौंपा तथा सूचना प्रसारण मंत्रालय की अतिरिक्त जिम्मेवारी भी सौंपी।**
- **नितिन गडकरी को भी सड़क परिवहन व हाईवे मंत्रालय की पुरानी जिम्मेवारी पुनः सौंपी गयी है।**

कृषि मंत्री बनाया गया है।

सहयोगी दल हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के जीतनराम मांझी को माइक्रो, स्मॉल एण्ड मीडियम एंटरप्राइजेज विभाग दिया गया है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और पहली बार सांसद बने मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा तथा आवास एवं शहर विकास दिया गया है। श्रीपद यैसोनाईक को ऊर्जा राज्य मंत्री बनाया गया है, वहीं तोखन साहू को आवास एवं शहर विकास विभाग में राज्य मंत्री बनाया गया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )



भावभीनी श्रद्धांजलि

**स्व. श्री राजेश पायलट**

10 फरवरी 1945 - 11 जून 2000

# भाजपा के सोशल मीडिया विभाग के चीफ अमित मालवीय पर "यौन शोषण" का आरोप

## यह आरोप आर.एस.एस. के कार्यकर्ता व भाजपा नेता राहुल सिन्हा के रिश्तेदार शान्तनु सिन्हा ने अपने फेसबुक पेज पर लगाये

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 जून। भारतीय जनता पार्टी की नैशनल इन्फॉर्मेशन एण्ड टैक्नॉलजी ने राष्ट्रीय प्रभारी अमित मालवीय ने आर.एस.एस. के सदस्य शांतनु सिन्हा से बिना शर्त माफी मांगने की मांग की है उनका आरोप है कि शांतनु ने फेसबुक पर उनके खिलाफ बेहद आपत्तिजनक पोस्ट लिखी है।

भाजपा की आई.टी. सैल के प्रमुख अमित मालवीय ने आर.एस.एस. सदस्य शांतनु सिन्हा को फर्जी व अपमानजनक पोस्ट के लिए लीगल नोटिस भेजा है।

शांतनु सिन्हा, जो पश्चिम बंगाल के आर.एस.एस. कार्यकर्ता हैं, ने मालवीय पर यौन शोषण का आरोप लगाया है। मालवीय एक विवादास्पद नेता हैं, जिन पर सोशल मीडिया पर फर्जी खबरें फैलाने और मुसलमानों के खिलाफ नफरत भरी

- **इन आरापों को कांग्रेस पार्टी ने पूरी हवा दी तथा कहा कि, उसका इस प्रकरण में इतना ही "इन्टरैस्ट" है कि, उन यौन शोषित महिलाओं को न्याय मिले, जिनका शोषण अमित मालवीय ने पांच सितारा होटलों में ही नहीं, वरन् भाजपा के कोलकत्ता ऑफिस में भी किया।**
- **कांग्रेस प्रवक्ता ने यह भी कहा कि, अमित मालवीय को अपने पद से इस्तीफा देना चाहिये, तभी प्रकरण की पूरी और निष्पक्ष जांच हो सकेगी, क्योंकि, मालवीय भाजपा में अति महत्वपूर्ण पद पर हैं।**
- **अमित मालवीय ने शांतनु सिन्हा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा किया है।**

बयानबाजी करने के आरोप लगते रहे हैं।

इसी बीच कांग्रेस ने यह मुद्दा लपक लिया है और मालवीय को उनके अधिकृत पद से हटाने की मांग की है।

एक प्रैस कॉन्फ्रैंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आरोप लगाया की शांतनु सिन्हा जो कि भाजपा नेता राहुल सिन्हा के भाई हैं, ने भाजपा आई.टी. सैल के मुखिया मालवीय पर "गलत कार्यों" से लिप्त होने का आरोप लगाया श्रीनेत ने कहा कि मालवीया न केवल 5 स्टार होटल्स में बल्कि प. बंगाल के भाजपा कार्यालयों में महिलाओं का यौन शोषण किया है।

उन्होंने कहा कि हम सिर्फ इतना चाहते हैं कि भाजपा महिलाओं के साथ न्याय करे। वास्तविकता है कि प्रधानमंत्री मोदी के शपथ लेने के मात्र 24 घंटे में ही भाजपा के एक बड़े नेता, जो भाजपा की आई. टी. सैल का प्रमुख है, पर यौन शोषण करने के आरोप लगे हैं। हम मांग करते हैं कि, उन्हें उन पद से हटाया जाए जो कि महत्वपूर्ण पद हैं।

सुप्रिया ने कहा कि जब तक मालविया को पद से नहीं हटा दिया जाता तब तक महिलाओं के साथ न्याय नहीं हो सकता है।

इन आरोपों के मद्देनजर मालवीय ने शांतनु

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। –हरिवंश राय बच्चन

# मजबूत सरकार या मज़बूर सरकार?

4 जून 2024 को लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित हो गए। सभी एग्जिट पोल के अनुमानों को गलत साबित करते हुए मतदाता ने अपनी परिपक्वता का प्रदर्शन किया एवं किसी भी एक दल को बहुमत के लिए आवश्यक 272 सीटों तक नहीं पहुंचाया। गत दो लोकसभा चुनावों 2014 और 2019 में भाजपा को अकेले क्रमश: 282 और 303 सीटें प्राप्त हुई थीं।

कहने को तो ये दोनों सरकारें, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन या एन डी ए की थीं, किंतु भाजपा द्वारा बहुमत से कहीं अधिक सीटें जीतने के कारण, वास्तविकता में 10 वर्षों में कभी ऐसा नहीं लगा कि सरकार, भारतीय जनता पार्टी की नहीं अपितु एन डी ए की थीं। कभी-कभी तो ऐसा भी लगा जैसे सरकार न एनडीए की है ना बीजेपी की, अपितु सरकार तो केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की है। शायद यही कारण है कि सरकार को 'मोदी सरकार' के रूप में ही संबोधित किया जाता रहा। किसी भी मंत्रालय का कोई काम या निर्णय रहा हो, सब पर छाप केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की थी। हर समय और हर स्थान पर प्रधानमंत्री मोदी ही दिखाई देते थे, चाहे अवसर अंतरिक्ष यान के प्रक्षेपण का हो, नौसेना के किसी जहाज के लोकार्पण का हो, असम में किसी बहुत बड़े पुल के लोकार्पण का हो, प्रगति मैदान में 'भारत मंडपम' के उद्घाटन का हो, वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ करने का हो। न केवल यह, देश में कोरोना के 100 करोड़ टीके लगने के अवसर पर भी देश में इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के प्रत्येक माध्यम और पेट्रोल पंपों के होर्डिंग तक पर केवल और केवल नरेंद्र मोदी ही छाए हुए थे। यहां तक कि कोरोना वैक्सीन के प्रमाण पत्र पर भी प्रधानमंत्री मोदी का ही चित्र अंकित था। उज्जवला गैस के वितरण के लिए धन्यवाद के लिए पेट्रोल पंपों पर लगाए गए होर्डिंग पर केवल प्रधानमंत्री मोदी का ही फोटो अंकित होता रहा।

स्पष्ट है, सरकार पर एकाधिकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ही था। शायद इसी कारण पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं यहां तक कि राष्ट्रीय मीडिया द्वारा भी सरकार की प्रत्येक उपलब्धि के लिए व्यक्तिगत रूप से श्रेय प्रधानमंत्री को ही दिया गया। लोगों को यह तक पता नहीं था कि किस विभाग का मंत्री कौन है? काम चाहे किसी भी विभाग ने किया हो, उसकी उपलब्धि का श्रेय स्वयं नरेंद्र मोदी जी ने ही लिया।

प्रधानमंत्री ने अपने भाषणों में बार-बार यह कहा कि उनकी सरकार एक 'मजबूत' सरकार है जबकि पहले कई वर्षों तक जो भी सरकार रही वे 'मजबूर' सरकार थीं। उनका संकेत विशेष रूप से मनमोहन सिंह के कार्यकाल की ओर था। उनका यह कहना सही भी था क्योंकि किसी भी एक दल को बहुमत से अधिक सीटें 1984 के बाद पहली बार प्राप्त हुई थीं। इस संदर्भ में 2024 के लोकसभा चुनाव के परिणाम का विश्लेषण उपयुक्त होगा।

इस चुनाव में आम मतदाता ने यह सिद्ध कर दिया कि किसी भी एक व्यक्ति के हाथों में सत्ता का केंद्रीकरण रोकने में वह सक्षम है। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत यानी 272 से बहुत कम अर्थात 240 सीटें प्राप्त हुईं। एनडीए गठबंधन को कुल मिलाकर 293 सीटें मिलीं।

अब तक एनडीए की सरकार होते हुए भी भाजपा के सहयोगी दलों की भागीदारी मंत्रिमंडल में नाम मात्र की ही थी। जो भी मंत्रालय उन्हें दिए गए, उन्हें स्वीकार करने के अतिरिक्त उनके पास कोई विकल्प नहीं था। सहयोगी दलों को उपयुक्त सम्मान न मिलने का ही कारण रहा कि भाजपा के सहयोगी दल एक-एक कर उनसे अलग होते चले गए जैसे– शिवसेना, अकाली दल। यह ज्ञात नहीं है कि गत 10 सालों में एनडीए की बैठक कब हुई एवं कौन इसका संयोजक था? सरकार तकनीकी रूप से एनडीए की थी, किंतु सहयोगी दलों को लगभग महत्वहीन बना दिया गया था। देश 'एक दल– एक नेता' की दिशा में बढ़ रहा था। 2024 के चुनाव परिणाम ने इस स्थिति को एकदम बदलकर रख दिया है।

चुनाव प्रचार के दौरान भी सभी प्रचार सामग्री में केवल प्रधानमंत्री के ही चित्र का उपयोग किया था। यहां तक कि भाजपा के घोषणा पत्र को भी 'मोदी की गारंटी' के नाम से प्रचारित-प्रसारित किया गया। सभी सार्वजनिक सभाओं में एवं विभिन्न साक्षात्कारों में प्रधानमंत्री ने हर बार 'मोदी की गारंटी' का उल्लेख किया एवं एक प्रकार से उन्होंने व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदारी ली कि वह भारत को विकसित राष्ट्र बनाएंगे। 2024 के लोकसभा चुनाव में भारत के आम मतदाता ने अपनी ताकत का परिचय दिया और उसके द्वारा दिए गए जनादेश से यह स्पष्ट हुआ कि किसी एक दल का बहुमत नहीं होगा एवं बिना अन्य दलों के सहयोग के कोई भी सरकार नहीं बना पाएगा। इसी कारण, प्रधानमंत्री मोदी अब अपनी सरकार को 'मोदी सरकार' के बजाय एनडीए सरकार कहने पर मजबूर हैं।

राष्ट्रपति जी द्वारा 9 जून, 2024 को प्रधानमंत्री एवं 71 मंत्रियों को पद की शपथ दिला दी गई है। इनमें 30 केबिनेट मंत्री, 6 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 35 राज्यमंत्री हैं। नई सरकार का गठन हो गया है और तीसरी बार प्रधानमंत्री के पद पर नरेंद्र मोदी पदासीन हो गए हैं। अब देशवासियों को यह जानने की उत्सुकता होगी कि नई सरकार मजबूत सरकार के रूप में चलाई जाएगी अथवा मजबूर सरकार बनकर रह जाएगी। उल्लेखनीय है कि 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी इच्छा अनुसार निर्णय लिए।

**इस चुनाव में आम मतदाता ने यह सिद्ध कर दिया कि किसी भी एक व्यक्ति के हाथों में सत्ता का केंद्रीकरण रोकने में वह सक्षम है। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बहुमत यानी 272 से बहुत कम अर्थात 240 सीटें प्राप्त हुई। एनडीए गठबंधन को कुल मिलाकर 293 सीटें मिलीं।**

कई बार तो उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों तक को निर्णय की भनक नहीं लगी, जैसे नोटबंदी का निर्णय हो अथवा कोरोना के कारण पूरे देश में अचानक लॉकडाउन घोषित करने का निर्णय हो। इन निर्णयों से देश के नागरिकों को चाहे कितनी भी कठिनाई और परेशानियों का सामना करना पड़ा हो, किंतु सरकार को कोई फर्क़ नहीं पड़ा और न ही इसके लिए किसी को जिम्मेदार ही ठहराया गया। भारी बहुमत के कारण और 10 सालों तक बिना विरोध के सरकार चलाने के कारण, नरेंद्र मोदी अति आत्मविश्वास से भर गए और उन्होंने लोकसभा में अपने भाषण के दौरान ही यह 'अबकी बार 400 पार' का नारा दे दिया। यह भी कहा गया कि भाजपा स्वयं 370 सीटें जीतेगी। लोकसभा चुनाव परिणाम के आते ही यह स्वप्न टूट गया और भारतीय जनता पार्टी केवल 240 सीटों पर सिमट कर रह गई। यह विचित्र है कि भाजपा 240 सीटें प्राप्त करके उत्सव बना रही है और इंडिया गठबंधन भी 234 सीटें प्राप्त करके खुशी का अनुभव कर रहा है।

यह विडंबना ही है कि भारतीय जनता पार्टी को सरकार बनाने के लिए उन दलों का सहयोग लेना पड़ रहा है जिनकी विचारधारा कुछ महत्वपूर्ण मामलों में भाजपा से बिल्कुल अलग है। उदाहरण के लिए, प्रधानमंत्री मोदी ने घोषणा की कि मुसलमानों को किसी प्रकार का आरक्षण कतई नहीं दिया जाएगा जबकि तेलुगू देशम पार्टी ने यह घोषणा कर दी है कि आंध्र प्रदेश में मुसलामानों को चार प्रतिशत आरक्षण यथावत जारी रहेगा।ऐसी सूरत में प्रधानमंत्री मोदी का क्या रुख रहेगा इस पर सब की नजर रहेगी। इसी प्रकार नीतीश कुमार पूरे देश में जातिगत जनगणना की मांग करते रहे हैं जबकि भारतीय जनता पार्टी इसके विरुद्ध रही है। यही बात यूनिफॉर्म सिविल कोड और एन आर सी पर भी लागू होगी। तेलुगु देशम पार्टी और जनता दल (यू) किसी भी सूरत में ऐसा कोई भी निर्णय लेने में सहमत नहीं होंगे जो अल्पसंख्यक समुदाय के विरुद्ध हो। क्या सरकार अपनी घोषणाओं को भुला देगी?

इन चुनाव परिणामों ने सिद्ध कर दिया है कि अब भारत में चुनाव, केवल धर्म के आधार पर ध्रुवीकरण करके नहीं जीता जा सकता है। भाजपा ने यही गलती की और वे यह मान कर चले कि धर्म के आधार पर विभाजन करके वे बड़ा बहुमत प्राप्त कर लेंगे। शायद इसीलिए, मोदी ने भी अपने चुनाव प्रचार में धार्मिक ध्रुवीकरण पर ही बल दिया। आश्चर्य है कि फैजाबाद लोकसभा की सीट, जिसके अंतर्गत अयोध्या भी स्थित है, जहां पर राम मंदिर निर्माण का भव्य आयोजन किया गया और जहां पर लगभग 80 प्रतिशत जनसंख्या हिंदुओं की है, वहां भी भारतीय जनता पार्टी का उम्मीदवार हार गया। संदेश स्पष्ट है कि अब जनता को आप धर्म के आधार पर बांट कर विजय प्राप्त नहीं कर सकते।

प्रधानमंत्री मोदी को अपने काम करने के तरीके में बदलाव लाना होगा और सबके साथ मिलजुल कर काम करने की भावना विकसित करनी होगी। यह संदेश भी साफ दिया है कि यदि कोई दल अथवा नेता तानाशाही प्रवृत्ति की ओर बढ़ेगा तो जनता उसे नकार देगी। यह देश के हित में भी है।

मजबूत सरकार का एक लाभ यह होता है कि वह कोई भी निर्णय बिना किसी विलंब के ले सकती है। अब तक प्रधानमंत्री ने अधिकांश निर्णय अपने ही स्तर पर लिए। अब न केवल भाजपा के सांसदों के साथ संवाद की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलेगा अपितु सहयोगी दलों से विचार-विमर्श की प्रक्रिया अधिक अपनाई जाएगी। देखना यह है कि वे अपनी मूल प्रवृत्ति से समझौता करते हुए अन्य दलों के साथ मिलकर कैसे सरकार चलाएंगे? उल्लेखनीय है कि उन्होंने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए भी सदैव भारी बहुमत वाली सरकार का 13 वर्ष तक नेतृत्व किया था। अब प्रधानमंत्री को विभिन्न उपलब्धियों का श्रेय सहयोगी दलों के प्रतिनिधियों को भी देना होगा। अब तक ऐसा देखा गया था कि प्रधानमंत्री जी को किसी भी चित्र में स्वयं के अलावा और किसी का भी सम्मिलित होना कतई पसंद नहीं था। गठबंधन के दलों के नेताओं को वे कैसे सम्मान देंगे, इसकी बानगी एनडीए का नेता चुनने वाली बैठक में देखी गई थी। सहयोगी दलों के नेताओं को यह सम्मान, अस्थाई था या वास्तव में उनकी सोच में फर्क पड़ा है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

एक और बात जो महत्वपूर्ण है, वह यह कि, अब तक मीडिया को भी सरकार के निर्णय लेने की प्रक्रिया के बारे में भनक नहीं लगती थी। अब, चूंकि कई सहयोगी दलों के प्रतिनिधि भी मंत्रिमंडल में शामिल होंगे एवं वे अनौपचारिक रूप से मीडिया के साथ संवाद करना प्रारंभ करेंगे, तो कई ऐसी बातें छनकर मीडिया तक आएंगी जो पिछले 10 वर्षों में नहीं आ पाती थीं। एक तरह से अच्छा ही है क्योंकि इससे सरकार के निर्णय में अधिक सामूहिकता आएगी और अधिक पारदर्शिता भी होगी।

गत वर्षो में गठबंधन सरकारों का अनुभव तो यही है कि कई महत्वपूर्ण निर्णय लंबे समय तक नहीं हो पाए जिसके कारण भ्रष्टाचार को भी बढ़ावा मिला और विकास की गतिविधि अवरुद्ध हुई। इस स्थिति को policy paralysis" का नाम दिया गया था।

आशा की जानी चाहिए कि प्रधानमंत्री मोदी, अपने तीसरे कार्यकाल में गठबंधन के दलों के साथ सर्व सहमत विषयों, पर देश और देशवासियों के हित में, त्वरित गति से निर्णय लेंगे। संभव है, कुछ विवादास्पद विषयों पर कार्यवाही कुछ समय के लिए स्थगित करनी पड़े। सरकार को आने वाले दिनों में कई महत्त्वपूर्ण विषयों पर निर्णय लेना होगा जैसे किसानों से संबंधित प्रकरण, अग्नि वीर योजना की समीक्षा। लोकसभा क्षेत्रों के पुनः सीमांकन हेतु इस प्रकार का फार्मूला बनाना होगा कि दक्षिणी राज्यों के प्रतिनिधित्व पर विपरीत प्रभाव न पड़े। उल्लेखनीय है कि महिलाओं के लिए लोकसभा और विधानसभाओं में आरक्षण भी पुनर्सीमांकन के बाद ही लागू हो पाएगा।

यह तो भविष्य ही बताएगा कि गठबंधन सरकार की मजबूरी के बावजूद प्रधानमंत्री कितनी मजबूती के साथ देशवासियों को तीव्र गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ा पाएंगे। वे ऐसा कर पाएँ, उसके लिए अनेकानेक शुभकामनाएं!

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

## श्रुत पंचमी षट्खण्डागम - एक आगम ग्रंथ का उद्भव दिवस

# तीर्थंकर महावीर की वाणी लिपिबद्ध कर जन-जन तक पहुंचाने का महान दिन



भागचंद जैन मित्रपुरा

आज से 1867 वर्ष पूर्व जेष्ठ शुक्ला पंचमी के दिन भगवान महावीर के उपदेशों को श्रवण के आधार पर षट्खण्डागम ग्रंथ के रूप में लिपिबद्ध कर के वर्तमान एवं भावी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित किया था। अत: आज के दिन को श्रुत पंचमी के नाम से जाना जाता है। यह दिवस जैन धर्मावलंबियों के लिए जन जन तक धर्म ज्ञान पंहुचाने का एक प्रयोजनीय दिन है। तीर्थंकरों के द्वारा केवलज्ञान प्राप्ति उपरांत, कुबेर द्वारा रचित समवशरण में विराजित देव, मनुष्य एवं तिर्यंच गति के जीवों को प्रतिदिन पूर्वान्ह, मध्यान्ह, अपरान्ह एवं अर्धरात्रि में चार बार छह-छह घड़ी पर्यंत दिव्य ध्वनि, जिसमे सात सौ लघु भाषा और अठारह महा भाषा प्रस्फुटित होती है, के द्वारा उपदेश दिया जाता है। सभी जीव अपनी अपनी भाषा में दिव्य ध्वनि को समझ लेते है। भगवान महावीर की वाणी श्रुत रूप में रही, जो प्रथम गणधर इंद्रभूति गौतम शुरु होकर अंतिम केवली जम्बू स्वामी एवं अंतिम श्रुत केवली भद्रभाहू तक निरंतर प्रवाहमान होती रही। तत्पश्चात वर्षों तक उनके उपदेश आचार्यों, मुनियों के द्वारा अंगों एवं पूर्व के ज्ञान के आधार पर श्रुत रूप में ही जनमानस में प्रचलित रहे। उस समय लिखित में कोई ग्रंथ नहीं था।

इस प्रकार 62 वर्ष मे तीन केवली, 100 वर्ष में पाँच श्रुतकेवली, 183 वर्ष में 11मुनि 11अंग 10 पूर्व के धारी, 220 वर्ष में पाँच मुनि 11अंग के धारी, 118 वर्ष मे चार मुनि एक अंग के धारी हुए इस प्रकार भगवान महावीर के पश्चात 683 वर्ष तक अंगो का ज्ञान रहा और श्रुतरूप में निरंतर जारी रहा। दीप से दीप जलाने की परंपरा चलती रही।

**अंगों और पूर्व के शेष ज्ञान के लुप्त होने का आभास**

एक अंगधारी आचार्य धरसेन जी विहार करते हुए सुराष्ट्र देश के गिरिनार के समीप उर्जयन्तगिरि की चन्द्रगुफा में पहुंचे। जब इन्हें अपने निर्मल ज्ञान से यह आभास हुआ कि उनकी आयु थोड़ी ही शेष रह गई है और चिंता हुई कि अवसर्पिणी काल के प्रभाव से श्रुतज्ञान का दिन प्रतिदिन ह्रास होता जा रहा है। अंगों और पूर्व के शेष ज्ञान के भी लुप्त होने एवम कालांतर में शास्त्रों के घटते ज्ञान से चिंतित होकर कि महावीर की श्रुत परंपरा, बुद्धि के निरंतर ह्रास के कारण केवल सुनकर सीखने के आधार पर नहीं चल सकती। इस समय उनको जो कुछ श्रुत प्राप्त है, उतना भी आज किसी को नहीं है, यदि वे अपना श्रुत दूसरे को नहीं दे सके तो यह भी उनके ही साथ समाप्त हो जायेगा। ऐसा विचार कर धरसेनाचार्य जी ने देशेन्द्र नामक देश में वेणातटाकपुर में निवास करने वाले महामहिमाशाली मुनियों के निकट ब्रह्मचारी के द्वारा पत्र भेजा, जिसमें उन्होंने अपनी अल्प आयु शेष रहने के बार में लिखा, साथ ही आग्रह किया कि हमारे श्रुतज्ञानरूप शास्त्र का व्युच्छेद उनके साथ ही समाप्त न हो जावे, उसके रक्षार्थ तीक्ष्ण बुद्धि वाले श्रुत को ग्रहण और धारण करने में समर्थ दो यतीश्वरों को भेजने का आग्रह किया।

**आचार्य धरसेन को स्वप्न में दो श्वेत वृषभ द्वारा वंदना :-**मुनि संघ ने आचार्य धरसेन के श्रुतरक्षा सम्बंधी अभिप्राय को जानकर दो मुनियों को गिरिनगर भेजा। दोनों मुनि सुबुद्धि (पुष्पदंत), नरवाहन (भूतबलि) विद्याग्रहण करने में तथा उसका स्मरण रखने में समर्थ थे, अत्यंत विनयी तथा शीलवान थे। उनके देश, कुल और जाति शुद्ध थे और वे समस्त कलाओं में पारंगत थे। जब वे दो मुनि गिरिनगर की ओर जा रहे थे तब श्री धरसेनाचार्य ने ऐसा शुभ स्वप्न देखा कि दो श्वेत वृषभ आकर उन्हें विनयपूर्वक वंदना कर रहे हैं। उस स्पप्न से उन्होंने जान लिया कि आने वाले दोनों मुनि विनयवान एवं धर्मधुरा को वहन करने में समर्थ है। उनके मुंह से आशीर्वादात्मक वचन 'जयउसुयदेवदा (श्रुत देवता की जय हो)' निकला और नींद से उठकर खडे हो गए। उसी समय उन्होंने देखा कि दो मुनिवर आ पहुंचे और विनयपूर्वक उन्होंने आचार्य के चरणों में वंदना की। आचार्य श्री ने उन्हे यात्रा थकान शमन के लिए तीन दिन तक विश्राम करने को कहा।

तत्पश्चात श्री धरसेनाचार्य ने उनकी परीक्षा की। एक को अधिक अक्षरों वाला और दूसरे को हीन अक्षरों वाला विद्यामंत्र देकर दो उपवास सहित उसे साधने को कहा। ये दोनों गुरू के द्वारा दी गई विद्या को लेकर और उनकी आज्ञा से सिद्धभूमि गिरनार पर्वत पर जाकर नियमपूर्वक अपनी अपनी विद्या की साधना करने लगे। विद्या सिद्ध होने पर उनके सामने दो देवियां प्रकट हो गई। उनमें से एक देवी के एक ही आंख थी और दूसरी देवी के दांत बड़े-बड़े थे। मुनियों ने जब ऐसा देखा तो सोचा कि देवों का यह स्वभाव नहीं है यह असली स्वरुप नहीं है। अवश्य ही उनकी साधना में कोई भूल हुई।

तब व्याकरण की दृष्टि से उन्होंने मंत्र पर विचार किया। जिसके सामने एक आंख वाली देवी आई थी उन्होंने अपने मंत्र में एक वर्ण कम पाया तथा जिसके सामने लम्बे दांतों वाली देवी आई थी उन्होंने अपने मंत्र में एक वर्ण अधिक पाया। दोनों ने अपने-अपने मंत्रों को शुद्ध कर पुनः अनुष्ठान किया, जिसके फलस्वरूप देवियां अपने यथार्थ स्वरूप में प्रकट हुई और कार्य करने हेतु आदेश देने के लिए कहा। दोनों मुनियों ने कहा कि उनका कोई भी पारलौकिक कार्य नहीं है, उन्होंने केवल गुरू की आज्ञा से ही विद्यामंत्र की आराधना की है। ये सुनकर वे देवियां अपने स्थान को चली गई।

**आचार्य धरसेन द्वारा अध्ययन प्रारंभ एवं नया नामकरण**

दोनों मुनियों ने गुरुदेव के समीप जाकर अपना सारा वृतान्त निवेदन किया, मुनियों की इसी कुशलता से गुरू ने जान लिया कि सिद्धांत का अध्ययन करने के लिए वे योग्य पात्र है। दोनों मुनियों का अध्ययन अषाढ शुक्ल एकादशी के दिन पूर्ण हुआ, धरसेनाचार्य जी ने दोनों को आचार्य पद प्रदान किया। इसी दिन देवों ने भी दोनों मुनियों की पूजा की। एक मुनिराज के दांतों की विषमता दूर कर देवों ने उनके दांत को कुंदपुष्प के समान सुंदर करके उनका 'पुष्पदन्त' नामकरण किया तथा दूसरे मुनिराज को भी भूत जाति के देवों ने तूर्यनाद जयघोष, गंधमाला, धूप आदि से पूजा कर 'भूतबलि' नाम से घोषित किया।

अनन्तर श्री धरसेनाचार्य ने विचार किया कि उनकी मृत्यु का समय निकट है। इन दोनों को संक्लेश न हो, यह सोचकर वचनों द्वारा योग्य उपदेश देकर दूसरे ही दिन विहार कराया। नौ दिन बाद कुरीश्वर नगर में पहुंचे और श्रावण् कृष्ण पंचमी को दोनों मुनिराजों ने वहीं साथ में चातुर्मास किया। चातुर्मास के बाद यहा से पुष्पदन्त मुनि वनवास देश को चले गए वहां पर जिनपालित श्रावक को जिन दीक्षा दी और भूतबलि मुनि मदुरई देश मे पहुंचकर ठहर गए।

पुष्पदन्त मुनिराज जिनपालित को पढाने के लिए और महाकर्मप्रकृति प्राभृत का छह खण्डों में उपसंहार करना चाहते थे अत: उन्होंने लिखना प्राराम्भ किया और जीवस्थानाधिकार नामक पहले खंड के आठ अनुयोग (अधिकार) द्वार मे से पहले सतप्ररुपणा अधिकार के 177 सूत्रो की रचना की और शिष्य मुनि जिनपालित को आचार्य भूतबलि मुनि के पास अभिप्राय जानने के लिए भेजा कि वे इस कार्य के करने मे सहमत है अथवा नही। इस रचना को देखकर भूतबलि मुनि बहुत खुश हुए और षटखंडरुपआगम रचना का अभिप्राय जान लिया। स्वयं ने पाँच खण्डों में पूर्व सूत्रो सहित 6000 श्लोक प्रमाण 'द्रव्यप्ररूपणादि' अधिकारो की रचना की। इसके पश्चात महाबंध नामक छठे खण्ड में 40000 श्लोक प्रमाण लिखा।

आचार्य भूतबलि ने इस प्रकार षटखण्डागम की रचना करके उन सूत्रों को पुस्तक बद्ध किया और ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी के दिन चतुर्विध संघ सहित कृतिकर्म पूर्वक महापूजा की। इसी पंचमी का नाम 'श्रुतपंचमी' नाम प्रसिद्ध हो गया तथा आकाश से देवो ने भी अनगिनत बार पुष्पो की वृष्टि की एवं तभी से लेकर लोग श्रुतपंचमी के दिन श्रुत की पूजा करते आ रहे हैं। भूतबलि जी मुनिराज ने जिनपालित को षट्खण्डागम ग्रन्थ देकर पुष्पदन्त मुनि के पास भेजा। उन्होंने अपने गुरु के चिन्तित कार्य को पूरा हुआ देखकर महान हर्ष किया और श्रुत के अनुराग से चतुर्विध संघ के मध्य महापूजा की। इस प्रकार 'षट्खण्डागम' नामक ग्रंथ की रचना हुई। षट्खण्डागम दिगम्बर साधु आचार्य धरसेन के द्वारा दिए गए आगम के मौखिक उपदेशों पर आधारित है।

षट्खण्डागम ( छः भागों वाला धर्मग्रंथ) दिगम्बर जैन संप्रदाय का सर्वोच्च और सबसे प्राचीन पवित्र जिनवाणी धर्मग्रंथ है।

**जिनवाणी को आत्मसात करना**

हम पूजा पाठ को धर्म की मात्र क्रिया समझ कर पंच परमेष्ठि का गुण गान करते हैं। जिनवाणी हमें ज्ञान देती है कि ज्ञान पूर्वक क्रिया ही फल प्रदायनी होती है। अतः पूजापाठ में समाहित अध्यात्म रुपी तत्व का शोधन करेंगे, तभी हम सच्चे अर्थों में जिनवाणी को आत्मसात कर सकते हैं। जैन धर्म में देव, शास्त्र एवं गुरु की पूजा का विशेष महत्व है। जैन धर्मावलंबी सेद्धांतिक देशना से लिपिबद्ध जिनवाणी की पूजा, आराधना करके शास्त्र भंडारों का उचित रखरखाव, देखभाल, सुरक्षा, आत्म कल्याण के उद्देश्य से स्वाध्याय करने का नियम लेकर शास्त्रों का धर्मरक्षार्थ सदुपयोग किया जा सकता है। पूर्व में भी हमारे असंख्यात् धर्म ग्रंथो को विधर्मियो द्वारा अपने कब्जे में लिए गए हैं। अत:एव शास्त्रों का संरक्षण आवश्यक है। वर्तमान में धर्मग्रंथों को डिजिटल प्रारूप में भी रखा जा सकता है। धर्मग्रंथ ही जीवन नैया के खिवैया है।

**संकलन :-भागचंद जैन मित्रपुरा, अध्यक्ष जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर**

# बनास व कोठारी नदियों में औद्योगिक इकाइयों द्वारा प्रदूषित काला पानी छोड़ा जाना जारी

## जिम्मेदार विभागों की लापरवाही से काला पानी जमीनों को बंजर बना रहा है

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के दोनों किनारों की ओर से गुजरने वाली बनास एवं कोठारी नदियों में प्रोसेस हाउसों के द्वारा प्रदूषित रसायनयुक्त काला पानी छोड़ा जा रहा है जो लगातार कई वर्षों से अनवरत जारी है। जिम्मेदार विभागों की लापरवाही के चलते यह काला पानी जमीनों को बंजर बनाने में कारगर साबित हो रहा है।

शिकायतों के बावजूद प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीन कार्यशैली से उन्हें काला पानी नजर नहीं आ रहा है, जबकि गुवारड़ी और मण्डपिया नाले से भी औद्योगिक इकाइयों द्वारा चोरी छिपे छोड़ा जा रहा प्रदूषित काला पानी सीधे बनास नदी में जाकर प्रदूषित कर रहा है। यही नहीं बीते लम्बे समय से चल रही इस कारगुजारी से बनास नदी के किनारे बसे दर्जनों गांवों-खेड़ों में जहां भूजल स्तर प्रदूषित होने से खेतों की जमीनें अनुपयोगी हो रही है, वहीं लोगों के सामने पेयजल संकट बना हुआ है। उधर आसपास के ग्रामीणों ने बताया कि औद्योगिक इकाइयों द्वारा चोरी छिपे रात के अंधेरे में इकाइयों का

**■ गुवारड़ी और मण्डपिया नाले से भी औद्योगिक इकाइयों द्वारा चोरी छिपे छोड़ा जा रहा प्रदूषित काला पानी सीधे बनास नदी में जा रहा है**

प्रदूषित पानी खुले में छोड़ दिया जाता है जो बहता हुआ गुवारड़ी व मण्डपिया नालों में जमा होता है तथा बाद में बनास नदी तक पहुंच जाता है। ग्रामीणों ने प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुये कहा कि कई बार अवगत कराने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं होने से इकाइयों से गंदे काले पानी की आवक नहीं थम रही है और नालों में रसायनयुक्त पानी की मौजूदगी फिर सामने नजर आ रही है।

गौरतलब है कि जिले में औद्योगिक विकास के साथ साथ बीते लम्बे समय से गहराती काले पानी की समस्या से कोठारी एवं बनास नदी के समीप बसे दर्जनों गांवों के



**प्रोसेस हाउसों के द्वारा प्रदूषित रसायनयुक्त काला पानी छोड़े जाने से बनास एवं कोठारी नदियां प्रदूषितहो रही है।**

वाशिन्दों को तमाम कोशिशों के बावजूद राहत नहीं मिल सकी, जबकि शहर में सैकड़ों औद्योगिक इकाइयां संचालित है जहां वायु और जल प्रदूषण की शिकायतें सामान्य हो चुकी है। इनमें खासकर प्रोसेस हाउसों द्वारा काला पानी छोड़े जाने की शिकायतें सर्वाधिक है। उधर राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के जिम्मेदारों द्वारा पानी के नमूने लेकर जांच के लिये भिजवाकर अपने दायित्वों की इतिश्री जरूर कर ली जाती है परन्तु अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाये जाने से जहां समस्या जस की तस बनी हुई है।

## राशिफल मंगलवार 11 जून, 2024



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, पंचमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, आश्लेषा नक्षत्र रात्रि 11:39 तक, व्याघात योग सांय 4:47 तक, बालव करण सांय 5:28 तक, चन्द्रमा रात्रि 11:37 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-वृष, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-मेष, बुध-वृष, गुरू-वृष, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात्रि 11:39 तक है। कुमार योग और रवियोग रात्रि 11:39 से आरम्भ होगा। आज श्रुति पंचमी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:01 से 10:44 तक, लाभ-अमृत 10:44 से 2:09 तक, शुभ 3:51 से 5:34 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 5:36, सूर्यास्त 7:16

**मेष**
परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। धन प्राप्त होगा। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**मिथुन**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कर्क**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

**सिंह**
अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। मन में असंतोष बना रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**वृश्चिक**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**धनु**
अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

**मकर**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में आपसी सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता सफल रहेगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

# आगामी मानसून सीजन में जरूरी इंतजाम एवं तैयारियां सुनिश्चित रखने के निर्देश

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर जिला कलेक्टर ने बाढ़ नियंत्रण के लिए नियुक्त किये इन्सीडेन्ट कमाण्डर

**जयपुर**, (का.सं.)। आगामी मानसून सत्र के दौरान आपदा प्रबंधन को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा संवेदनशील हैं। आपदा से निपटपने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को मुस्तैदी बरतने एवं आवश्यक इंतजामों के साथ साथ जरूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी कड़ी में जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने जिले में बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए एवं जल भराव के क्षेत्रों की मॉनिटरिंग करने के लिए इन्सीडेन्ट कमाण्डर की नियुक्ति की है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार जयपुर के शहरी क्षेत्र में 9 इन्सीडेन्ट कमाण्डर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भी उपखण्ड अधिकारियों को इन्सीडेन्ट कमाण्डर की जिम्मेदारी सौंपी है। इन्सीडेन्ट कमाण्डर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर बाढ़ नियंत्रण एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करेंगे।

जयपुर महानगर में इन्सीडेन्ट कमाण्डर नगर निगम जयपुर हैरिटेज/ग्रेटर एवं जयपुर विकास प्राधिकरण से समन्वय कर संसाधनों का आंकलन करना एवं बाढ़ की स्थिति में राहत गतिविधियों का संचालन करेंगे। जल भराव की स्थिति में जल निकासी का प्रबंध करना, प्रभावित इलाकों में आवश्यक दवाईयों का छिड़काव करना, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विद्यालय भवन, सामुदायिक भवन, आश्रय स्थल एवं पुनर्वास हेतु भवनों को चिन्हित करना एवं प्रभावित परिवारों को पुनर्वासित करवाना इन्सीडेन्ट कमाण्डर्स की जिम्मेदारी होगी। बाढ़ की स्थिति में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग एवं सेना के समन्वय कर आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करेंगे।

■ **अतिरिक्त जिला कलेक्टर्स को बनाया गया प्रभारी अधिकारी**

मानसून के मद्देनजर जयपुर शहर उत्तर, दक्षिण क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर उत्तर, पूर्व एवं दक्षिण को एवं समस्त उपखंड अधिकारियों को उनके उपखण्ड क्षेत्र में आपदा प्रबंधन हेतु समग्र प्रभारी नियुक्त किया गया है।

नियुक्त अधिकारी वर्षा काल के दौरान अत्यन्त आवश्यक होने पर ही रोड कट की अनुमति अपने-अपने क्षेत्र में जारी करेंगे। साथ ही रोड कट की अनुमति की प्रति संबंधित थाने को भी भिजवाएंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि रोडकट के बाद पुनः भराव करवाया गया है या नहीं। साथ ही मानसून के दौरान सभी प्रभारी अधिकारी संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय रखते हुए मौके पर आवश्यक कार्यवाही त्वरित एवं समयबद्ध रूप से संपादित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का किया आभार व्यक्त

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सर्वोच्च प्राथमिकता सदैव कृषक कल्याण की रही है। मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद पहला कार्य 'पीएम किसान सम्मान निधि' के अंतर्गत देशभर के किसानों को 17वीं किस्त जारी करने का किया है। राजस्थान में भी लाखों किसानों को इसका लाभ मिलेगा।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई ऐतिहासिक निर्णय लेकर देशभर के अन्नदाताओं को आर्थिक संबल दिया है। पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत किसानों को 6 हजार रुपए की वार्षिक आर्थिक सहायता इन महत्वपूर्ण निर्णयों में से एक है। उन्होंने कहा कि मोदी ने आज प्रधानमंत्री का पद संभालते ही इस योजना की 17वीं किस्त जारी कर 20 हजार करोड़ रुपए वितरित किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह निर्णय किसानों के जीवन में आशा, समृद्धि और विकास का नव-प्रभात लेकर आएगा। इस निर्णय से देशभर में लगभग 9.3 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। अब तक इस योजना के तहत 16 किस्तों में 12 करोड़ 33 लाख से ज्यादा लाभार्थियों को 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक सीधे प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) से वितरित किये गए हैं।

# बढ़ते तापमान को रोकने के लिए अधिक पेड़ लगायें : दिलावर



पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने गोविंददेवजी मंदिर प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित कर पर्यावरण एवं गौ रक्षा संरक्षणार्थ संतों एवं श्री मद्भागवताचार्य विद्वानों के सम्मेलन का शुभारंभ किया।

**जयपुर**। पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने गोविंददेवजी मंदिर प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दीप प्रज्वलित कर पर्यावरण एवं गौ रक्षा संरक्षणार्थ संतों एवं श्री मद्भागवताचार्य विद्वानों के सम्मेलन का शुभारंभ किया।

पंचायती राज मंत्री ने सर्वप्रथमउपस्थित संतों एवं विद्वानों को नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर बधाई दी।

उन्होंने कहा कि धरती माता का तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। इस वर्ष सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। यह हम सबके लिए खतरे की घंटी है।अभी भी नहीं चेते तो संकट में पड़ जायेंगे।भारत माता बहुत दुखी है इस दुःख को हम सभी को समझना चाहिए।इस धरती पर पेड़ ही हमें बचा सकते हैं।पेड़ों से प्राणवायु, शीतलता व वर्षा मिलती है।

उन्होंने कहा कि हमें माँ अमृता देवी के बलिदान को आत्मसात करना चाहिए।इनके नेतृत्व में 363लोगों ने बलिदान दिया लेकिन पेड़ काटने नहीं दिया। उन्होंने कहा कि संत एवं गुरुजन भी अपने प्रवचनों में अनुयायियों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करें।यह जनता का काम है।अब यह जन आंदोलन बन गया है।विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को भी कहा गया है कि जितने आपके परिवार में सदस्य हैं उतने पेड़ अवश्य लगाएं।

उन्होंने 8 अगस्त को मनाये जाने वाले अमृत पर्यावरण महोत्सव के तहत पीपल, नीम, बरगद ,इमली,आंवला, बिल्व एवं आम के पेड़ अधिक से अधिक पेड़ लगाने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि हमारे धर्मग्रन्थों में पेड़ों की पूजा का प्रावधान है। पेड़ों को भगवान माना जाता है। गौ माता के संरक्षण के लिए कहा कि गौ माता विश्व में माँ के रुप में पूजी जाती है।यह ऑक्सीजन देती है साथ ही इसका मल मूत्र भी बीमारियों के उपचार में उपयोगी है।इसके गोबर से जैविक खाद तैयार कर उन्नत किस्म की फसल प्राप्त करते हैं। विधायक बालमुकुन्दाचार्य ने कहा कि देवी देवताओं के स्वरूप के रूप में पूजे जाने वाले, औषधीय एवं छायादार वृक्ष लगाने के लिए जोर दिया।

## मुख्यमंत्री ने तीर्थ यात्रियों की मृत्यु पर जताया शोक

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में जयपुर के चौमूं निवासी चार तीर्थ यात्रियों सहित कायराना हमले में मृत लोगों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने ईश्वर से दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार दुःख की इस घड़ी में मृतकों एवं घायलों के परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं जम्मू-कश्मीर प्रशासन से समन्वय स्थापित कर मामले में निरंतर निगरानी के निर्देश दिए हैं। साथ ही, उन्होंने अधिकारियों को दिवंगतों के पार्थिव शरीर को परिजनों तक पहुंचाने सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए हैं।

## मारपीट और छात्र आंदोलन से जुड़े मामलों में विधायक भाकर बरी

**जयपुर**, (का.सं.)। अतिरिक्त मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट-2, महानगर प्रथम ने छात्र जीवन के दौरान मारपीट और आंदोलन से जुडे दो अलग-अलग मामलों से तत्कालीन छात्र नेता और वर्तमान विधायक मुकेश भाकर सहित अन्य आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है।

मामले के अनुसार उद्यम सिंह ने 9 सितंबर, 2007 को गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया कि वह और उसके साथी कृष्णा छात्रावास की मैस बंद होने के कारण विवि परिसर से बाहर जाकर खाना खाकर लौट रहे थे। रास्ते में मुकेश भाकर सहित करीब एक दर्जन छात्र मिले और उनसे मारपीट करना शुरू कर दिया। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अदालत में आरोप पत्र पेश किया। वहीं दूसरे प्रकरण में राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य कुलानुशासक ने 23 जुलाई, 2010 को गांधीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि दोपहर करीब 12 बजे मुकेश भाकर सहित अन्य छात्र नेताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विवि का मुख्य द्वार बंद कर दिया और टायर जलाकर रास्ता अवरूद्ध कर दिया। इस दौरान कुलसचिव कार्यालय और कुलपति सचिवालय के गेट बंद कर लोगों को अंदर जाने से रोक दिया। दोनों ही मामलों में अभियोजन पक्ष यह साबित नहीं कर पाया कि घटना में आरोपी बनाए गए तत्कालीन छात्रों का हाथ था। इसके अलावा कई गवाह पक्षद्रोही भी हो गए। ऐसे में अदालत ने दोनों मामलों से एमएलए भाकर सहित अन्य सभी को बरी कर दिया।

## डॉ. पूनिया ने मंत्रियों को बधाई दी

**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में नई दिल्ली में भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया 9 जून को शामिल हुये और 10 जून को दूसरे दिन दिल्ली प्रवास पर डॉ. पूनिया ने भारत की मोदी सरकार के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री, स्वतंत्र प्रभार मंत्री एवं राज्यमंत्रियों से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें नवीन दायित्व की शुभकामनाएं दी। डॉ. सतीश पूनिया ने केंद्र की मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर से आत्मीय मुलाकात कर नई जिम्मेदारी की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात कर सतीश पूनिया ने उन्हें मध्यप्रदेश लोकसभा चुनाव में भाजपा की शानदार विजय की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं डॉ. सतीश पूनिया ने मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव, कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुनराम मेघवाल, राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी से भी आत्मीय मुलाकात कर सभी को नवीन दायित्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।


# भारतीय सेना के टी.ई.एस.-52 भर्ती के लिए सिर्फ पुरुषों से आवेदन को चुनौती

**जयपुर**, (का.सं.)। भारतीय सेना की ओर से तकनीकी शाखा टीईएस-52 में स्थाई कमीशन के लिए सिर्फ पुरुषों के आवेदन मांगने को राजस्थान हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सोमवार को मामले की सुनवाई से इनकार करते हुए इसे एकलपीठ में सुनवाई के लिए भेज दिया है। जस्टिस शुभा मेहता और जस्टिस प्रवीर भटनागर की अवकाशकालीन विशेष खंडपीठ ने यह आदेश अक्षिता शर्मा की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता ओमप्रकाश श्योराण ने बताया कि भारतीय सेना ने गत दिनों तकनीकी शाखा टीईएस-52 में स्थाई कमीशन के लिए सीनियर सैकण्डरी लेवल की भर्ती निकाली। जिसमें सिर्फ अविवाहित पुरुषों से ही आवेदन मांगे गए। सफल अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण अगले जनवरी माह से शुरू हो रहा है। याचिका में कहा गया कि यह भर्ती विज्ञापन समानता के अधिकार के खिलाफ है। एयर फोर्स, नेवी और आर्मी में महिलाओं को स्थाई कमीशन दिया जाता है, सिर्फ टीईएस-52 को ही इससे अलग रखा गया है। जबकि संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत लैंगिक आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। इसके अलावा यह भर्ती विज्ञापन अनुच्छेद 19 के तहत आजीविका चुनने के अधिकार का भी हनन कर रहा है।

वहीं इससे गरिमापूर्ण जीवन जीने के अधिकार भी प्रभावित हो रहे हैं। याचिका में गुहार की गई है कि भारतीय सेना को निर्देश दिए जाए कि वह इस भर्ती विज्ञापन को वापस ले और चयन प्रक्रिया को रद्द करे। इसका विरोध करते हुए केन्द्र सरकार की ओर से कहा गया कि याचिका में जो बिंदु उठाए गए हैं, उनकी सुनवाई का अधिकार एकलपीठ को है।

याचिका में किसी कानूनी अनियमिता को चुनौती नहीं दी गई है। ऐसे में मामले को एकलपीठ के समक्ष भेजा जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने प्रकरण को सुनवाई के लिए एकलपीठ के समक्ष भेज दिया है।



# कुख्यात तस्कर मांगीलाल के सरकारी जमीन पर किये अतिक्रमण को तोड़ा

## तस्कर मांगीलाल ने दो करोड़ रुपये की सरकारी जमीन पर कब्जा कर रखा था

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के बज्जु थाना क्षेत्र में कुख्यात तस्कर मांगीलाल की सरकारी जमीन पर किये गये अतिक्रमण को सोमवार को पुलिस ने बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया। कब्जे वाली जमीन करीब दो करोड़ रुपये की थी जिस पर मांगीलाल ने कब्जा कर रखा था। तस्कर ने यहां अवैध मकान बना रखा था। पुलिस अधीक्षक जेस्विनी गौतम के निर्देशन में कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

एसपी तेस्विनी गौतम ने बताया कि बज्जु कस्बे के धोराबास में मांगीलाल पुत्र नारायणराम का करीब दो बीघा भूमि में मकान बना हुआ था। पुलिस ने जमीन को सरकारी बताते हुये यहां बने घर को पूरी तरह तोड़ दिया, जेसीबी मशीन के सहयोग से कच्चे व पक्के दोनों निर्माण ध्वस्त कर दिये। कार्रवाई को लेकर भारी पुलिस जाब्ता पहले बज्जु थाना पहुंचा, तब तक किसी को भनक नहीं थी। पुलिस रेंज आईजी ओमप्रकाश, पुलिस अधीक्षक तेस्विनी गौतम के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्यारेलाल शिवराज के सुपरविजन में उपखंड अधिकारी, तहसीलदार बज्जु व वृत्ताधिकारी कोलायत संग्राम सिह की मौजूदगी में इस कब्जे को तोड़ा गया। इस कार्रवाई में कोलायत, बज्जु, रणीजतपुरा, गजनेर व हदा पुलिस थाने का जाब्ता तैनात रहा। बताया जा रहा है मांगीलाल मूल रुप से फलोदी जिले के राणेरी का रहने वाला है व लम्बे समय से वो बीकानेर के बज्जु थाना क्षेत्र में रहता है। बज्जु खालसा के धोरा बास में उसने कुछ समय पहले ही सरकारी जमीन में मकान बनाया था। ऐसे में पुलिस ने इसे तोड़ दिया।

पुलिस ने इससे पहले भी तीन बदमाशों के निर्माण पर जेसीबी चला चुकी है, जिसमें हिस्टीशीटर व हार्डकोर तस्कर सत्तार खान, हिस्ट्रीशीटर सीताराम कस्वा व हिस्ट्रीशीटर महेन्द्र बिश्नोई के निर्माण को भी ध्वस्त कर चुकी है।

- **कार्रवाई के दौरान छह पुलिस थानों का जाब्ता सहित पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे**

# 16 दिन बाद भी वनकर्मियों के हाथ नहीं लगा लेपर्ड

## वन विभाग की टीम ने माचिया पार्क और बाहर की तरफ लेपर्ड की तलाश शुरू की

**जोधपुर, (कासं)।** माचिया सफारी में काले हिरण का शिकार करने वाला लेपर्ड 16 दिन बाद भी वनकर्मियों की टीम के हाथ नहीं लगा है। वन विभाग की टीम ने सोमवार सुबह माचिया पार्क और बाहर की तरफ लेपर्ड की तलाश वापस शुरू की। इस दौरान लेपर्ड तीन बार नजर आया लेकिन घनी झाड़ियों के बीच ओझल हो गया।

दूसरी तरफ लेपर्ड द्वारा लगातार आंख-मिचौली का खेल करने के उपाय के तौर पर माचिया पार्क की दीवारों को भी ऊंचा किया जा रहा है, ताकि लेपर्ड न घुस पाए। इसके साथ ही पार्क से निकलने वाले सभी बरसाती नालों को जालियों से पैक किया जा रहा है।

वन विभाग के ट्रैकुलाइजर बंशीलाल ने बताया किलेपर्ड कई बार टीम को नजर आया है लेकिन घनी झाड़ी होने से उसे ट्रैकुलाइज नहीं किया जा सका। इसके साथ ही वन विभाग की टीम लेपर्ड के पगमार्क के आधार पर उसका पीछा करने की कोशिश कर रही है। पहाड़ी क्षेत्र होने से कुछ दूरी के बाद उसके पगमार्क नहीं मिल रहे है। माचिया के पास ही लेपर्ड को पानी व भोजन आसानी से मिल रहा है। ऐसे में वह रात को शिकार करने निकल रहा है और दिन में किसी सुरक्षित जगह पर छुप जाता है।

- **लेपर्ड तीन बार नजर आया लेकिन घनी झाड़ियों के बीच ओझल हो गया**

# हरियाणा से अवैध रूप से लाया जा रहा तीन हजार लीटर डीजल जब्त

## डीजल से भरी पिकअप गाड़ी को जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार किया

**खेतड़ी, (निसं)।** खेतड़ी पुलिस ने अवैध रूप से लाए जा रहे डीजल के खिलाफ कार्रवाई करते हुए देर रात को डीजल से भरी पिकअप गाड़ी को जब्त किया है। इस दौरान पुलिस ने गाडी ड्राइवर को गिरफ्तार कर करीब तीन हजार लीटर डीजल जब्त किया है।

डीएसपी जुल्फीकार अली ने बताया कि सीकर रेंज आईजी के निर्देश पर क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस को देर शाम को सूचना मिली कि हरियाणा क्षेत्र तेल की अवैध रूप से तस्करी की जा रही है। तेल की तस्करी रोकने के लिए एसपी प्रवीण कुमार नायक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन कर क्षेत्र में नाकाबंदी की गई। जब पुलिस की टीम गश्त के दौरान लालगढ़ पहुंची तो सामने से एक पिकअप टैंकर आता हुआ नजर आया। इस दौरान पुलिस की टीम ने गाड़ी ड्राइवर को इशारा देकर रुकवाया। जब उससे नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम दीनाराम निवासी खेड़ी सालवा बताया। ड्राइवर से पिकअप गाड़ी पर लगे टैंकर के अंदर सामान की जानकारी ली तो उसमें हरियाणा से अवैध रूप से लाया गया डीजल भरा हुआ होना बताया। इस संबंध में पुलिस की टीम ने गाड़ी में भरकर लाए डीजल के बारे में पूछताछ की तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया, जिस पर पुलिस ने अवैध रूप से तस्करी करने के मामले में ड्राइवर दीनाराम को गिरफ्तार कर डीजल से भरी पिकअप गाड़ी को जब्त कर लिया। इस दौरान पुलिस ने गाड़ी ड्राइवर के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।



खेतड़ी पुलिस ने अवैध डीजल से भरी पिकअप गाड़ी जब्त की।

जानकारी के अनुसार खेतड़ी का क्षेत्र हरियाणा सीमा से सटा होने के कारण भारी मात्रा में तेल का आवागमन किया जा रहा है। हरियाणा में तेल सस्ता होने के कारण अवैध गतिविधियों में शामिल लोग हरियाणा से अवैध रूप से तेल लाकर क्षेत्र में सप्लाई कर रहे हैं तथा मोटी रकम वसूल रहे हैं। जिसके चलते प्रदेश को राजस्व का नुकसान भी हो रहा है।

डीएसपी ने बताया कि अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने को लेकर पुलिस की ओर से प्रभावी कार्रवाई की जा रही है तथा कोई भी व्यक्ति संदिग्ध गतिविधियों में शामिल पाया गया तो सख्ती से निपटा जाएगा।

# करोड़ों की हेरोइन सहित तीन गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए आई तीन किलो हेरोइन के साथ पुलिस व एसओजी की टीम ने तीन तस्करों को पकड़ा है। यह कार्रवाई रविवार तड़के तीन बजे के आसपास की गई। पकड़े गए तस्करों में दो बॉर्डर क्षेत्र के गांवों के हैं, जबकि एक पंजाब का है जो हेरोइन की डिलीवरी लेने आया था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पकड़ी गई हेरोइन की कीमत 15 करोड़ रुपए बताई गई है। पुलिस अधीक्षक रमेश मौर्य ने बताया कि रायसिंहनगर क्षेत्र के सीमावर्ती गांव 75 एनपी के पास दलवीर सिंह उर्फ काला पुत्र गुरमेल सिंह जट सिख व नरेश कुमार पुत्र इन्द्राज मेघवाल को पुलिस व एसओजी ने पकड़ा। मोटरसाइकिल पर सवार यह दोनों युवक पंजाब से आए तस्कर को हेरोइन की डिलीवरी देने जा रहे थे। इनकी निशानदेही पर पंजाब के बठिंडा जिले के तलवंडी साबो से आए तस्कर गुरकरण सिंह पुत्र भगवा सिंह बाजीगर को लग्जरी कार के साथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए स्थानीय तस्करों में दलवीर सिंह बॉर्डर के गांव 79 एनपी का तथा नरेश कुमार 16 जीएम ढाणी का है। यह दोनों हाल ही पंजाब के ड्रग माफिया के संपर्क में आए थे।

# मसूदा क्षेत्र में फिर नजर आए तीन लेपर्ड

## ग्रामीणों में दहशत फैली, वन विभाग की टीम से पिंजरा लगाने की मांग की

**अजमेर, (कासं)।** संयुक्त अजमेर संभाग के ब्यावर जिले के मसूदा क्षेत्र में एक बार फिर लैपर्ड का कुनबा ग्रामीणों को नजर आया। लेपर्ड का लगातार मूवमेंट जारी है। ग्राम पंचायत झाक के गांव मात का बाड़िया के पास खदान में तीन लेपर्ड देखे गए। ग्रामीणों ने इनका वीडियो भी बनाया। एक साथ तीन लेपर्ड दिखने पर ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। उन्होंने वन विभाग से पिंजरा लगाने की मांग की है। यहां उल्लेखनीय है कि बीते दिनों भी वन विभाग के पिंजरे में दो लेपर्ड कैद हुए थे।

ब्यावर जिले के मसूदा के ग्राम पंचायत झाक के ग्राम नाड़ी के उपसरपंच मुल्तान काठात ने बताया कि गांव मात का बाड़िया के पास एक खदान पर तीन लेपर्ड देखे गए हैं। खदान में बने गड्ढों में भरे पानी पीने के लिए लेपर्ड की लगातार आवाजाही बनी है। खदान के पास ही गांव हैं और ऐसे में ग्रामीणों दहशत का माहौल व्याप्त हो गया है, क्योंकि लेपर्ड ने विगत दोनों मवेशियों को अपना शिकार बनाया था। वन विभाग द्वारा पिंजरा लगाकर पूर्व में दो लेपर्ड पकड़ा जा चुका है। खदान के पास तीन लेपर्ड दिखने पर ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाया लिया। लेपर्ड के कारण ग्रामीणों को अब यहां से गुजरने में डरने लग रहा है। ग्रामीणों का कहना रहा कि लेपर्ड देखने की सूचना सूचना वन विभाग को दे दी है। उन्होंने पिंजरा लगाने की मांग भी की है।

उल्लेखनीय है कि ब्यावर जिले के मसूदा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नाडी के ग्राम गोवलिया में गत दिनों एक लेपर्ड पिंजरे में कैद हुआ था, करीब पन्द्रह दिन पहले भी ग्राम गोवलिया के समीप स्थित एक माइंस पर दो वर्षीय मादा लेपर्ड पिंजरे में कैद हुई थी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कैद दोनों लेपर्ड को रेस्क्यू कर टॉडगढ़ रावली वन जीव अभ्यारण्य में सुरक्षित छोड़ दिया था।

- **बीते दिनों भी वन विभाग के पिंजरे में दो लेपर्ड कैद हुए थे**

# जेल में मोबाइल व सामान मिला

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर केन्द्रीय कारागृह में पिछे से अज्ञात बदमाश ने तीन पार्सल फेंके, जिन्हें सुरक्षा प्रहरी ने जब्त किए। पार्सल मे मोबाईल व सामान था। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार सांय उदयपुर केन्द्रीय कारागृह के पीछे से अज्ञात व्यक्ति ने तीन पार्सल फेंके। इस दौरान उच्च सुरक्षा वार्ड की छत पर जेमर के समीप गश्त कर रहे प्रहरी राम कुमार की निगाह पड़ने पर पार्सल जब्त किए। तलाशी ली तो एक पार्सल में मोबाईल, बेटरी, चार्जर, डाटा केबल, लाईटर मिला। एक अन्य पैकेट में सिगरेट, लाईटर, तम्बाखू के पांच पैकेट थे। इस पर मोहन मीणा केन्द्रीय कारागृह अधीक्षक की रिपोर्ट पर कांस्टेबल राज कुमार प्रहरी ने पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

वहीं शहर के उदियापोल स्थित केन्द्रीय कारागृह में प्रहरी ने बंदी से गुटखा व मादक पदार्थ बरामद किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उदयपुर सेन्ट्रल जैल में गश्ती करने के दौरान प्रहरी सत्येक कुमार पुत्र रूपसिंह गुर्जर निवासी गहनोली रोड़ भरतपुर ने सूरजपोल पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि नौ जून सांय गश्त के दौरान बंदी मोहम्मद वाजिद एकांत में खड्डे की तरफ से सामान लेकर आ रहा था, जिसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे में 18 बंडल बीडी, 3 पैकेट रजनीगंधा, 2 पैकेट तुलसी तम्बाखू, 12 मुनक्का तथा 12 चूने की ट्यूब पाई गई।

# हादसे में युवक की मौत

**उदयपुर, (कासं)।** अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल स्कूटी सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के सूरजपोल थाना क्षैत्र पुराना इण्डियन ऑयल पेट्रोल पंप के समीप रविवार रात में अज्ञात वाहन ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी चालक माछला मगरा निवासी कांतिलाल (35) पुत्र हेमराज जैन गंभीर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उसकी मौत हो गई। कांतिलाल बेटरी का काम करता था एवं रात में अपनी दुकान से वापस स्कूटी पर घर लौट रहा था, जहां बीच रास्ते हादसा हो गया। सूचना मिलने पर एएसआई तेजसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# श्रीगंगानगर में भामाशाहों की पहली पसंद बने सरकारी स्कूल

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** किसी जमाने में पढ़ाई के लिए बरगद के पेड़ के नीचे चलने वाले सरकारी स्कूल बदलते दौर के साथ-साथ पढ़ाई, संसाधनों और भवनों के मामले में निजी स्कूलों को टक्कर दे रहे हैं। जिले के साथ-साथ प्रदेश भर के इन स्कूलों की दशा सुधारने के लिए जहां एक तरफ राज्य सरकार अपने स्तर पर बजट मुहैया तो करवा रही है। वहीं दूसरी ओर समाज के दानी भामाशाह भी स्कूलों की कायाकल्प का बीड़ा उठाए हुए हैं। जिले के करीब प्रत्येक स्कूल में भामाशाहों ने कुछ न कुछ राशि जरूर दान की है। स्कूलों में पांच साल में करोड़ों रुपए दान हो चुके हैं।

विद्यालय के प्राचार्य तरुण गुप्ता का कहना है कि जिला मुख्यालय पर इंदिरा चौक पर स्थित महात्मा गांधी अंग्रेजी मीडियम स्कूल की हालत बहुत ज्यादा खराब थी। इसमें आठ कमरों तथा एक बड़े हॉल का निर्माण अशोक चांडक के सहयोग से करवाया गया था। सरकारी स्कूलों में दान देने वालों में जिला मुख्यालय पर समाजसेवी अशोक चांडक, सूरतगढ़ के इंद्र कुमार कोठारी, डूंगरसिंहपुरा के सोहन लाल सहारण, श्रीविजयनगर के महावीर प्रसाद मिढ्ढ़ा, दीपक कुमार और प्रेम नागपाल को शिक्षाभूषण सम्मान से नवाजा गया है। रघुनाथपुरा के प्रधानाचार्य रामकुमार साहू, 5 आर.एम. के प्रधानाध्यापक लेख राम व श्रीविजयनगर के नरेंद्र कुमार को राज्य स्तर पर प्रेरक के रूप में सम्मानित किया जा चुका है।

भूपेश शर्मा, जिला समन्वयक, विद्यार्थी परामर्श केंद्र, श्रीगंगानगर ने बताया कि विभाग की बहुत सी योजनाओं का लाभ केवल सरकारी स्कूलों में पढ़ाई पर ही मिलता है। बढ़ती सुविधाओं और संसाधनों के कारण इन स्कूलों के बहुत से विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं में 90 फीसदी से ज्यादा अंक प्राप्त कर रहे हैं। एमजीएसएस शुरू होने के बाद तो बच्चों के पास दोनों माध्यम के विकल्प उपलब्ध हैं।

गिरजेशकांत शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी,मुख्यालय,श्रीगंगानगर का कहना है कि भामाशाह अपने अपने स्तर पर राशि खर्च कर स्कूलों में काम करवा रहे हैं। इससे स्कूलों की स्थिति में काफी सुधार हुआ है। जिलेभर के स्कूल ज्ञान संकल्प पोर्टल पर देश-विदेश के किसी भी कोने से दान प्राप्त कर रहे हैं। इस योजना में दान करने वालों को टैक्स में भी छूट मिलती है।

# युवक से मारपीट कर कीमती सामान छीना

**बीकानेर, (निसं)।** गंगाशहर में पुराने बस स्टैंड के पास एक युवक को जबरन उठाकर ले जाने और उसके साथ हथियारों से मारपीट करने व कीमती सामान छीनने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो नामजद सहित अन्य जनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, परिवादी 25 वर्षीय चौधरी कॉलोनी निवासी गजेन्द्र सोनी पुत्र पूनमचंद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गौरीशंकर सोनी, भैरू सोनी व तीन अन्य जने बाइक पर आए और मुझे रास्ते में रोककर मारपीट कर जबरदस्ती अपने साथ जैन स्कूल के पास बजरी की खानों में ले गए, जहां आरोपियों ने मेरे पर चाकू व अन्य धारदार हथियार से हमला किया तथा गले से सोने की चैन व दस हजार रुपए छीन कर ले गए। मामले की जांच हैड कांस्टेबल सहीराम को सौंपी गई है।


**RajCOMP Info Services Limited (RISL)**
C-Block, 1st Floor, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur.

RISL द्वारा निम्न ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है–

| NIB No./ Date/ Unique bid no. | Particulars | Estimated Cost/EMD | Start of sale /Last date |
|---|---|---|---|
| 2050/07.06.24 (RIS2425WSOB00018) | Request for Proposal (RFP) for Establishment of RCAT Center at Ajmer Zonal HQ | Rs.1.70 Cr. Rs. 3.40 Lakh | 20.06.2024 03.07.2024 |

विस्तृत जानकारी हेतु इन वेबसाईट पर सम्पर्क करें– http://risl.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, http://doitc.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in.
Raj.Samwad/C/24/448 EE (Electrical), DoIT&C

**कार्यालय नगरपरिषद् चूरू (राजस्थान)**
क्रमांकः एफ.27( )( ) पूल शाखा/2024–25/7855810 दिनांक : 07.06.2024
**ई-निविदा सूचना 01 वर्ष 2024-25**
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगरपरिषद्, द्वारा कार्य की निविदा आईडी नम्बर **DLB2425A0064** आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.raj.nic.in पर तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगरपरिषद चूरू के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकता है।
**UBN No. DLB2425SLOB00146**
राज.संवाद/सी/24/401 आयुक्त, नगर परिषद चूरू

**THE RAJASTHAN SMALL INDUSTRIES CORPORATION LTD.**
(A Government of Rajasthan Undertaking) Udyog Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur, Phone : 0141-2227079 Email: rajsico@rajasthan.gov.in
Website: industries.rajasthan.gov.in/rsicl
**Notice Inviting Bids**
**NIB No. 1/2024-25**
Bids for 'SELECTION OF SALE PROMOTER FOR SALE OF RAJASTHANI HANDMADE & HANDICRAFT PRODUCTS AT RAJSTHALI JAIPUR ON PUBLIC PRIVATE PARTNERSHIP BASIS' are invited from interested bidders up to 27.6.2024 till 1 PM. Other particulars of the bid may be visited on procurement portal **(http://eproc.rajasthan.gov.in, htpp://sppp.rajasthan.gov.in)** of the state and RAJSICO website. The approximate value of the procurement is Rs 2 Crore. **NIB Code RSI2425A0002**
Raj.Samwad/C/24/431 Managing Director


# 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित रोटरी प्रतिक्षालय अनदेखी से कबाड़ बना

## रोटरी परिवार के सदस्यों ने भामाशाओं को प्रेरित कर 25 लाख की राशि जुटा कर अस्पताल परिसर में रोटरी प्रतीक्षालय का निर्माण करवाया था

**मालपुरा, (निसं)।** राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले रोगी व परिजनों के साथ-साथ आमजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को सुविधा मुहैया करवाये जाने के उद्देश्य को लेकर रोटरी क्लब मालपुरा सिटी द्वारा जनसहयोग से जुटाये 25 लाख रूपये की लागत से निर्मित रोटरी प्रतीक्षालय आज अस्पताल प्रशासन की उदासीनता के चलते कबाड़ में तब्दील हो गया है।

विधानसभा क्षेत्र के एकमात्र व सबसे बड़े मालपुरा के सरकारी अस्पताल में बढ़ती मरीजों की संख्या के साथ-साथ परिजनों व आमजन को ठण्डी छांव में बैठकर दो पल सकुन के बिताने तथा परिजनों द्वारा परिजनों को सुविधा मुहैया करवाने के उद्देश्य से रोटरी परिवार के सदस्यों ने भामाशाओं को प्रेरित कर 25 लाख रूपये की राशि जुटा अस्पताल परिसर में रोटरी प्रतीक्षालय का निर्माण करवाया था। निर्माण के पश्चात अमजन को बैठने के लिये दो दर्जन से अधिक सिमेंट की कुर्सीयां व पंखे लगवाये गये थे, जिनकी देखरेख का जिम्मा अस्पताल प्रशासन को दिया गया था। वर्ष 2014 में प्रतीक्षालय का शिलान्यास व 2021 में राज्यपाल कलराज मिश्र के हाथों प्रतिक्षालय का र्व्चूव्ल लोकार्पण कर जनसेवा के लिये समर्पित किया गया था। लोकार्पण समारोह में मौजूद हजारों नागरिकों ने रोटरी परिवार के इस पुनित कार्य को सराहनीय कदम बताया था।




मालपुरा के सरकारी अस्पताल परिसर में रोटरी प्रतीक्षालय कबाड़ बना हुआ है।


सेवा का संकल्प मन में लिये रोटरी क्लब मालपुरा ग्रीन ने अस्पताल प्रशासन के सहयोग मे दो कदम आगे बढ़ाते हुये अस्पताल में वाटर कुलर, दो ए. सी. व सौर ऊर्जा सौलर प्लांट भी लगवाया गया। अस्पताल में सहयोग के लिये भामाशाहों द्वारा किये गये सहयोग व दी गई राशि से भेंट किये गये संसाधनों का अस्पताल प्रशासन द्वारा रखरखाव नहीं किये जाने से वाटर कूलर जैसी मूलभूत मशीनरी लम्बे समय से बंद पड़ी है। प्रतीक्षालय में लगाई गई कुर्सीयां टूटकर कबाड़ बन गई तो पंखे भी अनदेखी से कबाड़ हो गये। इतना ही नहीं अस्पताल प्रशासन की अनदेखी के कारण परिसर में निर्माण कार्य करवा रहे ठेकेदार ने प्रतीक्षालय को सिमेंट के कट्टों से भर अपना गोदाम बना लिया।

प्रतीक्षालय के सामने बिलायती बबूल व गंदगी फैलने से आवारा पशु अब प्रतीक्षालय के बरामदे में गंदगी कर रहे हैं। क्लब अध्यक्ष विमल कुमार जैन, पवन जैन संगम, भागचन्द जैन, अमित विजय, राकेश जैन नेवटा, अरूण काबरा, सीताराम स्वामी आदि ने एसडीएम अमित चौधरी को राज्यपाल व मुख्यमंत्री सहित केबिनेट मंत्री व स्थानीय विधायक के नाम ज्ञापन सौंप अस्पताल परिसर में प्रतीक्षालय सहित नकारा हुई अन्य मशीनरी को सही करवाने की मांग की।

अस्पताल प्रभारी डॉ. कैलाश साम्भरिया ने बताया कि प्रतीक्षालय के बरामदे में सिमेंट का स्टॉक करने की मिली सूचना पर सम्बन्धित ठेकेदार को नोटिस जारी कर तत्काल खाली करने के आदेश दिये गये हैं। बार-बार बुलाने के बावजूद ठेकेदार कार्यालय मे उपस्थित नहीं हो रहा है।

- **परिसर में निर्माण कार्य करवा रहे ठेकेदार ने प्रतीक्षालय को सिमेंट के कट्टों से भर अपना गोदाम बना लिया**
- **रोटरी ग्रीन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप अस्पताल परिसर में प्रतीक्षालय सहित नकारा हुई अन्य मशीनरी को सही करवाने की मांग की**


**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**
CAD सर्किल के पास कोटा
फोन नं. 0744-2500539, वेबसाइट : Lsg.rajasthan.gov.in/uitkota
एफ 11/नीलामी/2024/1521 दिनांक 07.06.2024
**ई-ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का अवसर**
प्राधिकरण द्वारा ई-ऑक्शन के माध्यम से प. मदन मोहन मालवीय फार्म हाउस योजना में खेड़ा जगपुरा में चार्जिंग स्टेशन/पेट्रोल पम्प हेतु भूखंड को नीलाम किया जा रहा है। जो कि एन.एच. 12 पर स्थित है तथा प्राधिकरण की नव विकसित फार्म हाउस योजना, आर.टी.ओ. ऑफिस, रीको संस्थान व औद्योगिक क्षेत्र एवं आवासीय योजनाओं के समीप स्थित है। ई-ऑक्शन का आरम्भ दिनांक 01.07.2024 प्रात: 11.00 बजे से शुरु होगा तथा दिनांक 03.07.2024 को दोपहर 02.00 बजे समाप्त हो जायेगा (अन्तिम 5 मिनट में स्वत: बोली विस्तार नहीं होने की स्थिति में) नियम/शर्तें एवं अन्य जानकारी Lsg.rajasthan.gov.in/uitkota एवं udhonline.rajasthan.gov.in कार्यालय समय में न्यास में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है। दूरभाष 0744-2500539/ (Helpline For Online Support-01412560211) पर सम्पर्क करें।
**पं. मदन मोहन मालवीय फार्म हाउस योजना खेड़ा जगपुरा में चार्जिंग स्टेशन/पेट्रोल पम्प हेतु भूखंड**
क्षेत्रफल :- 1600 वर्गमीटर
प्रारम्भिक नीलामी दर-30000/-प्र.व.मी.
आरक्षित दर-3500/-प्रति वर्गमीटर
धरोहर राशि-960000/-




सचिव

# पोल खुली तो रातोंरात 'कारपेट घास' बिछाकर हरा-भरा कर दिया बगीचा

## हैरिटेज नगर निगम मुख्यालय में बने बगीचे को संवारने का 16 लाख रु. ठेका 9 माह पहले मैसर्स नईनाथ को करीब 18 प्रतिशत अधिक रेट पर दिया गया था, ठेकेदार बिना काम किए ही भुगतान उठाने की तैयारी में था

-कार्यालय संवाददाता-


**जयपुर** । हैरिटेज नगर निगम की उद्यान शाखा की पोल खुली तो मुख्यालय भवन का 10 माह से बंजर पड़ा बगीचा मात्र 3 दिन में हरा-भरा कर दिया गया। जबकि पिछले 9 माह से ठेकेदार फर्म मैसर्स नईनाथ ने वर्क ऑर्डर लेने के बावजूद इस बगीचे के काम को लटकाए रखा था, ताकि अपनी रखरखाव लागत (मैंटीनेंस कॉस्ट) बचा सके।

सूत्रों की मानें तो हैरिटेज नगर निगम मुख्यालय में बने एक बगीचे को संवारने का 16 लाख रु. ठेका 9 माह पहले (सितंबर-अक्टूबर 2023 में) मैसर्स नईनाथ को दिया गया था। यह टैंडर करीब 16 से 18 प्रतिशत अधिक दर पर ठेकेदार को दिया गया, जो कि करीब 18.50 लाख रु. से ज्यादा का था। ठेकेदार हंसराज मीणा ने वर्कऑर्डर लेने के बावजूद भी पार्क में घास, पेड़-पौधे लगाने और इसके रखरखाव का काम शुरू नहीं किया। जबकि यह कार्य गत वर्ष ही शुरू हो जाना था।

सूत्रों का कहना है कि ठेकेदार की इस लापरवाही के बावजूद उद्यान निरीक्षक छाजूराम ने ना तो फर्म मैसर्स नईनाथ को कोई नोटिस दिया और ना ही उस पर पेनल्टी लगाने अथवा ब्लैकलिस्टेड करने की कार्रवाई की। अधिकारियों की इस मेहरबानी का नतीजा यह हुआ कि ठेकेदार लगातार लापरवाही बरतता गया, हालात इतने बिगड़ गए कि इस गार्डन की दीवार तक टूट गई। मानसून का मौसम सिर पर था और यहां उजड़ी हुई घास व नंगे पड़े बिजली के तार सरकारी सिस्टम की पोल खोलने लगे। कहने को तो यह पार्क निगम मुख्यालय के कार्मिकों और यहां आने वाले आमजन के सुकून के लिए था, लेकिन इसका दृश्य किसी डरावनी फिल्म की लोकेशन जैसा ही नजर आ रहा था।




**हैरिटेज निगम मुख्यालय के उजड़े हुए बगीचे में हरियाली दिखाने के लिए सोमवार सुबह 'कारपेट घास' लगाने का काम चलता रहा।**




**हैरिटेज नगर निगम के क्षेत्राधिकार में स्थित जनता कॉलोनी के पार्क में खराब पड़ा फाउंटेन, जिसमें कचरा जमा पड़ा है।**

- **वर्क ऑर्डर के बावजूद ठेकेदार हंसराज मीणा द्वारा काम नहीं करने पर उद्यान निरीक्षक छाजूराम ने ना तो उसे कोई नोटिस दिया और ना ही ब्लैकलिस्टेड करने की कार्रवाई की**
- **अब उद्यान शाखा के अफसरों और ठेकेदार की पोल खुली और आयुक्त ने इस प्रकरण की रिपोर्ट मांगी तो ठेकेदार ने शनिवार-रविवार और सोमवार को काम चलाकर बगीचे में 'कारपेट घास' बिछा डाली**
- **निगम प्रशासन ने पार्कों में फाउंटेन संचालन का करीब 1.25 करोड़ रु. का ठेका मैसर्स सुरेश जसवाल व मैसर्स हजारीलाल को दिया था, लेकिन शहर में 80 फीसदी से ज्यादा पार्कों में फाउंटेन बंद पड़े हैं, इसके बावजूद दोनों फर्मों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई**

इस गार्डन में खुले पड़े बिजली के तारों की जिम्मेदारी उद्यान शाखा के अफसर अब विद्युत शाखा पर डाल रहे है।

3 दिन पहले जैसे ही इस पार्क की बदहाली की पोल समाचार पत्रों में खुली तो उद्यान शाखा के अधिकारियों और ठेकेदार फर्म की नींद टूटी। शनिवार-रविवार और सोमवार को तीन दिन धड़ाधड़ काम चलाकर पार्क में आनन-फानन में हरियाली दिखाने के लिए "कारपेट घास" लगा दी गई। बताया जा रहा है कि इस प्रकरण की हैरिटेज नगर निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने भी रिपोर्ट मांगी है। अब उद्यान शाखा के अफसरों से इस बारे में जवाब देते नहीं बन रहा कि आखिर पिछले 9 माह से ठेकेदार ने जब पार्क का काम शुरू नहीं किया तो उस पर क्या कार्रवाई की गई?

ज्ञात रहे कि हैरिटेज नगर निगम के पास जयपुर शहर में 250 से ज्यादा उद्यानों को संवारने की जिम्मेदारी है। इसके लिए हर साल बाकायदा करोड़ों रुपये के टैंडर जारी करके उद्यान शाखा पेड़-पौधे, घास लगाने, पार्कों में फाउंटेन संचालन और अन्य सिविल वर्क, ट्री गार्ड व पार्कों में बैंच लगाने के कार्य करवाने का दावा करती है। जमीनी हकीकत यह है कि अधिकांश पार्कों में रखरखाव के अभाव में पेड़-पौधे सूख चुके हैं तो 80 फीसदी उद्यानों में फाउंटेन खराब पड़े हैं, जिनमें फव्वारे तक नहीं चल रहे है। इसके बावजूद लापरवाह फर्मों पर ना तो कार्रवाई की जा रही है और ना ही उन पर कोई पेनल्टी लगाई जा रही है।

सूत्रों की मानें तो हैरिटेज निगम ने पार्कों में फाउंटेन संचालन का ठेका करीब 1.25 करोड़ रु. में फर्म मैसर्स सुरेश जसवाल और मैसर्स हजारीलाल को दे रखा है, लेकिन अधिकांश पार्कों में फाउंटेन ही बंद पड़े हैं। यहां फाउंटेन में पानी चलने के बजाय इनमें कचरा भरा पड़ा हुआ है, लेकिन निगम अधिकारियों को यह खामियां नजर नहीं आती। सोमवार को जब जनता कॉलोनी के पार्क का मौका निरीक्षण किया गया तो यहां भी फाउंटेन काफी लम्बे समय से बंद मिला। स्थानीय लोगों ने बताया कि यहां फाउंटेन बनने के बाद सिर्फ कुछ दिन चला, अब कोई संभालने के लिए नहीं आता।

उद्यान उपायुक्त सरोज ढाका के पास राजस्व उपायुक्त का कार्यभार भी है, ऐसे में उद्यान निरीक्षक छाजूराम के पास ही इस पूरी विंग की जिम्मेदारी है, लेकिन ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे कामों की ना तो गुणवत्ता जांची जा रही है और ना ही उन पर कोई कार्रवाई की जा रही। हालांकि छाजूराम का तबादला स्वायत्त शासन विभाग ने गत 19 फरवरी को ही पाली निकाय में कर दिया था, इसके बावजूद हैरिटेज निगम प्रशासन ने उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया।

## सार-समाचार

### पेंशन और ग्रेच्यूटी के भुगतान की मांग



**जयपुर**, (का.सं.)। सरकारी विश्वविद्यालयों से जुड़े सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक एवं अशैक्षणिक कर्मी आज राजस्थान विश्वविद्यालय में एकत्रित हुए व विश्वविद्यालयों में पेंशन का दायित्व राज्य सरकार द्वारा लिये जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया व मुख्यमंत्री के नाम से एक ज्ञापन भी दिया। विश्वविद्यालय पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो.एच.एस.शर्मा ने इस अवसर पर राज्यभर से बड़ी संख्या में आए सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं अशैक्षणिक कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार विश्वविद्यालय कर्मियों के लिये वेतन तो दे रही है, लेकिन वेतन के ही प्रमुख भाग पेंशन और ग्रेच्यूटी का भुगतान नहीं कर रही है, पेंशन और ग्रेच्यूटी का भुगतान अभी तक तो विश्वविद्यालयों के संसाधनों से कर रहे थे, लेकिन अब विश्वविद्यालयें की आर्थिक स्थिति अत्यधिक चिंताजनक हो गयी है, व विश्वविद्यालयों के पास ऐसे आर्थिक संसाधन भी नहीं बचे हैं, जिनसे सेवानिवृत्त शिक्षकों व कर्मचारियों की पेंशन का भुगतान किया जा सके, कई विश्वविद्यालय में तो लंबे समय से पेंशनल का भुगतान नहीं हो रहा है, जिससे विश्वविद्यालय के शिक्षक वे कर्मचारी हर महीने प्रदर्शन और धरना करने को मजबूर हैं। प्रदर्शन से पहले एक बैठक भी अतिथिगृह में आयोजित की गई। बैठक में मोहनलाल विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो.दरियाव सिंह चूड़ावत, कृषि विश्वविद्यालय फैडरेशन के अध्यक्ष प्रो.जी.एन.परिहार, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालयके प्रो.एस.के.शर्मा, विश्वविद्यालय पेंशनर सोसाइटी के अध्यक्ष प्रो.रामनिवास शर्मा, सचिव डॉ. लोकेन्द्र सिंह शक्तावत, प्रो.सुभाष शर्मा, प्रो.जी.सी.टिक्कीवाल, बीकानेर कृषि विश्वविद्यालयके प्रो.आर.बी.एल.गुप्ता, राजस्थान विश्वविद्यालय पेंशन एसोसिएशन के प्रो.एन.के.लोहिया, प्रो.बी.के.शर्मा, प्रो. सोमदेव, डॉ.धन्नालाल, राजस्थान विश्वविद्यालय अशैक्षणिक कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष एस.सी.मण्डावरा सहित बड़ी संख्यास में शिक्षक और अशैक्षणिक कर्मी उपस्थित थे।

### केन्द्रीय मंत्रियों से मिले उपमुख्यमंत्री

**जयपुर**, (का.सं.)। उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा ने नवनियुक्त मंत्रिमंडल के सदस्यों गजेंद्र सिंह शेखावत ( केबिनेट मंत्री), भूपेन्द्र यादव (केबिनेट मंत्री), अर्जुन राम मेघालय(राज्य मंत्री), भगीरथ चौधरी (राज्य मंत्री) से मुलाक़ात की। उपमुख्यमंत्री ने शपथ ग्रहण करने पर मंत्रिमंडल सदस्यों को पुषगुच्छ भेंट कर बधाई और शुभकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मंत्रिमंडल में राजस्थान के चार सांसदों को प्रतिनिधित्व देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास की राहों पर आगे बढ़ विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करेगा।

### हाईटेंशन लाइन के समाधान का प्रयास

**जयपुर** । मंत्री और झोटवाड़ा से भाजपा विधायक कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में हाईटेंशन लाइन की समस्या के जल्द से जल्द समाधान हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ निरंतर वार्ता व विकास कार्यों एवं विभिन्न कार्ययोजनाओं के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर रहे हैं। कर्नल राठौड़ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में झोटवाड़ा परिवार की सुविधाओं को और बेहतर बनाने तथा आधुनिक व्यवस्थाओं के साथ सुसज्जित करने हेतु हम सदैव संकल्पित हैं।

# हमारी सरकार रिपीट होने का सभी को भरोसा था : गजेन्द्र सिंह शेखावत

**नई दिल्ली** । मोदी सरकार में लगातार तीसरी बार मंत्री बने जोधपुर से सांसद गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि सभी को हमारी सरकार रिपीट होने का भरोसा था, इसलिए सरकार का कार्यकाल खत्म होने के दौरान भी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हम सब वर्ष 2047 को रोडमैप और अगले 100 दिन का एजेंडा तय कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब सरकार रिपीट होने का भरोसा नहीं होता है तो राजनीतिक पार्टियों और अधिकारियों के बीच स्वर बदल जाते हैं, लेकिन हमारी सरकार के अधिकारियों को पूरा भरोसा था कि मोदी सरकार फिर रिपीट होने वाली है। इसलिए योजनाओं को धरातल पर उतारने को लेकर कोई भी कोताही नहीं बरती गई।

नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर मीडिया से रू-ब-रू होते हुए शेखावत ने कहा, एनडीए का कुनबा पिछले 10 वर्षों से संकल्पबद्ध होकर काम कर रहा है। अब इसका दायरा और बढ़ गया है। हम सभी एनडीए के कुनबे का आगे बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध हैं और देश की जनता ने इस कुनबे पर ऐतिहासिक भरोसा जताया है। इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। देश को आगे बढ़ाने और जनता की आकांक्षाओं पर खरे उतरने के लिए हम सब संकल्पबद्ध होकर काम करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पदभार ग्रहण करने के साथ ही किसान निधि की धनराशि आवंटित करने के फैसले को लेकर शेखावत ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा किसान निधि के अतिरिक्त जमीन की गुणवत्ता में सुधार, मार्केट रिफॉर्म से लेकर कई अन्य सुधार कृषि क्षेत्र के लिए किए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प कृषि क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन लाकर किसानों की आमदनी बढ़ाना है, किसान सम्मान निधि इसी का परिचायक है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हम सबको अपनी टीम का हिस्सा बनाया है, जो काफी सौभाग्यपूर्ण बात है। हम सब प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में विकसित भारत बनाने के लिए काम करेंगे, जिसको लेकर पूरी टीम संकल्पबद्ध है। उन्होंने एक बार फिर भरोसा जताने और अपनी टीम में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार भी जताया। राजस्थान में चुनाव परिणामों से जुड़े सवाल पर शेखावत ने कहा कि भाजपा में समीक्षा की परंपरा है।

# खेल मैदान के लिए 50 हजार वर्गमीटर भूमि दी

**जयपुर** । राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा सोमवार को ग्राम पंचायत रोजदा में खेल मैदान के लिए करीब 50 हजार वर्गमीटर भूमि का पट्टा जारी किया गया।

जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री महोदय द्वारा बजट घोषणा में स्वीकृत ग्राम पंचायत रोजदा में खेल मैदान तैयार करने की घोषणा की गई थी। इसको मूर्त रूप देने हेतु सोमवार को उपायुक्त जोन-12 ने 50 हजार वर्गमीटर (20 बीघा) भूमि का पट्टा जारी किया। उन्होंने बताया कि समाजसेवी उत्तम शर्मा एवं सरपंच आशा निठारवाल द्वारा मुख्यमंत्री एवं नगरीय विकास मंत्री व जेडीए का आभार व्यक्त किया।

# 15 साल पुराने कमर्शियल वाहन जब्त होंगे

## जे.डी.ए. आयुक्त की अध्यक्षता में ट्रेफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक में निर्णय

**जयपुर** । जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल की अध्यक्षता में सोमवार को ट्रेफिक कन्ट्रोल बोर्ड की बैठक हुई। शहर की यातायात व पार्किंग समस्या, अतिक्रमण, बी.आर.टी.एस. कॉरिडोर, 15 साल से पुराने कमर्शियल वाहनों को जब्त करने और 150 ईलेक्ट्रिक बसें खरीदने के मुद्दे पर चर्चा की गई।

बैठक में जयपुर कलक्टर, ग्रेटर व हैरिटेज निगम आयुक्त, डीसीपी ट्रेफिक, मेट्रो परियोजना, परिवहन विभाग, पुलिस विभाग, रोडवेज, जेडीए सचिव, स्मार्ट सिटी, ट्रेफिक पुलिस, जेसीटीएसएल, पीडब्ल्यूडी, पीएचईडी, जयपुर डिस्कॉम के अधिकारी व मुस्कान एनजीओ के प्रतिनिधि मौजूद थे।

बैठक में परिवहन विभाग को 15 वर्ष से अधिक पुराने कमर्शियल वाहनों को जब्त करने की कार्यवाही में गति लाने के लिए कहा गया। इस माह 400-500 से ज्यादा वाहनों को जब्त करने का लक्ष्य रखा है। बैठक में बताया गया कि बीआरटीएस कॉरिडोर की उपयोगित जांचने के लिए कंसलटेंसी एजेंसी को कार्यादेश जारी किया जायेगा।

- **कलेक्ट्री सर्किल पर अंडरग्राउंड पार्किंग का तकनीकी परीक्षण करवाने का निर्णय**
- **रामनिवास बाग भूमिगत पार्किंग से जयुपर परकोटे में लो-फ्लोर बसों का संचालन होगा**

जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लि. के निदेशक ने बताया कि लगभग 150 ई-बसें क्रय की जायेंगी, जिन्हें शहर के विभिन्न रूटों पर चलाया जायेगा। ट्रेफिक पुलिस ने शहर में लगभग 101 चौराहो-तिराहों पर पी-यू रोड फेंस स्थापित करवाये को कहा, ताकि वाहन चालकों को फ्री-लेफ्ट सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। बैठक में निर्णय लिया गया प्रथम चरण में 10 स्थानों पर पी-यू रोड फेंस स्थापित किये जायेंगे।

ट्रेफिक पुलिस को अभय कमांड व यातायात नियंत्रण कक्ष के लिए जमीन आवंटन व जब्तशुदा वाहन रखने के लिए जमीन आवंटन किया जायेगा। इसके लिए ट्रेफिक पुलिस की ओर से प्रस्ताव जेडीए को दिया जायेगा। जेडीए द्वारा कलेक्ट्री सर्किल पर अण्डरग्राउण्ड पार्किंग के लिए तकनीकी परीक्षण करवाया जायेगा। रामनिवास बाग जेडीए भूमिगत पार्किंग से चारदीवारी में शटल बस सर्विस शुरू करने के लिए जयपुर सिटी ट्रांसपोर्ट को कहा गया।

हैरिटेज नगर निगम ने बिना पार्किंग वाले 24 मैरिज गार्डनों को तथा निगम निगम ने 1 मैरिज गार्डन व अपंजीकृत 12 विवाहस्थलों को सस्पेंशन नोटिस देने की जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि मध्यम मार्ग एवं षिप्रापथ पर ट्रेफिक सिग्नल लगाये जाकर ट्रेफिक व्यवस्था को सुदृढ किया जायेगा। बोटल नेक के 15 चिन्हित स्थानों पर यातायात समस्या के निराकरण के लिए अन्य विभागों द्वारा ट्रेफिक पुलिस से समन्वय कर यातायात समस्या का निस्तारण किया जायेगा।

## दो अधिशाषी अभियंताओं को निलंबित किया

**जयपुर**, (का.सं.)। एसीबी द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग को लिखित सूचना देने के तत्काल बाद विभाग ने कार्यवाही करते हुए दोनों अधिशासी अभियंताओं को निलंबित किया। एक्सईएन लक्ष्मण सिंह हाल परियोजना निदेशक आरएसआरडीसी भरतपुर यूनिट एवं एक्सईएन सियाराम चंद्रावत हाल परियोजना निदेशक धौलपुर यूनिट को गिरफ्तार किए जाने की लिखित सूचना एसीबी से प्राप्त होते ही विभाग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दोनों को निलंबित कर दिया है।

## मुख्यमंत्री ने की केन्द्रीय मंत्रियों से शिष्टाचार भेंट

**नई दिल्ली/जयपुर**। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने नई दिल्ली में सोमवार को 17वीं लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला सहित कई केन्द्रीय मंत्रियों राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, गजेन्द्र सिंह शेखावत, भूपेन्द्र यादव, पीयूष गोयल, प्रहलाद जोशी और अर्जुन राम मेघवाल से उनके दिल्ली स्थित राजकीय निवास पर शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने ओम बिरला से संसद भवन में मुलाकात की।

# युवक की दिल्ली में हत्या करने वाले दंपत्ति समेत 4 गिरफ्तार

## दोस्ती के चंगुल में फंसाकर अवैध वसूली और हत्या करने वाला अंतर्राज्यीय गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा

**जयपुर** (कासं)। गलता गेट थाना पुलिस ने एक व्यवसायी की दिल्ली में हत्या करने के मामले में पति-पत्नी सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित महिला ने प्रेम जाल में फंसाकर व्यवसायी को दिल्ली मिलने बुलाया था और फिर अपने साथियों के साथ मिलकर बंधक बनाया। हाथ-पैर बंधे व्यवसायी की फोटो भेज कर परिजनों को भेजकर पचास लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। फिरौती की रकम नहीं मिलने पर हत्या कर लाश को गद्दे में बांधकर नाले में फेंक दी थी।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) राशि डोगरा डूडी ने बताया कि गलता गेट निवासी दिलीप सांवरिया की हत्या के मामले में आरोपी अंजली सोनी (21) पत्नी प्रदीप गोस्वामी निवासी घोसपुरा कॉलोनी ग्वालियर मध्य प्रदेश और पति प्रदीप (23) पुत्र रामसिंह निवासी गांव रिठोश कल्ला मुरैना मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। दोनों फिलहाल जयपुर के गलता गेट स्थित गणेश पुरी कॉलोनी के सत्यम मार्ग पर रह रहे थे। इनके साथी विजय (29) पुत्र हंसराज निवासी पावटा प्रागपुरा हाल जेजे कॉलोनी नांगली दिल्ली और संतोष कुमार (25) पुत्र शिवलाल निवासी चमोली उत्तराखंड हाल पिरागढी मिया पाली नगर दिल्ली को गिरफ्तार किया है। वहीं इस मामले में फरार दो आरोपियों की तलाश में पुलिस टीमें दबिश दे रही है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लाश ठिकाने लगाने में प्रयुक्त कार को जब्त कर ली है। इस संबंध में गलता गेट निवासी पीयूष सांवरिया ने 28 मई को पिता दिलीप सांवरिया (51) की गुमशुदगी दर्ज करवाई थी। शिकायत में बताया कि पिता दिलीप सांवरिया ई-रिक्शा की बैटरी का व्यवसाय करते हैं। 20 मई की रात फरीदाबाद जाने की कहकर निकले थे। सात दिन बीतने के बाद भी उसने सम्पर्क नहीं हो रहा है। 28 मई को सुबह उनके ही मोबाइल से व्हाट्सएप पर फोटो भेजी गई। इसमें उनके मुंह पर टेप और हाथ-पैर बंधे हुए हैं।



**गलता गेट थाना पुलिस ने युवक की हत्या करने वाले दंपत्ति समेत 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया।**

कॉल कर 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। इस पर पुलिस ने व्यवसायी दिलीप सांवरिया की मोबाइल की लोकेशन निकलवाई। लास्ट लोकेशन कानोता इलाके में अलग-अलग जगह की आई। लापता होने के दौरान की लोकेशन दिल्ली की भी मिली। कॉल डिटेल के आधार पर पता चला कि व्यवसायी दिलीप सांवरिया गलता गेट निवासी अंजली सोनी नाम की महिला से सम्पर्क में था। संदिग्ध अंजली की लोकेशन चेक करने पर दिल्ली की मिली। शक के आधार पर पुलिस ने जानकारी जुटाना शुरू किया। अंजली और ई-रिक्शा चलाने वाला उसका पति प्रदीप गायब मिले।

पुलिस जांच में सामने आया कि व्यवसायी और अंजली के बीच संबंध थे। व्यवसायी से अंजली ने करीब 30 हजार रुपए उधार भी ले रखे थे। पुलिस की एक टीम को दिल्ली भेजा गया। मोबाइल लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम ने करीब 4 दिन तक दिल्ली में लापता दिलीप सांवरिया की तलाश करते हुए एक फ्लैट चिह्नित किया। फ्लैट की तलाशी में पुलिस को दिलीप सांवरिया की हत्या के सबूत मिले।

- **आरोपियों ने युवक के हाथ-पैर बंधी फोटो उसके परिजनों को भेजकर 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। पैसे नहीं मिलने पर आरोपियों ने हत्या कर लाश को गद्दे में बांधकर नाले में फेंक दिया था।**

पुलिस को दिल्ली के 300 से अधिक सीसीटीवी खंगालने पर एक संदिग्ध कार दिखाई दी। फुटेज के आधार पर दिल्ली के सुल्तानपुरा माजरा स्थित सरकारी स्कूल के पास गंदे नाले में सर्च किया। जहां पुलिस को छह फीट ऊंची दीवार पर चढ़कर देखने पर नाले में गद्दों का बंडल पड़ा दिखाई दिया। नाले से बाहर निकालकर बंडल को खोला तो तकिए, प्लास्टिक के कट्टे, बेडशीट के साथ दिलीप सांवरिया की लाश लिपटी मिली। लाश के हाथ-पैर बंधे थे। मुंह पर टेप लगा था। पुलिस प्रथम दृष्टया जांच में गला घोंटकर हत्या करना सामने आया। पुलिस ने दिल्ली में ही शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। मुखबिर से पता चला कि हत्या कर हत्यारे फरारी काटने के लिए चार धाम के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस टीम ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर दबिश देकर आरोपी अंजली और उसके पति प्रदीप को पकडा। उसके दो साथी विजय और संतोष को चंबोली में गोपेश्वर मंदिर से पुलिस टीम ने कार सहित पकड लिया। मामले में फरार मनीष और मुकेश की पुलिस टीम तलाश कर रही है। आरोपितों से पूछताछ में सामने आया कि मृतक दिलीप सांवरिया पिछले काफी समय से अंजली सोनी से रिलेशन में था।

अंजली उससे काफी परेशान हो गई थी। तीन मई को अंजली और उसका पति प्रदीप दिल्ली अपने साथियों के पास चले गए। साथियों के साथ मिलकर प्लानिंग की। अंजली ने कॉल कर दिलीप को मिलने के लिए दिल्ली बुलाया। एक बार मना करने पर दोबारा दबाव डालकर दिल्ली आने की कहा। 20 मई की रात दिलीप बस से दिल्ली के लिए रवाना हो गया। दिल्ली पहुंचते ही दिलीप को योजना के तहत गैंग ने बंधक बना लिया। दिलीप के हाथ-पैर बांधने के साथ मुंह पर टेप चिपका दिया। दिलीप के मोबाइल से ही वॉट्सऐप पर परिवार को फोटो भेजी। 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी। लेकिन घरवाले रुपए लेकर नहीं आए। अंजली और उसका पति प्रदीप साथियों के पास दिलीप सांवरिया को छोड़कर 21 मई को जयपुर आ गए। करीब 2 दिन बाद साथी विजय जयपुर आया। जयपुर आकर उसने दिलीप सांवरिया की हत्या कर शव नाले में ठिकाने लगाने के बारे में बताया। पुलिस को गुमराह करने के लिए विजय अपने साथ मृतक दिलीप सांवरिया का फोन लेकर जयपुर आ गया था। मृतक के मोबाइल से जयपुर में अलग-अलग जगहों पर ऑन कर लोकेशन सेट की, ता कि पुलिस को पता नही चल सके की गुमशुदा का मर्डर हो गया। लोकेशन कानोता का सेट कर वापस दिल्ली रवाना हो जाता है।

## मारपीट कर युवक का अपहरण करने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। बिंदायका थाना पुलिस ने युवक से मारपीट कर अपहरण करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है और साथ ही अपहरण हुए युवक को मुक्त भी कराया गया है। वहीं पुलिस ने आरोपित से वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन बुलेट भी बरामद की है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार बुढानिया ने बताया कि बिदांयका थाना इलाके में रविवार को गणेश मीणा निवासी बिंदायक से मारपीट कर अपहरण करने के मामले मे आरोपी शुभम राठौड़ निवासी चाकसू जिला जयपुर हाल रामनगरिया जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी युवती को दोस्ती करने के लिए दबाव बना रहा था।

युवती द्वारा मना करने पर आरोपित अपने दोस्त के साथ मिलकर शराब का नशा कर युवती के घर बाहर इंतज़ार कर रहा था। युवती के आने पर उसके साथ आए साथियों की गाडी के आगे अपनी बाइक लगाकर रोक कर मारपीट कर ले जाने का प्रयास किया। साथ ही पीडिता के अन्य साथी गणेश मीणा कर अपहरण कर अपने साथ ले गए।



## We Age Slowly In Space

You must have noticed in a science fiction movie like *Interstellar* that when people go to space and come back after, say, 10 earth years, they hardly seem to have aged. The process of ageing in space is actually slower than it is on Earth. This is all explained by the *time dilation theory*. The theory says that time is a relative quantity. This means that the measurement of time between two distinct events by two different observers depends on the gravitational field in which they are and the velocity with which they are travelling.



#COVID-19

# Covid Can Damage Vision

When viruses enter the body through inhalation, it not only infects organs like lungs, but also reaches highly protected organs like eyes through the blood-retinal barrier by infecting the cells lining this barrier. "This finding is important as we increase our understanding of the long-term effects of SARS-CoV-2 infection," says Singh.





The virus that causes COVID-19 can breach the protective blood-retinal barrier, leading to potential long-term consequences in the eye, new research shows.

The *blood-retinal barrier* is designed to protect our vision from infections by preventing microbial pathogens from reaching the retina, where they could trigger an inflammatory response with potential vision loss.

Pawan Kumar Singh, an assistant professor of Ophthalmology at the University of Missouri, leads a team, researching new ways to prevent and treat ocular infectious diseases.

Using a humanized ACE2 mice model, the team found that SARS-CoV-2, the virus that causes COVID-19, can infect the inside of the eyes, even when the virus doesn't enter the body through the surface of the eyes.

Instead, they found that when viruses enter the body through inhalation, it not only infects organs like lungs, but also reaches highly protected organs like eyes through the blood-retinal barrier by infecting the cells lining this barrier.

"This finding is important as we increase our understanding of the long-term effects of SARS-CoV-2 infection," says Singh. Earlier, researchers were primarily focused on the ocular surface exposure of the virus.

"However, our findings reveal that SARS-CoV-2 not only reaches the eye during systemic infection but induces a hyper-inflammatory response in the retina and causes cell death in the blood-retinal barrier. The longer viral remnants remain in the eye, the risk of damage to the retina and visual function increases."

Singh also discovered that extended presence of SARS-CoV-2 spike antigen can cause retinal microaneurysm, retinal artery and vein occlusion, and vascular leakage.

"For those, who have been diagnosed with COVID-19, we recommend you ask your ophthalmologist to check for signs of pathological changes to the retina," Singh says. "Even those, who were asymptomatic, could suffer from damage in the eyes over time because of COVID-19 associated complications."

While viruses and bacteria have been found to breach the blood-retinal barrier in immunocompromised people, this research is the first to suggest that the virus, that causes COVID-19, could breach the barrier, even in otherwise healthy individuals, leading to an infection that manifests inside the eye itself.

Immunocompromised patients or those with hypertension or diabetes may experience worse outcomes, if they remain undiagnosed for COVID-19 associated ocular symptoms.


"Now that we know the risk of COVID-19 to the retina, our goal is to better understand the cellular and molecular mechanisms of how this virus breaches the blood-retinal barrier and associated pathological consequences, in hopes of informing development of therapies to prevent and treat COVID-19-induced eye complications before a patient's vision is compromised," Singh says.






# When We Wrote Letters


This is indeed dreadful. You have no idea of the grief I am in while I write. I am obliged to use an umbrella to keep the tears from running down on to the paper. Did you come yesterday to be photographed? And were you very angry? Why wasn't I there? Well, the fact was this. I went out for a walk with Bibkins, my dear friend Bibkins, we went many miles from Oxford, fifty-a hundred, say.










Shailaza Singh
*Published author, Poet and a YouTuber*

Probably in the near future, when we would talk about *handwritten letters*, we would start it by saying, 'Once upon a time, people wrote letters, when they were happy or sad or upset or indignant or even when they wanted to just address a point. These letters were almost as good as a work of art and written in excellent penmanship. When people wrote these letters, they took time, chose the right paper and deliberated over every word they chose.'

Once actor and producer, George M. Cohan, who was also a well-known public speaker, was requested to write something for an entertainment magazine. However, he did not like the idea and wrote the following reply. In today's world, celebrities simply ignore such requests, let alone write such long articulated letters.

### Dear George Buck,

Just received your letter in which you call upon me to write seven or eight hundred words for the anniversary number (of your publication). Now, let me tell you something, kid. Seven or eight hundred are a whole lot of words. I could tell a number of guys what I think of them in less words than that, and also I could do the lyrics of a dozen numbers for a musical play in less words than that. And to be truthful, I don't honestly think I know seven or eight hundred words. There aren't that 'many words' in my entire vocabulary.

As a matter of fact, in my whole circle of acquaintances, I can't think of any one right now, aside from a few English actors, who can spill that many words. As a dancer, I could never do over three steps. As a composer, I could never find use for over four or five notes in my musical numbers. As a violinist, I could never learn to play above the first position. I'm a one-key piano player, and as a playwright, most of my plays have been presented in two acts for the simple reason that I could seldom think of an idea for a third act.


I remember hearing Marcus Loew say one night that he left school as soon as he had learned how to count to ten. He claimed that any learning beyond that was altogether unnecessary. And mind you,



#WORD CRAFT



George M. Cohan.



Lewis Carroll.



F. Scott Fitzgerald.

that was before he ever became a *big moving picture magnate*. I remember an old-time advance agent named Sam Dessauer telling me years ago (he was working for Gus Hill at the time) that Hill hollered so loud about telegrams being sent to him, 'collect' by his various advance men, that he called them all together one day and insisted that there wasn't anything in the world that couldn't be fully explained in ten words. Of course, they had to sit up nights, figuring out how to phrase their messages, but all admitted afterwards that Mr. Hill was absolutely right.

Speaking of words, there are two words necessary to every man's vocabulary, 'Yes' and 'No.' The former is used a great deal out in Hollywood, I understand. When some fellow says, "If you happen to see Mr. So and So, I wish you'd put in a good word for me," does he mean that you should look through Webster's dictionary for a good word or does he mean to actually say something nice about him? If he wants a plug, why doesn't he say so? And when some guy says, "You can take my word for it," why doesn't the guy he says it to ask him what word in the English language is 'his word?' He's made the claim, and he should be challenged...

**George M. Cohan**

Lewis Carroll, who was also known as Charles Dodgson, was known as a photographer as well as a mathematician, today, of course, he is best known as the author of *Alice's Adventures in Wonderland* and *Through the Looking-Glass*. He also loved writing letters to his friends and family. Here is an exaggeratedly funny letter that he wrote to his friend, Annie Rogers, who was also a photographic model, in the year 1867.

### My dear Annie,

This is indeed dreadful. You have no idea of the grief I am in while I write. I am obliged to use an umbrella to keep the tears from running down on to the paper. Did you come yesterday to be photographed? And were you very angry? Why wasn't I there? Well, the fact was this. I went out for a walk with Bibkins, my dear friend Bibkins, we went many miles from Oxford, fifty-a hundred, say.

As we were crossing a field full of sheep, a thought crossed my mind, and I said solemnly, "Dobkins, what o'clock is it?" "Three," said Fipkins, surprised at my manner. Tears ran down my cheeks. "It is the HOUR," I said. "Tell me, tell me, Hopkins, what day is it?" "Why, Monday, of course," said Lupkins. "Then, it is the DAY!" I groaned. I wept. I screamed. The sheep crowded round me, and rubbed their affectionate noses against mine. "Mopkins!" I said. "You are my oldest friend. Do not deceive me, Nupkins! What year is this?" "Well, I think it's 1867," said Pipkins. "Then, it's the YEAR!" I screamed, so loud that Tapkins fainted. It was all over. I was brought home, in a cart, attended by faithful Wopkins, in several pieces. When I have recovered a little from the shock, and have been to the seaside for a few months, I will call and arrange another day for photographing. I am too weak to write this myself, so Zupkins is writing it for me.

Your miserable friend,
**Lewis Carroll**

American novelist and short story writer, F. Scott Fitzgerald and his good friend, writer Andrew Turnbull, tried to outdo each other in a long stream of correspondence by using increasingly obscure *Shakespearean* words. Abruptly, in the August of 1832, Fitzgerald turned the tables and wrote 'Andronio' the following letter, proffering advice in the crassest American slang that he could muster.

### Dear Andronio,

Upon mature consideration, I advise you to go no farther with your vocabulary. If you have a lot of words, they will become like some muscles you have developed that you are compelled to use, and you must use this one in expressing yourself or in criticizing others. It is hard to say who will punish you the most for this, the dumb people, who don't know what you are talking about or the learned ones who do. But wallop you they will and you will be forced to confine yourself to pen and paper.

Then, you will be a writer and may God have mercy on your soul. No! A thousand times *no*! Far, far better, confine yourself to a few simple expressions in life, the ones that served billions upon, countless billions of our forefathers and still serve admirably all but a tiny handful of those at present clinging to the earth's crust. Here are the only expressions you need, 'Yeah,' 'Naw,' 'Gimme de meat' and you need at least one good bark (we all need one good bark) such as, "I'll knock your back teeth down your throat!" So, forget all that has hitherto attracted you in our complicated system of grunts and go back to those fundamental ones that have stood the test of time.

With warm regards to you all,
**Scott F.**

When he was living in Hollywood, he wrote the following letter to his landlady.


1403 North Laurel Avenue
Hollywood,
California
July 29, 1940

### Dear Mrs. Neuville,

I thought the other day that a large rat had managed to insert itself into the plaster, above my bedroom and workroom. I was, however, surprised that it apparently slept at night and worked in the day, causing its greatest din around high noon. However, yesterday, much to my surprise, I deduced from the sounds it emitted that it was a dog, or rather several dogs, and evidently training for a race, for they ran round and round the tin roof. Now, I don't know how these greyhounds climbed up the wall but I know dog racing is against the law of California, so I thought you'd like to know. Beneath the arena, where these races occur, an old and harassed literary man is gradually going mad.

Sincerely,
**F. Scott Fitzgerald**

*rajeshsharma1049@gmail.com*



#LIFESTYLE

# Calm and Alert

The more consistently we are able to practice a variety of these routines, the greater the benefits to brain health



We've all had those days where it feels like your head is in the clouds. Being productive is hard when your mind is going in a million different directions, leaving you unable to focus on what's in front of you. Starting your day on the right foot can make a big difference, though. Here, we share how you can do just that, and set yourself up for better focus all day long.

### Wake Up at the Same Time


*A good night's sleep* makes us feel rested and 'focused' for the day ahead. 'When' do you wake up in the morning is just as important as when you hit the pillow at night, and consistency is key.

Practicing good sleep hygiene habits increase the odds that you will wake up refreshed with energy to tackle the day. Consistent sleep and wake times are essential to jumpstart your focus for the day.

Waking up *at the same time every day* keeps circadian rhythms functioning more productively. That's your body's internal 24-hour clock. A circadian rhythm, that's in sync, can help you feel more alert during the day.

### Plan Your Day

Instead of playing it by ear, get organized and *schedule your day* to increase focus on what you'd like to accomplish. Think through what are priority tasks for the day and



what you will need to do to accomplish them, and write this down, if needed. You will feel less scrambled and will be better able to focus on the challenges of the day.

### Take Your Time

Ease into your morning and avoid rushing out the door, if you can. Give yourself plenty of time in the morning to get your mind and body ready for the day. Being rushed makes that difficult.

A *slow morning routine* can help you feel grounded for the day and maintain focus and productivity. Set the tone by waking up early enough to eat breakfast, get some movement and have a little quiet time (more on those 'in a moment') before your responsibilities kick in for the day.

### Eat a Healthy Breakfast

There's a reason breakfast is often called the most important meal of the day. A *healthy breakfast* can give your brain nutrients to stay sharp and should include protein, complex carbs, a little fat and a fruit or vegetable.

### Get Some Sunlight

"When you wake up, open those curtains and start your day with lots of light, if possible, to improve your focus naturally," Weidman says. It is a mood boost, as *sunlight* triggers a release of the 'feel-good' neurotransmitter *serotonin* and causes a release of our 'wake' hormones *adrenaline* and *cortisol* to get us going and alert.

### Get Moving

Wake up your body and increase circulation through movement. Morning exercise can include stretching, yoga or light cardio for focus. Some people do not like doing strenuous exercising in the morning. So, think of some light or easy *movement* to do. If you prefer exercising in the afternoon or evening, that is great also, since any form of exercise not only increases blood flow to the prefrontal area of the brain, which is the part of our brain responsible for focusing, but also improves our sleep quality, if finished at least two hours before bed.

### Have Quiet Time


A morning routine that includes taking a *little time to quiet* yourself, before starting the day, is another great way to be more focused. Focus and concentration improve when you're calm and alert. Try for a few minutes of morning meditation or breathing exercises to start your day and centre yourself.

Meditation practices help us develop the ability to be present in the moment, which is a key component in being able to stay focused.


### Delay Screen Time

Lastly, consider your relationship with your phone and other technology in the morning. Are you in-charge of it, or is it in-charge of you? Find ways to *cut down on using technology* in the morning and see what happens to your stress levels and ability to be present and stay focused.

The above improvements result from a boost in serotonin, feeling more mentally refreshed from restorative sleep, increased blood flow through our body, reduced distractions and a calm but alert brain.



THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS


By Jerry Scott & Jim Borgman



# बूंदी शहर कई वार्डों में अनियमित जलापूर्ति को लेकर लोगों का प्रदर्शन

## अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता के नहीं मिलने पर जाम लगाया

**बूंदी,** (निसं)। शहर के नैनवा रोड स्थित वार्ड 53, 54, 55 के लोगों ने सोमवार को अनियमित जलापूर्ति के खिलाफ जलदाय विभाग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर जाम लगा दिया। वार्ड 54 पार्षद समीर अंसारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिला व पुरुष एकत्रित होकर अधीक्षण अभियंता कार्यालय पहुंचे। यहां अधीक्षण अभियंता और अधिशासी अभियंता के नहीं मिलने पर प्रदर्शनकारी नाराज हो गए और उन्होंने कार्यालय के बाहर सड़क पर जाम लगा दिया। अचानक लगे इस जाम से रोड के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई।



लोगों ने अनियमित जलापूर्ति के खिलाफ जलदाय विभाग कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

■ सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों से समझाइश की

सूचना पर कोतवाली थाना अधिकारी तेजपाल सैनी मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे और लोगों से समझाइश की। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से कहा कि जाम लगाने से समस्या का समाधान नहीं हो सकता। अधिकारियों के साथ बैठकर वार्ता करें तब जाकर समस्या का समाधान हो सकता है। उन्होंने सहायक अभियंता नवीन नागर और कनिष्ठ अभियंता सिद्धार्थ जिंदल को बुलाकर प्रदर्शनकारियों के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की वार्ता करवाई। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि एक दिन छोड़कर एक दिन पानी की सप्लाई महज 20 से 25 मिनट हो रही है, जिससे पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है। महावीर कॉलोनी में तीन पानी की टंकियां है, लेकिन उन्हे पुरा भरा नहीं जाता है, वाल भी ठीक से नहीं खोले जाते। इससे सप्लाई प्रेशर के साथ नहीं होती है, जिसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि रजत गृह कॉलोनी में प्रतिदिन डेढ़ से दो घंटा सप्लाई की जा रही है, यह भेदभाव शहर के लोगों के साथ किया जा रहा है। इस पर कनिष्ठ अभियंता सिद्धार्थ जिंदल ने कहा कि वार्ड 55 में रोजाना सप्लाई हो रही है लेकिन अब वहां भी हम एक दिन छोड़कर एक दिन सप्लाई करेंगे। लेकिन वह रजत गृह में प्रतिदिन होने वाली सप्लाई की बात को अनसुना कर गए।

पार्षद समीर का कहना है कि महावीर कॉलोनी इलाके में वार्ड 53, 54 और 55 आते हैं। सबसे ज्यादा पानी की समस्या वार्ड 54 में है। यहां पानी की टंकी भी बनी हुई है, लेकिन पानी की टंकी को विभाग द्वारा पूरा नहीं भरा जाता है तथा पानी की सप्लाई प्रेशर से नहीं की जाती है, इससे ऊंचाई के हिस्सों पर पानी नहीं पहुंच पाता है। उन्होंने कहा कि यदि समस्या का समाधान नहीं किया तो फिर से बडा प्रदर्शन करेंगे। इस दौरान मोहम्मद अली टेलर, अजीम अंसारी बिल्लू, रईस अंसारी, मेहरून निशा, कालू भाई, रईस भाई सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# स्पा सेंटर पर दबिश, सात युवतियां और एक युवक गिरफ्तार

## संदिग्ध गतिविधियों की शिकायत पर कार्रवाई की



पुलिस ने स्पा सेंटर पर दबिश देकर सात युवतियों और एक युवक को गिरफ्तार किया।

**झुंझुनूं,** (निसं)। कोतवाली पुलिस ने शहर में एक स्पा सेंटर पर संदिग्ध गतिविविधयों की शिकायत पर दबिश दी है, जहां से सात युवतियों और एक युवक को गिरफ्तार किया है।

शहर कोतवाल पवन चौबे ने बताया कि लगातार कई दिनों से शिकायतें मिल रही थी कि पंचदेव मंदिर से आगे चलकर बगड़ रोड पर एक गली में एक स्पा सेंटर खुला हुआ है, जहां पर संदिग्ध गतिविधियां होती है, जिस पर रविवार को सिटी डीएसपी वीरेंद्र शर्मा की अगुवाई में टीम ने दबिश दी। टीम को वहां पर मणिपुर और उत्तराखंड की रहने वाली सात युवतियां मिली। वहीं एक युवक मिला, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उन्हें पाबंद करके छोड़ दिया गया। शहर कोतवाल पवन कुमार चौबे ने बताया कि जिस वक्त दबिश दी गई, उस वक्त स्पा सेंटर का संचालक चिड़ावा निवासी व्यक्ति मौके पर नहीं मिला। इसके बाद उसके मोबाइल नंबर पर संपर्क किया तो वो बंद आ रहा था, जिसकी तलाश की जा रही है। मौके से स्पा सेंटर संचालन का कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला है। वहीं स्पा सेंटर पर पांच केबिन अलग-अलग बने हुए थे, जिनकी भी तलाशी ली जा रही है।

■ जांच के लिए पुलिस ने सीसीटीवी की डीवीआर जब्त की

उन्होंने बताया कि सभी युवतियां 28 से 35 साल की है और उत्तराखंड और मणिपुर की रहने वाली है। जिन्होंने पूछताछ में बताया कि वे कुछ महीनों से इस स्पा सेंटर में काम करती है। स्पा सेंटर पर बने कमरों में ही रहती है और नीचे बने स्पा सेंटर पर काम करती है। पुलिस ने बताया कि स्पा सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर को जब्त कर लिया गया है, जिन्हें विशेषज्ञ द्वारा चैक करवाया जाएगा। इसी डीवीआर से स्पा सेंटर के राज खुलेंगे। उन्होंने बताया कि जो युवक गिरफ्तार किया गया है। उसने बताया कि वह वहां पर खाना बनाने का काम करता है, जिसे लेकर भी पूछताछ चल रही है।

## युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**जोधपुर,** (कासं)। प्रतापनगर सदर थानान्तर्गत आखलिया चौराहा स्थित बरकत कॉलोनी में रहने वाले एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। पुलिस ने मृतक के भाई की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज किया है। प्रतापनगर सदर पुलिस ने बताया कि बरकत कॉलोनी, आखलिया चौराहा निवासी असरार अहमद पुत्र निसार अहमद की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसके भाई 32 वर्षीय अबरार अहमद ने घर में पंखे के हुक में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की वजह पुलिस को फिलहाल नहीं बताई गई है।

# दो सूने मकानों से लाखों के आभूषण और नगदी चोरी

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट क्षेत्र में चोरों ने दो सूने मकानों में सैंध लगाकर वहां से लाखों के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ किया। पीड़ितों ने संबंधित थानों में मामला दर्ज करवाया है।

माता का थान पुलिस ने बताया कि रूप नगर में रहने वाली नारंगी पत्नी जितेंद्र फुलवारिया की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह 2 जून को अपने पीहर गई हुई थी और घर सूना पड़ा था। 8 जून को पड़ौसी ने सूचना दी कि घर के ताले टूटे पड़े है। इस पर वह वापिस अपने घर आई। अज्ञात चोर घर से सोने का बोर, एक अंगूठी, दो नाक की फिणियां, दो चांदी की चूड़ियां, 3 बिछियां, पायल जोड़ी के साथ 6-7 हजार की नगदी चुरा ले गए। माता का थान पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया है।चोरों का पता लगाया जा रहा है। दूसरी तरफ सूरसागर पुलिस ने बताया कि चांदपोल गोहर का चौक निवासी यमित दवे पुत्र प्रवीण दवे ने मामला दर्ज करवाया। इसमें बताया कि वह अपनी माताजी के साथ 20 मई को ननिहाल सिरोही पिण्डवाडा गया था। वापिस 8 जून को लौटने पर पता लगा कि घर के ताले टूटे पड़े हैं। अज्ञात चोरों द्वारा घर से 15 हजार की नगदी, कान की बाली, दो फिणी, तीन पायल जोड़ी के साथ जरूरी दस्तावेज चोरी कर लिए गए। मामले में सूरसागर पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया है।चोरों का पता लगाया जा रहा है।

## कार में घुसा ऊंट, देखकर लोग चकराए

**बीकानेर,** (निसं)। बीकानेर संभाग में एक अजीबोगरीब वाक्या सामने आया है, जहां एक ऊंट कार में घुस गया। कार में घुसे ऊंट को देखकर लोग चकरा गये। मामला हनुमानगढ़ का है। जहां एक ऊंट को कार की टक्कर लग गई। उसके बाद ऊंट कार का आगे का शीशा तोड़ता हुआ उसके अन्दर बुरी तरह से फंस गया, जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई और एकबारगी यातायात जाम हो गया। बाद में पोकलेन मशीन की मदद से ऊंट को कार से बाहर निकाला गया। मौके पर ही पशु चिकित्सक से ऊंट का प्राथमिक उपचार कराया गया। बताया जा रहा है कि देर शाम यह ऊंट खुला घूम रहा था। अंधेरा होने के कारण एक कार ऊंट से टकरा गई। टक्कर तेज होने के कारण ऊंट का बैलेंस बिगड़ गया। ऊंट कार का अगला शीशा तोड़ते हुए उसके अंदर चला गया और फंस गया।

# मदद के बहाने लूटने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के रातानाडा पांच बत्ती के पास में एक गाड़ी चालक से मदद के बहाने लूटपाट करने वाले दो युवकों गिरफ्तार किया है। घटना 29 मई की है। उसे चाकू दिखाकर पर्स लूटने के साथ नींद में मोबाइल चुरा लिया गया था। पीड़ित लू और तापघात का शिकार होने पर एक चबूतरे पर लेट गया था। इसी दौरान मदद के बहाने आए युवकों ने यह लूटपाट की।

एकता नगर बनाड़ के रहने वाले गुलाम अशरफ पुत्र अब्दुल कलाम की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह गाड़ी चलाता है। 29 मई को वह अपने मालिक के पास में गाड़ी छोड़कर पैदल लौट रहा था। लू-तापघात के चलते उसकी तबीयत खराब होने लगी तो वह रातानाडा में एक चबूतरे पर सो गया। वह निद्रावस्था में था तब दो युवक उसके पास आए और जेब से उसका मोबाइल निकाल लिया।

फिर उसे अस्पताल में ले जाने की बात करते हुए उसे उठाया। बीच रास्ते पांच बत्ती के पास सूने स्थान पर लेकर गए जहां चाकू दिखाकर उसका पर्स लूट लिया। पर्स में चार हजार रूपए थे। लुटापिटा गुलाम अशरफ परेशानी के चलते अपने घर चला गया। बाद में उसने रातानाडा थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए लुटेरों की तलाश आरंभ की। इस बारे में दो आरोपियों भाखरीबास सूरसागर निवासी पित्रू पंडित और पंचोलिया नाडी प्रतापनगर सदर निवासी अमन को गिरफ्तार किया है। जिनसे लूट की राशि के साथ चुराया मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की जानी है। अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के आसींद थाना क्षेत्र में घटित सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। बाबू सिंह रावत ने रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया कि गोपाल सिंह पुत्र मोती सिंह रावत निवासी बूटावड़ी सालिया पुलिस थाना मुख्यालय करेड़ा अपनी कार जिसमें सवार होकर उनके गांव से रविवार देर रात्रि को आसींद की ओर आ रहे थे। उनके साथ गांव के ही जीवण सिंह, सरवण सिंह, गाड़ी में सवार थे। गाड़ी गोपाल सिंह रावत चला रहा था। तेज गति से लापरवाही पूर्वक भीम गुलाबपुरा नेशनल हाईवे 148 डी सुमन होटल के पास पुल के पास पहुंचे ही थे कि गाड़ी पलटी खा गई। घायलों को राहगीरों ने 108 एंबुलेंस से आसींद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चालक गोपाल सिंह रावत को डॉक्टर ने मृत घोषित किया, वही जीवन सिंह, सरवण सिंह की हालत गंभीर होने से भीलवाड़ा भेजा गया।

# जमीन में दबा रखी हेरोइन से भरी थैली जब्त

## कुत्तों ने खोदकर निकाली तो हुआ भंडाफोड़, पुलिस मौके पर पहुंची

**हनुमानगढ़,** (निसं)। रावतसर के वार्ड 12 में नशे के सौदागरों ने हेरोइन की एक-एक ग्राम की पुड़िया बनाकर उनको थैली में रखकर जमीन में दबा रखा था। मगर गली के कुत्तों ने नशे के तस्करों का सारा खेल बिगाड़ दिया और उनका भंडाफोड़ हो गया। रावतसर कस्बे में निराश्रित कुत्तों ने जमीन में दबाई एक थैली निकाली।

आसपास के लोगों ने देखा तो थैली को कुत्तों से छुड़ाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच थैली को कब्जे में लिया तो उसमें 45 ग्राम चिट्टा मिला। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड 12 में सुबह कुछ कुत्ते थैली फाड़ रहे थे जिसमें कई छोटी-छोटी पुड़िया थी। इसके अलावा छोटा इलेक्ट्रोनिक कांटा, पन्नी व प्लास्टिक की थैलियां थी। चिट्टा पीने में इस्तेमाल होने वाली पन्नी देखकर वार्डवासियों को मामला संदिग्ध लगा तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच चिट्टा तथा अन्य सामान जब्त कर लिया एवं घटना स्थल का निरीक्षण किया।

# प्रदेश में सर्वाधिक ट्रक-ट्रोलों वाला गांव रासीसर, अलग से डीटीओ कार्यालय खोला

## रासीसर में ट्रक व बसों से सालाना पांच करोड़ का राजस्व सरकार को टैक्स के रूप में मिलता है

**बीकानेर,** (निसं)। क्षेत्र के नोखा उपखंड में इकलौता गांव यहां करीने से खड़े ट्रक, खेतों में पंक्तिबद्ध खड़ी बसें। यह न तो ट्रकों का पार्किंग स्थल है, न ही बसों की कार्यशाला। यह प्रदेश का इकलौता गांव है, जहां इतने ट्रक और बसें हैं कि इसके लिए नोखा में अलग से डीटीओ कार्यालय ही खोलना पड़ा।

प्रदेश में सर्वाधिक ट्रक-ट्रोलों वाला यह गांव रासीसर बीकानेर के नोखा उपखंड क्षेत्र में है। इस गांव के ट्रकों और बसों से सालाना पांच करोड़ का राजस्व सरकार को टैक्स के रूप में मिलता है। गांव की आबादी भले 15 हजार है, लेकिन करोड़ों रुपए की कीमत के 1500 ट्रक-ट्रोले और 125 बसों के मालिक यहां रहते हैं। वर्तमान में नोखा डीटीओ कार्यालय का राजस्व वसूली का सालाना टारगेट 46.53 करोड़ हैं। मासिक राजस्व वसूली 3.75 करोड़ है। इसमें बड़ा हिस्सा अकेले रासीसर गांव का है। खास बात यह है कि राज्य में कई ऐसे जिले हैं, जिनका पूरे जिले का सालाना राजस्व इस अकेले गांव से कम है।

गांव में पांच हजार से अधिक छोटे-बड़े वाहन हैं। यहां पर ट्रांसपोर्ट व्हीकल में 1500 ट्रक-ट्रेलर-डंपर, 125 छोटी-बड़ी बसें, 728 पिकअप-कैम्पर, 806 लग्जरी कारों के साथ ऑटो समेत कई गाड़ियां हैं। 1800 से 2000 दुपहियां वाहन है। गांव के कुछ ट्रांसपोर्ट व्यवसायी अब बीकानेर में भी निवास करने लगे हैं, हालांकि आज भी इनकी गाड़ियों पर रासीसर का नाम ही अंकित मिलता है। इस गांव में बिजली, पानी, चिकित्सा, सड़क सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है। ग्रामीण बताते हैं कि मंडा परिवार ने सबसे पहले 1978 में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय की शुरुआत की। एक ट्रक से शुरुआत की, आज 100 ट्रक-ट्रेलर और 25 बसों के बेड़े में बदल चुकी है।

ट्रांसपोर्ट व्यवसायी मांगीलाल मंडा बताते हैं कि पिता भागीरथ मंडा गांवों में किसानों से अनाज एकत्रित कर कृषि मंडी में ले जाते थे। खुद ट्रक ड्राइवर थे, इसलिए 1978 में ट्रांसपोर्ट लाइन में आ गए। एक ट्रक खरीदा और उसी से तूड़ी व दूध की ढुलाई करने लगे। मुनाफा हुआ तो ट्रक खरीदते गए।

# तीन दिन पहले घर से लापता युगल के शव मिले

**जोधपुर,** (कासं)। चामू चिड़वाई गांव से सात जून को रात को अपने घर से निकले युगल का शव गगाड़ी नहर पंपिंग स्टेशन की जाली में फंसा मिला। सूचना पर पुलिस वहां पहुंची और शवों को मथानिया सीएचसी अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई गई है। मथानिया थाने में इस बाबत मर्ग की रिपोर्ट दी गई है। मृतक एक ही जाति के थे।

■ दोनों की मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई गई है, मृतक एक ही जाति के थे

मथानिया थाने के एएसआई मोतीसिंह ने बताया कि चामू चिड़वाई पाबूनगर के रहने वाले पूनाराम पुत्र भगवान ने मर्ग की रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसकी पुत्री 22 साल की सीता सात जून को अपने घर से निकल गई थी, उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वहीं इसी गांव से एक अन्य युवक 25 साल का अशोक पुत्र बद्रीराम भी साथ ही निकला था।

दोनों की तलाश की जा रही थी। इधर सुबह पुलिस को सूचना मिली कि राजीव गांधी लिफ्ट नहर के गगाड़ी पंपिंग स्टेशन की जाली में दो शव पड़े हैं। इस पर उनकी पहचान सीता और अशोक के रूप में की गई। एएसआई मोतीसिंह ने बताया कि इस बारे में मर्ग दर्ज कर शव कार्रवाई के बाद परिजन को सुपुर्द कर दिए गए है। दोनों एक ही जाति के थे।

# वाटर लाइन बिछाने के लिए सड़कें खोदी और भूल गई ठेका कंपनी

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। पुरानी आबादी इलाके में वाटर लाइन बिछाने के लिए करीब दो सप्ताह पहले खोदी गई सड़कों को ठेका कंपनी भूल गई है। इससे लोगों की आवाजाही प्रभावित हो गई है। वहीं मिट्टी के ढेर से उड़ने वाली रेत लोगों को परेशान कर रही है। इधर, खोदी गई सड़कों पर दुकानदारों की दुकानदारी प्रभावित हो गई है। कई दुकानें तो पिछले दस दिनों से खुल भी नहीं रही है। यही हाल एल ब्लॉक, जी ब्लॉक और विनोबा बस्ती एरिया का है। यहां एक सप्ताह में वाटर लाइन और सीवर लाइन बिछाने के बाद सड़कों का फिर से निर्माण करने का दावा ठेका कंपनी एलएंडटी ने किया था, लेकिन दस दिन के बाद महज पचास फीसदी ही काम हो पाया है। नगर परिषद की ओर से इस एरिया में आठ महीने पहले नई सड़कों का जाल बिछाया गया था, लेकिन अब तोड़ दी गई है।

आरयूआईडीपी ने पुरानी आबादी सब्जी मंडी के पास एरिया को प्रयोगशाला बना दिया है। यहां पाइपलाइन डालने के लिए सड़क खोदी और इसे दुबारा मरम्मत करना भूल गए। यह सड़क कोड़ा चौक से भरतनगर तक जाती है। इस पर काफी वाहन रोजाना आवाजाही करते हैं, लेकिन पिछले दस दिनों से यह पूरा मार्ग बंद हो चुका है। पुरानी आबादी के अधिकांश वार्डों के लोग इस मार्ग के अवरुद्ध होने पर अपने एरिया के पार्षद को कोस रहे हैं। इस मुख्य रोड को ठेका कंपनी ने प्रयोगशाला बना दिया है। वाटर लाइन को दुरुस्त करने के नाम पर इस रोड को खोदा जा चुका है। दुकानदारों का कामकाज ठप हो गया है।

■ लोगों की आवाजाही प्रभावित, मिट्टी के ढेर से उड़ने वाली रेत लोगों को परेशान कर रही है

विनोबा बस्ती में नगर परिषद की पूर्व सभापति करुणा चांडक के आवास और ऑफिस के पास तीन गलियों में खोदी गई सड़कों के कारण यह एरिया अब नो एंट्री बन गया है। मिट्टी के ढेर लगने के बावजूद इसे दुरुस्त नहीं किया गया है। इस एरिया में आरयूआईडीपी ने वाटर लाइन और सीवर लाइन दोनों को एक साथ बिछाने की मुहिम चलाई है। प्री मानूसन होने के आसार जिला प्रशासन ने दिए हैं, लेकिन आरयूआईडीपी ने इसके बावजूद गंभीरता से नहीं लिया है। महज सात दिन में काम पूरा करने वाली ठेका कंपनी के कारीगर इसे एरिया में अब तक महज चालीस से पचास प्रतिशत काम होने की बात कहने लगे हैं। यह खुदाई पिछले दो सप्ताह से हो रही है। विनोबा बस्ती से सटे गणगौर नगर क्षेत्र में सीवरेज चेबर व पाइपलाइन डालने के लिए सड़क के बीचों बीच नहर जैसी खुदाई करके छोड़ दी गई है।

आरयूआईडीपी के लिए वाटर लाइन में बार बार लीकेज अब गलफांस बन गए हैं। इन लीकेज को ढूंढने के लिए इस नोडल एजेंसी की ठेका कंपनी एलएंडटी कंपनी के कारीगरों को अब तक रूट तक पता नहीं हैं। एसडी कॉलेज के सामने सीवर चैंबर से पानी लगातार बहता रहा तो दुकानदार ने नगर परिषद या ठेका कंपनी की बजाय सीधे जिला कलक्टर को शिकायत की। चंद मिनटों के बाद ठेका कंपनी के कारगीरों ने आकर इस लीकेज को बंद किया। इधर, जवाहरनगर सैक्टर सात में दो जगह पानी पाइप लाइन में लीकेज आया तो सड़कों को खोद दिया गया है, लेकिन दस दिनों के बाद इसे दुरुस्त भी किया।

# मुजरास टोल प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन

## ग्रामीणों ने कहा कि मुजरास टोल प्रशासन राजमार्ग पर नियमानुसार ना लाइट की व्यवस्था रखता है ना ही रिफलेक्टर की

**भीलवाड़ा,** (निसं)। मुजरास टोल विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक और जहां टोल प्रशासन आसपास के ग्रामीणों पर दबंगाई का आरोप लगा रहा है तो वहीं दूसरी और सैकड़ों की संख्या में आसपास के ग्रामीणों ने टोल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

गुरला सरपंच श्रवण कुमार गुर्जर के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलेक्ट्री पर प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि मुजरास टोल प्रशासन राजमार्ग पर नियमानुसार ना लाइट की व्यवस्था रखता है ना ही रिफलेक्टर की। बीती रात ही अंधेरे और रिफलेक्टर के अभाव में एक बैंककर्मी हादसे का शिकार हो गया। मुजरास टोल पर फोन किया गया परंतु कोई एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की मौत हो गई।

ग्रामीणों ने मांग की है कि उक्त मामले में टोल प्रबंधन और टोल ठेकेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाए। टोल प्रबंधन द्वारा ना लाइट की, ना ही सड़कों की माकूल देखभाल की जाती है। सड़क पर हो रहे गड्ढों के कारण आए दिन हादसे हो रहे है। नियमानुसार सड़क के दोनों और वृक्षारोपण होना चाहिए लेकिन 10 वर्षों में टोल प्रबंधन द्वारा एक भी पेड़ जीवित नहीं रखा गया है। सिर्फ फोटो के लिए पौधे लगाए जाते हैं और इतिश्री की जाती है। मवेशियों की सुरक्षा के लिए भी कोई इंतजाम नहीं है। यही नहीं नियमानुसार आसपास के ग्रामीणों को टोल से मुक्त रखा जाना चाहिए लेकिन टोल प्रबंधन अपनी गुंडागर्दी के दम पर ग्रामीणों से टोल की अवैध वसूली करता है। ग्रामीण जब अपनी शिकायत लेकर टोल प्रबंधन के ऑफिस में जाते हैं तो सीसीटीवी फुटेज को आधार बना कर ग्रामीणों के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज करवाए जाते हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में 5 दिन का अल्टिमेटम देते हुए कार्रवाई की मांग की है।



ग्रामीणों ने टोल प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की।

■ बीती रात ही अंधेरे और रिफलेक्टर के अभाव में एक बैंककर्मी हादसे का शिकार हो गया, एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की मौत हो गई थी

# स्कूल के खाते से पांच लाख का गबन करने वाला उपप्राचार्य गिरफ्तार

**निवाई, (निसं)।** पुलिस ने एकलव्य मॉडल स्कूल के बैंक खाते से पांच लाख रुपए का गबन करने वाले उप प्राचार्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संजीव नैन द्वारा प्रदत्त निर्देशों की पालना में निवाई क्षेत्र में अपराधियों की धर पकड अभियान के क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह व डीवाईएपी मृत्युंजय मिश्रा के सुपरविजन में थानाधिकारी हरिराम वर्मा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने यह सफलता प्राप्त की है।

थाना अधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि 9 जून 2023 को एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल के एलडीसी सत्येंद्रसिंह राजावत ने स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा एक रिपोर्ट दर्ज करवाई कि स्थानीय विद्यालय के उप प्राचार्य रवि मानावत ने 23 फरवरी 2023 को प्रधानाचार्य की अनुपस्थिति में कार्यालय से चैक बुक में से पीछे से एक चैक चुराकर फर्जी हस्ताक्षर कर पांच लाख रुपए विद्यालय के बैंक खाते से स्वयं के बैंक खाते में जमा करवा दिए। आरोपी ने उक्त राशि बैंक स्टेटमेंट में दिखाई नहीं दे इस हेतु बैंक स्टेटमेंट में राशि का आहरण छुपा दिया गया तथा फर्जी



निवाई पुलिस ने आरोपी उप प्राचार्य को गिरफ्तार किया।

■ चैक बुक में से एक चैक चुरा कर फर्जी हस्ताक्षर कर किया था घपला

स्टेटमेंट प्रस्तुत कर दिया। गबन का पता तब लगा जब विद्यालय में कार्यरत कनिष्ठ सहायक ने 7 जून 2023 को रोकड में बैंक विवरण में अंतिम बैलेंस का मिलान किया तो रोकड पंजिका व बैंक खाते में पांच लाख रुपए का अंतर पाया गया। जिसकी सूचना उसने तत्काल प्रधानाचार्य को दी।

बैंक में जाकर जानकारी ली गई तो पांच लाख रुपए 23 फरवरी 2023 को आरोपी उप प्राचार्य रवि मानावत के खाते में जमा होना पाया गया। इस पर विद्यालय की ओर से उप प्राचार्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया। पुलिस अनुसंधान के दौरान आरोपी रवि मानावत पुत्र रामशरण बुनकर उम्र 38 वर्ष निवासी मकान नंबर 23 जय अंबे कॉलोनी सीकर रोड हरमाडा जयपुर हाल निलंबित उप प्राचार्य शिक्षा निदेशालय बीकानेर को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

## संक्षिप्त

### आशुतोष कुमावत बने अध्यक्ष

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** शहर के राजीव कॉलोनी वार्ड नंबर 10 में रहने वाले आशुतोष कुमावत पुत्र राजेंद्र प्रसाद कुमावत को राजस्थान जीत कुने डो संघ का अध्यक्ष बनाया गया। आशुतोष कुमावत ने बताया कि राजस्थान जीत कुने डो संघ की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। संघ के जनरल सेक्रेटरी रमेश कुमार मीणा ने बताया कि बैठक में सर्व सम्मति से आशुतोष कुमावत को खेल क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने व खेलों को अधिक से अधिक बढावा दिलाने के लिये राजस्थान संघ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनित किया गया। आशुतोष कुमावत ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नेतृत्व करते हुए अनेक पदक प्राप्त किए हैं व राष्ट्रपति (अवॉर्ड) पुरस्कार व राज्यपाल (अवॉर्ड) पुरस्कार से भी सम्मानित हो चुके है। संघ के अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर शहर के लोगों ने खुशी जाहिर की व लाडली संस्थान संचालक अमृता कुमावत, चैम्पियन ग्रुप श्रीमाधोपुर सीकर संचालक नारायण कुमावत, चैम्पियन स्पोर्ट्स एकेडमी, चैम्पियन डिफेंस अकादमी, चैम्पियन डांस एकेडमी, चैम्पियन स्पोर्ट्स एंड न्यूट्रिशन हाउस, सूरजभान स्पोर्ट्स एकेडमी, अखाडा द फिटनेस जोन श्रीमाधोपुर आदि संस्थाओं ने समान किया।


आशुतोष कुमावत

### विधायक मनीष यादव बने सदस्य

**शाहपुरा, (निसं)।** भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा संचालित प्रोजेक्ट National eVidhan Application (NeVA) के अंतर्गत राजस्थान विधानसभा के सभागार में माननीय सदस्यों की सीटो पर कंप्यूटर उपकरण स्थापित करने तथा विधानसभा सचिवालय को पेपर लेस किए जाने के कार्य हेतु राज्य में प्रोजेक्ट और अन्य ई-गवर्नेन्स मुद्दों की निगरानी के लिए अध्यक्ष राजस्थान विधानसभा की अध्यक्षता में हाउस कमिटी फॉर ई गवर्नेंस एंड जनरल प्रपज का सदस्य बनाया गया है। इससे पहले भी विधायक मनीष यादव को विधानसभा कार्य संचालन एव प्रक्रिया के नियमों के तहत सरकारी आश्वासन संबंधी समिति तथा प्रशन एव संदर्भ समिति का सदस्य बनया जा चुका है। शाहपुरा विधायक मनीष यादव को विधानसभा के द्वारा यह जिम्मेदारी देने के बाद क्षेत्र में एक खुशी की लहर है और क्षेत्रवासी विधायक को फोन और व्यक्तिगत रूप से बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं।


मनीष यादव

### छात्र का आईआईटी एडवांस में चयन

**निवाई, (निसं)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल के छात्र पुष्कर वर्मा का कक्षा 12वीं में नियमित अध्ययन के साथ आईआईटी एडवांस में चयन हुआ है। छात्र ने कैटेगरी में 4296वीं रैंक प्राप्त कर विद्यालय के गौरवपूर्ण इतिहास में एक और उपलब्धि जोड दी है। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि पुष्कर वर्मा ने यह सफलता 12वीं कक्षा के अध्ययन के साथ मिशन लक्ष्य साधना के अंतर्गत विद्यालय द्वारा चलाई जाने वाली नि:शुल्क कोचिंग की कक्षाऐं ज्वाइन कर प्राप्त की है। विद्यालय में जिला कलेक्टर की पहल पर चलाए गये मिशन लक्ष्य साधना के अंतर्गत विद्यालय समय के अतिरिक्त जेईई व नीट की तैयारी के लिए कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क कक्षाएं लगाई जाती हैं। पुष्कर वर्मा की सफलता विद्यालय के लिए गौरव की बात है। इस प्रकार की उपलब्धि के लिए विद्यार्थी तीन-चार साल तक लगातार कोचिंग में कठिन परिश्रम कर और लाखों रुपए खर्च करते हैं। इस सफलता के लिए विद्यालय परिवार द्वारा छात्र को बधाइयां दी गई। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी विद्यालय की छात्रा अक्षरा जैन तथा सुमित वर्मा का आईआईटी एडवांस में चयन हुआ था।


पुष्कर वर्मा

### ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू की

**दूदू, (निसं)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय दूदू बीए पार्ट प्रथम सेमेस्टर ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया 10 जून से शुरू कर दी गई है।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**दूदू, (निसं)।** जिले के अधीन मोजमाबाद पुलिस थाने में गत माह पुलिस थाना क्षेत्र के एक गांव की स्कूल में पढ ाई कर रही नाबालिक छात्रा का अपहरण कर दुष्कर्म करने के दर्ज प्रकरण में पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस अधीक्षक दूदू शांतनु कुमार ने बताया कि मोजमाबाद पुलिस थाने में 14 मई 2024 को परिवादी भाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई की मेरी 15 वर्षीय बहन सुबह स्कूल के लिए गई थी। छुट्टी होने के बाद वापसी शाम तक घर नहीं आई। प्रकरण की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर खोजबीन शुरू की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवलाल बैरवा उप पुलिस अधीक्षक दीपक खंडेलवाल एवं थाना प्रभारी संजय मीणा के नेतृत्व में टीम गठित की जाकर विभिन्न स्थानों पर तलाश की। इस दौरान तकनीकी स्त्रोतों व अन्य माध्यम से बालिका को बडौदा गुजरात से 7 जून 2024 को दस्तियाब कर बालिका से पूछताछ की। आरोपी सुनील सोलंकी राजपूत उम्र 28 वर्ष निवासी कुल पहाड मंजू सर जिला बडौदा को गिरफ्तार कर लिया।

## सुपर किंग ने सेवन स्टार टीम को चार रन से हराकर ट्रॉफी जीती

**किशनगढबास, (निसं)।** पूज्य सिंधी पंचायत एवं भारतीय सिंधु सभा द्वारा आयोजित सिंधी बाल संस्कार शिविर में पांचवें दिन 5 वर्ष से 15 वर्ष के बच्चों की क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सुपर किंग क्रिकेट टीम ने फाइनल मैच में सेवन स्टार क्रिकेट टीम को 4 रन से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की।

■ 5 वर्ष से 15 वर्ष के बच्चों की क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

सिंधी समाज के प्रवक्ता संजय बजाज ने बताया कि संत कंवर राम हरि मंदिर ट्रस्ट में चल रहे 9 दिवसीय सिंधी बाल संस्कार शिविर में पांचवें दिन रात्रि को दूधिया लाइट में प्लास्टिक की बॉल से बच्चों की क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 6 टीमों ने भाग लिया, प्रतियोगिता के फाइनल में सुपर किंग क्रिकेट टीम ने पहले खेलते हुए सात ओवर में 58 रन बनाऐ फाइनल मैच जीतने के लिए मैदान में उतरी सुपर सेवन क्रिकेट टीम 54 रनों ही बना पाई। सुपर किंग क्रिकेट टीम ने 4 रन से जीत हासिल कर ट्राफी पर कब्जा जमाया। फाइनल मैच के मैन ऑफ दा मैच विशाल कुमार रहे। प्रतियोगिता के दौरान भारतीय सिंधु सभा की इकाई अध्यक्ष प्रभु दयाल चंदनानी , सुनील बतरा, बंटी हरवानी, धर्मेंद्र हरवानी, नरेश मघंनानी, इंद्र लखयाणी, प्रदीप भक्तानी, मुकेश भारती, हिमांशु बतरा, अच्छय बजाज, सुनील वलेचा, निवंद मल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।


9 दिवसीय चल रहे सिंधी समाज के बाल संस्कार शिविर में पांचवें दिन बच्चों ने क्रिकेट मैच खेला।

## 187 गांवों में घर-घर जल पहुंचने का कार्य हुआ पूरा

**खैरथल, (निसं)।** घर-घर जल पहुंचने को लेकर संकल्पबद्ध राजस्थान की भजनलाल सरकार के गुड गवर्नेंस के चलते चार माह पहले जल जीवन मिशन के कार्यों में 33वें स्थान पर खैरथल तिजारा जिला अब नौ वे स्थान पर आ गया है। 45 से बढकर 187 गांव ऐसे हो चुके हैं जिनमें कार्य पूर्ण हो चुका है। यह सब चार माह में इसलिए संभव हो पाया की जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने सीएम भजनलाल शर्मा व सरकार की मंशा के अनुरूप घर-घर जल पहुंचने वाली योजना जल जीवन मिशन के तहत जिलेभर में चल रहे कार्यों की समीक्षा कर प्रगति पर नजर बनाए रखने का परिणाम है।

जैन अभियांत्रिकी विभाग अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र यादव ने बताया सरकार की जल जीवन मिशन एक महत्वाकांक्षी योजना है। जिसका उद्देश्य हर ग्रामीण के घर में नल के माध्यम से स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल प्रदान करना है। सरकार का यह मिशन राजस्थान जैसे जल-संकटग्रस्त राज्य के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर ग्रामीण घर को प्रति व्यक्ति 55 लीटर पानी प्रतिदिन उपलब्ध कराना है।

■ जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों में 33 वें स्थान से घटकर 9 वें स्थान पर आया खैरथल-तिजारा जिला

इस मिशन में जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और ग्रे वॉटर के पुनः उपयोग जैसे स्त्रोत स्थिरता उपायों को अनिवार्य तत्व के रूप में शामिल किया गया है। यह मिशन सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है, जिससे स्थानीय समुदायों में स्वामित्व की भावना पैदा हो। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश में जल जीवन मिशन (जेजेएम) में पेयजल स्कीम व प्रोजेक्ट की गति बढ़ाने साथ-साथ फील्ड में पाइपलाइनों व टंकियों के निर्माण में हो रही गडबडियों को लेकर गंभीर है।

सरकार बनने के पश्चात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जल जीवन मिशन योजना को व्यक्तिगत रूप से लेते हुए कई बैठकों का आयोजन कर महत्वपूर्ण फैसले लिए जिसके परिणाम स्वरूप जिलों में जल जीवन मिशन की प्रगति को रफ्तार मिली। राजस्थान में जेजेएम के तहत अब तक लगभग 53 लाख 18 हजार कनेक्शन हुए जिससे नल से घर तक पानी पहुंचा है। खैरथल-तिजारा जिले में भी सरकार की मंशा के अनुसार जिला कलेक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला ने गत महीनों में जल जीवन मिशन के कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा कर योजना की प्रगति को बढाया है। जिसके परिणाम स्वरूप खैरथल-तिजारा राजस्थान में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत चार माह में 33वें स्थान से 9 वें पायदान पर पहुंच गया है।

## अवैध हथियार बरामद किए

**भांडारेज, (निसं)।** क्षेत्र की ग्राम पंचायत सुरजपुरा की ढ ाणी नया कुंआ में एक मकान के तुडा के अंदर से दौसा डीएसटी टीम व सदर थाना पुलिस की संयुक्त कार्यवाही कर तीन अवैध हथियार बरामद किए गए हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा क्षेत्र में अवैध हथियारों की धरपकड अभियान चला रखा है। जिला पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा के द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया। सीओ सिटी रविप्रकाश शर्मा व सदर थानाधिकारी सोहनलाल व डीएसटी प्रभारी चन्द्रशेखर शर्मा के नेतृत्व में विशेष टीम द्वारा ग्राम सुरजपुरा की ढ ाणी नया कुंआ पर मुखबिर की सुचना पर नया कुंआ ढ ाणी पर जाकर सदर थाना पुलिस व डीएसटी टीम ने मकान की तलाशी ली तो तुडे के अंदर से एक 315बोर, एक 12बोर, एक टोपीदार अवैध बंदुक मिली। सदर थानाधिकारी सोहनलाल ने बताया कि पारिवारिक लडाई की आपसी रंजिश के चलते किशन उर्फ काना मीना पुत्र श्रवण मीना निवासी घुमाना थाना मानपुरए हाल निवासी नया कुंआ ढ ाणी सुरजपुरा थाना सदर ने अपने मकान में अवैध बंदुकें लाकर रख रखीं हैं।जिस पर सदर थाना पुलिस ने किशन उर्फ काना मीना पुत्र श्रवण मीना को गिरफ्तार कर पुछताछ कर रही है। इस दौरान कार्यवाही में एएसआई मानसिंह, लोकेश शर्मा, बालकेश, विजय कुमार, पन्ना लाल, धनश्याम, राकेश, भूपसिंह, गणपत, जयसिंह, कमलेश, महेश ने कार्यवाही करने में मौजूद थे।

## गुमशुदगी का मामला दर्ज

**मालपुरा, (निसं)।** लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के डोकरिया गांव निवासी प्रहलाद गुर्जर ने लाम्बाहरिसिंह थाने में दी गुमशुदगी की रिपोर्ट मे बताया कि तीन जून की दोपहर बाद से ही उसकी पुत्रवधु पान देवी पत्नि शंकर गुर्जर व बेटी चंचल भी लापता हो गई है। गहन तलाशी क बावजूद कोई सुराग नही मिल पा रहा है। इसी क्रम मे लाम्बाहरिसिंह निवासी सांवरा वैष्णव ने बताया कि गणेश पुत्र कैलाश वैष्णव जो एक महीने से लापता है का कोई सुराग नहीं मिल पाया।

## कलेक्टर ने बस स्टैंड जमीन आवंटन के कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

**कोटपूतली, (निसं)।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट हॉल में सभी विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। जिला कलेक्टर ने बैठक में ई फाइलिंग, बिजली एवं जल आपूर्ति, सम्पर्क पोर्टल, सीएमआईएस पोर्टल, आरएमआरएस मीटिंग, अंतर विभागीय समन्वय सहित विभिन्न विषयों पर विभागाधिकारियों से जवाब तलब किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रतिवादों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने तथा एवरेज टाईम को कम करने के लिए लगातार प्रयासों से सुधार लाने की बात कही। एक ही प्रकार की शिकायतें बार-बार ना आए तथा संतुष्टि स्तर में सुधार के लिए विशेष प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने डीओआईटी को विभिन्न विभागों में आ रही तकनीकी समस्याओं को हल करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने राजस्थान रोडवेज अधिकारी को बस स्टैंड के लिए जमीन आवंटन करने के लिए उपयुक्त स्थान का चयन शीघ्र करने तथा एसडीएम व तहसीलदार से समन्वय स्थापित कर जमीन आवंटन कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से की-परफॉर्मेंस इंडेक्स के बारे में चर्चा करते हुए कहा की सभी विभाग अपने विभाग में इसके मानकों के बारे में पर्याप्त जानकारी प्राप्त करें तथा केपीआई के विभिन्न बिंदुओं से भली-भांति वाकिफ रहे। उन्होंने जिले के तीनों बड़े अस्पतालों की आरएमआरएस की मीटिंगों के पहले के कंप्लायंस के बारे में जानकारी प्राप्त कर इन बैठकों में क्या-क्या निर्णय हुए की संयुक्त रिपोर्ट सीएमएचओ को कलेक्ट्रेट कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सीएमआईएस पोर्टल का रेगुलर बेसिस पर अवलोकन करें, मासिक प्रोग्रेस रिपोर्ट देने एवं लोकार्पण व शिलान्यास के कार्यक्रमों को समय पर अपलोड करें। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामनिवास सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।


कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली।

■ जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

## सार-समाचार

### ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई



**गोविन्दगढ, (निसं)।** कस्बे में सीताराम जी के मंदिर के बाहर गोविंदगढ महिला संगठन के सहयोग से ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। संगठन की अध्यक्ष मधु खंडेलवाल ने बताया की भीषण गर्मी के इस मौसम में राहगीरों को ठंडा पानी पीने को मिल सके इसे लेकर सीता राम मंदिर पर ठंडे मीठा जल की छबील महिलाओं के द्वारा लगाई गईं। ज्येष्ठ मास में छबील लगाने का बहुत बड़ा महत्व है। ओर पुण्य देने वाला होता है इस मास में अत्यधिक गर्मी होती है। प्यासे को पानी पिलाना और जीव जन्तुओं के परिंडे में पानी अवश्य डालना चाहिए। इस मौके पर बृहमकुमारी मिथलेश दीदी, अंजु शर्मा, प्रियंका मामोडिया, सुनीता विजय, सीमा शर्मा, इन्दु गोयल, मोनिका खंडेलवाल, नीलम कोचर, मीना शर्मा, सुमन मेघवाल, हेमलता शर्मा, मंजु खंडेलवाल, मधु गुप्ता, ममता गुप्ता, उषा अठावाल, सुषमा गर्ग, अलका सैन सहित सभी महिलाओं ने इस पुण्य कार्य में सहयोग दिया।

### समर कैम्प के पोस्टर का विमोचन




**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** हर वर्ष की भांति ग्रीष्मकालीन अवकाश में मार्शल आर्ट (कराटे) समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जिसका पोस्टर विमोचन पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के द्वारा किया गया। इस कैंप में महिलाओं, बालक व बालिकाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण को केन्द्र मानकर आयोजित करवाया जा रहा है। सभी को इस कैंप में आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाएंगे। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने सभी चौमूं क्षेत्र वासियों से निवेदन किया हैं कि इस समर कैंप में अधिक से अधिक सम्मिलित होकर समर कैंप को सफल बनाएं। मार्शल आर्ट कैंप का आयोजन दिनांक 12 जून से 22 जून तक रहेगा।पोस्टर विमोचन के दौरान डायरेक्टर सेंसाई महेश कुमार टॉक, सेंसाई राहुल जांगिड, पूर्व पार्षद बलदेव टांक, परणिता तिवारी, माही सोनी, आदित्य प्रताप सिंह, अनुष्का टोपिया उपस्थित रहे।

### ईद पर तीन दिन के अवकाश की मांग

**मालपुरा, (निसं)।** राजकीय अधिकारी कर्मचारी मॉईनोरिटी एसोसिएशन शाखा मालपुरा ने सोमवार को एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप ईद पर तीन दिन के अवकाश की मांग की। संगठन के प्रदेश सचिव अशद मल्लिक सहित अन्य सदस्यो द्वारा सौंपे ज्ञापन मे अवगत करवाया कि ईदूल अजहा का त्यौहार मुस्लिम समाज के प्रमुख त्योहारो मे से एक त्यौहार है। राज्य कर्मचारी राजकीय अवकाश नही होने से परिवार के साथ त्यौहार नही मना पाते है। ऐसे में संगठन ने मुख्यमंत्री से ज्ञापन के जरिये ईद के त्यौहार पर राजकीय अवकाश घोषित करने की मांग की।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**निवाई, (निसं)।** ग्राम पंचायत दत्तवास की फोरयाला की ढ ाणी में सोमवार की दोपहर में करीब 3 बजे एक बाडे में आग लग गई। इस अग्नि कांड में पंखा, कूलर, मोटरसाईकिल, भैंस जल गई। आग लगने की सूचना मिलते ही पडौसी व ग्रामीण दौडकर मौके पर पहुंचे और आग को बुझाने में जुट गए। कई लोगों ने कुओं पर से पाईप लगाकर आग बुझाई। जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर बाद नाथू व मंगल पुत्र बद्री मीणा व कमलेश पुत्र लाला मीणा के बाडे में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जिससे परिवादी नाथू की एक भैंस की मौत हो गई व एक पाडी घायल हो गई। इसके अलावा कूलर, मोटरसाइकिल व पंखा सहित कई घरेलू सामान तथा गेहूं के कट्टे व चारा जल गया। इसी प्रकार कमलेश तथा मंगल के 25-30 गेहूं के कट्टे तथा चारा जल गया। सूचना मिलने पर हल्का पटवारी मौके पर पहुंचा और नुकसान का जायजा लिया।

### कुचली अवस्था में मिला महिला का शव

**टोंक, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के राजमार्ग सं.52 जयपुर-कोटा हाईवे मार्ग पर स्थित रिलान्स पेट्रोल के पास सुबह अज्ञात महिला शव दिखाई दिया। सूचना पर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लिया तथा महिला का शव बुरी तरह कुचल जाने के कारण उसके कई अंग सडक पर बिखरे मिलें। थानाधिकारी बृजमोहन कविया ने बताया कि अज्ञात मृतका की उम्र 40-50 साल के बीच होने का अनुमान है, रंग गेहुआ व सिर पर काले हल्के बाल, गुलाबी रंग का घाघरा व लाल रंग का ब्लॉज व नीले रग की चुनरी पहने हुए है। उसके पेरो में काली चप्पल व उंगलियों पर लाल पॉलिस लगी है, हाथो में लाल रंग की चूडिया व पैरों में चांदी धातु की कडिया पहनी है तथा कमर पर लाल धागा बंधा हुआ है। पुलिस ने शिनाक्त होने की प्रतीक्षा में शव को सआत चिकित्सालय की मौचरी में रखवाया है तथा अज्ञात महिला के सम्बन्ध में जानकारी जुटाई जा रही है।

### प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया

**चंदवाजी, (निसं)।** क्षेत्र में माध्यमिक व उच्च माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में उच्च प्रतिशत प्राप्त करने पर छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया। छात्रा मनीषा गुर्जर ने सर्वाधिक 89.2 प्रतिशत अंक, रितिका मीणा ने 87प्रतिशत अंक व नेहा प्रजापत ने 85 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य झाबरमल गुर्जर ने बच्चों का उत्साहवर्धन कर उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रेरक प्रहलाद मीणा (उप प्राचार्य) ने बताया कि मनुष्य अपने जीवन काल में 20 वृक्षों का किसी ने किसी रूप में उपयोग करता है इसलिए हर मनुष्य को 21 वृक्ष लगाने का संकल्प लेना चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। विद्यालय इंचार्ज श्रवण कुमार शर्मा ने सम्मानित कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में संस्कारों का परिचय करवाने के साथ-साथ मनुष्य जीवन में अनेक रिश्तो के महत्व को समझाया। इस अवसर पर विद्यालय एसडीएमसी के सदस्य, ग्रामीणजन एवं स्थानीय विद्यालय स्टाफ से श्रवण कुमार शर्मा, प्रहलाद मीणा, भागचंद शंकरलाल मीणा, सीता यादव, चंद्र प्रकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### गंदे पानी का होद भरा, नहीं हुई सफाई

**सांभरझील, (निसं)।** यहां रेलवे स्टेशन इंदिरा कॉलोनी के नजदीक गंदे पानी को एकत्रित करने के लिए बनाया गया होद लंबे समय से न तो खाली हो रहा है और न ही आसपास पानी में जमा गंदगी को हटाया जा रहा है। भीषण गर्मी की वजह से पानी सडांध मारने लगा है। इसकी वजह से आसपास रहने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। बता दें कि इस कॉलोनी में सडकों का जाल इस प्रकार से बना हुआ है कि पानी की निकासी का कोई मार्ग मालियों के मार्फत नगर पालिका 40 साल में नहीं खोज पाई है। जिन जगहों पर लोग रहते हैं उसकी नालियां सड़क से इतनी ऊंची है कि आसपास का घरों से निकलने वाला गंदा पानी इसी जगह पर इकट्ठा हो जाता है, इसका कोई स्थाई समाधान नहीं होने से यहां रहने वाले गरीब परिवार दुखी और परेशान है। यहां के निवासी राजू गोयर ने कई दफा इस समस्या का हल निकालने के लिए जनप्रतिनिधियों, जिम्मेदार अधिकारियों को अनुरोध किया लेकिन आज तक समस्या जस की तस बनी हुई है, इसकी वजह से यहां के लोगों को नारकीय जीवन जीना पड रहा है।

### वाहन पार्किंग सेवा हुई निःशुल्क

**दौसा, (निसं)।** प्रमुख चिकित्सा अधिकारी जिला चिकित्सालय दौसा डॉ. शिवराम मीना ने बताया कि जिला कलेक्टर देवेन्द्र कुमार के निर्देशानुसार जिला चिकित्सालय दौसा में वाहन पार्किंग सेवा को आगामी आदेश तक निःशुल्क किया गया है।



यह सिर्फ आपके लिए नहीं बल्कि दुनिया भर के लाखों लोगों के लिए प्रेरणा है कि पंत ने मौत के मुंह से निकलकर जीत हासिल की। बहुत बढ़िया, शानदार। अच्छा काम जारी रखो और आगे बढ़ते रहो। ऋषभ पंत सभी बहुत अच्छा खेलो। - रवि शास्त्री

पूर्व भारतीय कोच, ऋषभ पंत के बारे में बताया।




आज का खिलाड़ी

## कार्लोस अल्कारेज



स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने फ्रेंच ओपन 2024 में पुरुष सिंगल्स का खिताब जीत लिया है। रोलां गैरां के फिलिप चैटरियर कोर्ट में खेले गए फाइनल मुकाबले में तीसरी वरीयता हासिल अल्कारेज ने चौथी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से हराया। जर्मन खिलाड़ी ज्वेरेव दूसरी बार ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचे थे। ज्वेरेव इससे पहले 2020 के यूएस ओपन फाइनल में भी पहुंचे थे। 21 साल के कार्लोस अल्कारेज के करियर का ये तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब रहा।

**क्या आप जानते हैं ?...** फ्रांस 1938 में खेले गये तीसरे विश्वकप फुटबॉल में पहली बार मेजबान देश और गत चैम्पियन को बिना क्वालीफाई करे प्रवेश देने की प्रथा शुरू हुई।



# पाक 15 ओवर के बाद रणनीति से भटक गया : गैरी कर्स्टन

न्यूयॉर्क, 10 जून। पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने कहा कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के मैच में उनके बल्लेबाज 15 ओवर के बाद रणनीति के अनुसार नहीं चल पाए और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं करने के कारण दबाव में आ गए। अमेरिका और भारत से हार के बाद पाकिस्तान पर ग्रुप चरण से ही बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। भारत के खिलाफ रविवार को खेले गए मैच में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 15वें ओवर में उसका स्कोर 4 विकेट पर 84 रन था लेकिन आखिर में उसकी टीम 7 विकेट पर 113 रन ही बना पाई।

कर्स्टन ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,'' मेरा मानना है कि इस तरह की पिच पर स्ट्राइक रोटेट करना बेहद महत्वपूर्ण होता है। इसलिए मैं आपसे सहमत हूं कि कभी इस तरह के मैच को देखना मजेदार होता है जिसमें केवल बाउंड्री ही मायने नहीं रखती।'' उन्होंने कहा,'''लेकिन आपको 120 गेंद का वास्तव में अच्छी तरह से उपयोग करना होता है। हमने पहले 15 ओवर तक ऐसा किया लेकिन उसके बाद अपनी रणनीति से भटक गए। हमने बहुत अधिक विकेट गंवा दिए।'' कर्स्टन ने कहा,''बल्लेबाजी इकाई के रूप में आपको बहुत अधिक विकेट गंवाने से बचना चाहिए लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए। जब इस तरह का मौका आता है तो खिलाड़ियों को जिम्मेदारी लेनी चाहिए।''

पाकिस्तान के बल्लेबाज 59 गेंद पर रन नहीं बना पाए। उसे भारतीय तेज गेंदबाजी के अगुआ जसप्रीत बुमराह ने सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया। उन्होंने चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लिए। पाकिस्तान के लिए अब आगे के मैच करो या मरो जैसे बन गए हैं। भारत की 2011 की वनडे विश्व कप विजेता टीम के कोच रहे कर्स्टन ने कहा,''यह सभी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और जानते हैं कि जब वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो उन पर दबाव आ जाएगा। कर्स्टन ने हालांकि अपने गेंदबाजों की प्रशंसा की जिन्होंने भारत को अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठाने दिया। उन्होंने कहा, ''अगर आप 10 से 20 ओवर के बीच के रिकॉर्ड पर गौर करो तो हमारा प्रदर्शन शानदार रहा है। हमारे पास बहुत अच्छे तेज गेंदबाज हैं और इमाद वसीम ने भी आज वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की। हमारे पास काफी अच्छे विकल्प हैं और अगर हम इसी तरह से गेंदबाजी करते रहे तो हमारे खिलाफ बल्लेबाजी करना मुश्किल होगा।

# बुमराह प्रतिभाशाली गेंदबाज हैं : रोहित

न्यूयॉर्क, 10 जून। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि जसप्रीत बुमराह एक प्रतिभाशाली गेंदबाज हैं। पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को छह से मिली जीत के बाद रोहित ने कहा, मैं उनके बारे में अधिक बात नहीं करना चाहता। हम पिछले कुछ वर्षों से लगातार इस बात का साक्षी रहे हैं कि वह क्या कर सकते हैं। वह एक प्रतिभाशाली गेंदबाज हैं लेकिन अन्य गेंदबाजों ने भी बढ़िया प्रदर्शन किया। उन्होंने अन्य गेंदबाजों की सराहना करते हुए कहा, जाहिर तौर पर इस तरह के टूर्नामेंट में आप अपने खिलाड़ियों से ऐसे ही प्रदर्शन की अपेक्षा करते हैं। छोटे-छोटे योगदानों ने आखिर में बड़ा अंतर पैदा किया। जिसके हाथ में भी गेंद आई, वह टीम के लिए योगदान देना चाहता था। उन्होंने कहा, हमें लगा कि हमने कुछ रन कम बनाए हैं। इसलिए हमें अनुशासन में रहकर गेंदबाजी करने की आवश्यकता थी। मैंने कुछ अतिरिक्त करने का प्रयास नहीं किया। विकेट बाद बल्लेबाजी के लिए आसान हो गई थी और मूवमेंट भी नहीं मिल रही थी इसलिए मैंने यह प्रयास किया कि जितना संभव हो सके सीम को हिट करूं।

# पीसीबी ने भारत को अपने सभी मैच लाहोर में खेलने का सुझाव दिया

लाहौर, 10 जून। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम सुनिश्चित करने की मुहिम में सुझाव दिया कि पड़ोसी देश अगले साल की आईसीसी चैम्पियंस ट्राफी के दौरान लाहौर में अपने सभी मैच खेले। पीसीबी के एक विश्वस्त सूत्र ने कहा कि आईसीसी को भेजे गये टूर्नामेंट के 'ड्राफ्ट कार्यक्रम' में यह सुझाव दिया गया है। सूत्र ने कहा, ''हां, भारतीय टीम की यात्रा कम करने और सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा इंतजाम मुहैया कराने के लिए उनके सभी मैच लाहौर में कराने का सुझाव दिया गया है।'' भारत ने पिछले साल सुरक्षा चिंताओं की वजह से एशिया कप के लिए पाकिस्तान में खेलने से इनकार कर दिया था जिसके बाद उसके सभी मैच श्रीलंका में कराये गये थे। पाकिस्तान को अगले साल 19 फरवरी से नौ मार्च के बीच आईसीसी के इस 50 ओवर के टूर्नामेंट की मेजबानी करनी है। आईसीसी कार्यकारी बोर्ड को अभी 'ड्रॉफ्ट कार्यक्रम' को मंजूरी देनी है लेकिन पीसीबी ने चैम्पियंस ट्राफी के मैचों के लिए अन्य स्थलों में कराची और रावलपिंडी को भी रखा है। पाकिस्तान 1996 के बाद पहली बार किसी बड़े आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, हालांकि उसने 2008 में पूरे एशिया कप की मेजबानी की थी और पिछले साल भी इसी टूर्नामेंट के कुछ मैच अपनी सरजमीं पर कराये थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड को अभी आधिकारिक रूप से पुष्टि करनी है कि वह राष्ट्रीय टीम को आईसीसी टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान भेजेगा या नहीं।

# सुमित नागल ने हेइलब्रॉन नेकरकप का टाइटल जीता

नई दिल्ली, 10 जून। भारत के नंबर-1 टेनिस प्लेयर सुमित नागल ने जर्मनी में हेइलब्रॉन नेकरकप 2024 एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट में मेंस सिंगल्स का खिताब जीत लिया। मेंस सिंगल्स की वर्ल्ड रैंकिंग में 95वें स्थान पर मौजूद भारतीय टेनिस खिलाड़ी ने दो घंटे और 22 मिनट तक चले फाइनल में दुनिया के 184वें नंबर के खिलाड़ी स्विट्जरलैंड के एलेक्जेंडर रित्सचर्ड को तीन सेटों में 6-1, 6(5)-7(7), 6-3 से हराया। यह नागल के करियर की छठी एटीपी चैलेंजर जीत है। इस साल की शुरुआत में घरेलू सरजमीं पर चेन्नई ओपन का खिताब जीतने के बाद साल की दूसरी खिताबी जीत है। एटीपी चैलेंजर टूर जिसे 2008 के अंत तक एटीपी चैलेंजर सीरीज के रूप में जाना जाता था। इंटरनेशनल मेंस की प्रोफेशनल टेनिस टूर्नामेंटों की एक सीरीज है। चैलेंजर टूर प्रोग्राम एटीपी टूर के बाद दूसरा सबसे बड़ा टेनिस सीरीज है। सुमित नागल का इस साल प्रदर्शन बेहतर रहा है। उन्होंने साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में एलेक्जेंडर बुब्लिक को हराकर जीत के साथ शुरुआती की थी। इसके बाद, उन्होंने चेन्नई ओपन में जीत हासिल की और एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में जगह बनाई। भारतीय टेनिस खिलाड़ी ने हाल ही में फ्रेंच ओपन में हिस्सा लिया था जहां वह पहले दौर में ही बाहर हो गए थे।

# मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष का अमेरिका में निधन

## भारत-पाक टी-20 मैच देखने न्यूयॉर्क गए थे

न्यूयॉर्क, 10 जून। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष अमोल काले का सोमवार को हार्ट अटैक से अमेरिका में निधन हो गया। वह रविवार को न्यूयॉक के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत-पाकिस्तान के बीच खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप मुकाबला देखने के लिए के दो अन्य पदाधिकारियों के साथ पहुंचे थे। उनके साथ के सेक्रेटरी अजिंक्य नायक और एपैक्स काउंसिल के सदस्य सूरज समत थे। अमोल काले को साल 2022 अक्टूबर में का प्रेसिडेंट चुना गया था। उन्होंने प्रेसिडेंट के हुए चुनाव में 1993 वर्ल्ड चैंपियन टीम के सदस्य संदीप पाटिल को हराया था।

# गुलवीर ने पांच हजार मीटर दौड़ में तोड़ा अविनाश का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

पोर्टलैंड, 10 जून। एशियाई खेलों के पदक विजेता भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने सोमवार को माउंट हूड कम्युनिटी कॉलेज में आयोजित पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की 5000 मीटर स्पर्धा में हमवतन अविनाश साबले के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। पिछले साल एशियाई खेलों में 10 हजार मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले गुलवीर सिंह ने पुरुषों की एलीट पांच हजार मीटर दौड़ में 13:18.92 का समय लेकर दूसरा स्थान हासिल किया।

अमेरिका के डायलन जैकब्स (13:18.18) समय के साथ शीर्ष पर रहे। केन्या के वेस्ले किप्टू को (13:21.77) समय के साथ तीसरा स्थान मिला। 5000 मीटर में भारत का पिछला राष्ट्रीय रिकॉर्ड 13:19.30 अविनाश साबले के नाम था। उन्होंने पिछले वर्ष लॉस एंजिल्स में साउंड रनिंग ऑन ट्रैक फेस्ट में यह रिकॉर्ड बनाया था। साबले ने सोमवार को पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल में भाग लिया लेकिन वह दौड़ पूरी नहीं कर पाए। कार्तिक कुमार 13:41.07 के समय के साथ 17वें स्थान पर रहे और फिनिश लाइन पार करने वाले एथलीटों में सबसे आखिरी स्थान पर रहे। पुरुषों की 5000 मीटर आमंत्रण स्पर्धा में भाग ले रहे अभिषेक पाल ने फाइनल में 13:41.57 का समय लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। ग्रेट ब्रिटेन के टॉम एंडरसन (13:37.89) और एली बेनेट (13:41.26) ने शीर्ष दो स्थान प्राप्त किए।



# कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा

CAD सर्किल के पास कोटा फोन नं. 0744-2500539,
वेबसाइट-https://lsg.rajasthan.gov.in/uitkota/#home/dpthome
Udhonline.rajasthan.gov.in (Helpline for online support-01412560211)

एफ 11/नीलामी/2024/1522 दिनांक 07.06.2024

## ई-आक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का अवसर

प्राधिकरण कोटा में S.S.O. आईडी के माध्यम से भूखण्डों/आवासों का ई-ऑक्शन प्रारम्भ किया जा रहा है। ई-ऑक्शन में भाग लेने के लिए S.S.O आईडी के माध्यम से लॉगइन करना होगा। ई-ऑक्शन में भाग लेने हेतु पंजीयन शुल्क/ईएमडी ऑनलाईन जमा करवाना होगा। नीलामी की विस्तृत शर्तें कोटा विकास प्राधिकरण की वेबसाईट https://lsg.rajasthan.gov.in/uitkota/#home/dpthome पर देखी जा सकती है।

नोट-सभी नीलामी कार्यक्रम प्रारम्भ होने का समय प्रात: 10.00 बजे एवं समाप्ति समय प्रात: 11.00 बजे रहेगा।

## दैनिक नीलामी कार्यक्रम का विवरण

| क्र सं | योजना का नाम | भूखण्ड संख्या | भूखण्ड की साईज | आरक्षित दर (नगरीय कर की गणना हेतु) प्र.व.मी. | प्रारम्भिक दर प्र.व.फी./ प्र. व.मी. | धरोहर राशि (EMD) | सम्बन्धित कनि. अभियन्ता एवं सहायक अभियंता का मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 18.06.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 20.06.2024 | | | | | | | |
| 1. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 155 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 2. | शिवाजी पार्क के पास कार बाजार के बाहर डीसीएम रोड़ पर स्थित व्यावसायिक भूखण्ड | सी-03 | 7.5×18.60=139.50 व.मी. =1501.02 व.फी. | 6000/- | 5000/- प्र.व.फी. | 151000/- | श्री विनोद मण्डावत 7597166233 श्री एल.सी.मटोरिया 797614350 |
| 3. | राजीव गांधी नगर स्पेषल व्यावसायिक योजना | एस-01 | 4.50×9.0=40.5 व.मी. =435.78 व.फी. | 12300/- | 13200/- प्र. व.फी. | 115500/- | श्री सतीष तोमर 8619367564 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 19.06.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 21.06.2024 | | | | | | | |
| 4. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 156 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 5. | शिवाजी पार्क के पास कार बाजार के बाहर डीसीएम रोड़ पर स्थित व्यावसायिक भूखण्ड | सी-04 | 7.5×18.60=139.50 व.मी. =1501.02 व.फी. | 6000/- | 5000/- प्र.व.फी. | 151000/- | श्री विनोद मण्डावत 7597166233 श्री एल.सी.मटोरिया 797614350 |
| 6. | राजीव गांधी नगर स्पेषल व्यावसायिक योजना | एस-02 | 4.50×9.0=40.5 व.मी. =435.78 व.फी. | 12300/- | 13200/- प्र. व.फी. | 115500/- | श्री सतीष तोमर 8619367564 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 20.06.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 24.06.2024 | | | | | | | |
| 7. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 157 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 8. | शिवाजी पार्क के पास कार बाजार के बाहर डीसीएम रोड़ पर स्थित व्यावसायिक भूखण्ड | सी-05 | 7.5×18.60=139.50 व.मी. =1501.02 व.फी. | 6000/- | 5000/- प्र.व.फी. | 151000/- | श्री विनोद मण्डावत 7597166233 श्री एल.सी.मटोरिया 797614350 |
| 9. | राजीव गांधी नगर स्पेषल व्यावसायिक योजना | एस-05 | 4.50×9.0=40.5 व.मी. =435.78 व.फी. | 12300/- | 13200/- प्र. व.फी. | 115500/- | श्री सतीष तोमर 8619367564 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 21.06.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 25.06.2024 | | | | | | | |
| 10. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 158 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 11. | शिवाजी पार्क के पास कार बाजार के बाहर डीसीएम रोड़ पर स्थित व्यावसायिक भूखण्ड | सी-06 | 7.5×18.60=139.50 व.मी. =1501.02 व.फी. | 6000/- | 5000/- प्र.व.फी. | 151000/- | श्री विनोद मण्डावत 7597166233 श्री एल.सी.मटोरिया 797614350 |
| 12. | राजीव गांधी नगर स्पेषल व्यावसायिक योजना | एस-06 | 4.50×9.0=40.5 व.मी. =435.78 व.फी. | 12300/- | 13200/- प्र. व.फी. | 115500/- | श्री सतीष तोमर 8619367564 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 24.06.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 26.06.2024 | | | | | | | |
| 13. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 159 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 14. | शिवाजी पार्क के पास कार बाजार के बाहर डीसीएम रोड़ पर स्थित व्यावसायिक भूखण्ड | सी-07 | 7.5×18.60=139.50 व.मी. =1501.02 व.फी. | 6000/- | 5000/- प्र.व.फी. | 151000/- | श्री विनोद मण्डावत 7597166233 श्री एल.सी.मटोरिया 797614350 |
| 15. | राजीव गांधी नगर स्पेषल व्यावसायिक योजना | एस-07 | 4.50×9.0=40.5 व.मी. =435.78 व.फी. | 12300/- | 13200/- प्र. व.फी. | 115500/- | श्री सतीष तोमर 8619367564 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 25.06.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 27.06.2024 | | | | | | | |
| 16. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 161 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 17. | शिवाजी पार्क के पास कार बाजार के बाहर डीसीएम रोड़ पर स्थित व्यावसायिक भूखण्ड | सी-08 | 7.5×18.60=139.50 व.मी. =1501.02 व.फी. | 6000/- | 5000/- प्र.व.फी. | 151000/- | श्री विनोद मण्डावत 7597166233 श्री एल.सी.मटोरिया 797614350 |
| 18. | राजीव गांधी नगर स्पेषल व्यावसायिक योजना | एस-09 | 4.50×9.0=40.5 व.मी. =435.78 व.फी. | 12300/- | 13200/- प्र. व.फी. | 115500/- | श्री सतीष तोमर 8619367564 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 26.06.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 28.06.2024 | | | | | | | |
| 19. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 162 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 20. | शिवाजी पार्क के पास कार बाजार के बाहर डीसीएम रोड़ पर स्थित व्यावसायिक भूखण्ड | सी-09 | 7.5×18.60=139.50 व.मी. =1501.02 व.फी. | 6000/- | 5000/- प्र.व.फी. | 151000/- | श्री विनोद मण्डावत 7597166233 श्री एल.सी.मटोरिया 797614350 |
| 21. | राजीव गांधी नगर स्पेषल व्यावसायिक योजना | एस-10 | 4.50×9.0=40.5 व.मी. =435.78 व.फी. | 12300/- | 13200/- प्र. व.फी. | 115500/- | श्री सतीष तोमर 8619367564 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 27.06.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 01.07.2024 | | | | | | | |
| 22. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 163 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 23. | शिवाजी पार्क के पास कार बाजार के बाहर डीसीएम रोड़ पर स्थित व्यावसायिक भूखण्ड | सी-10 | 7.5×18.60=139.50 व.मी. =1501.02 व.फी. | 6000/- | 5000/- प्र.व.फी. | 151000/- | श्री विनोद मण्डावत 7597166233 श्री एल.सी.मटोरिया 797614350 |
| 24. | चाणक्यपुरी आवासीय योजना | 100 कॉर्नर | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 6000/- | 3060/- प्र.व.फी. | 167500/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 28.06.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 02.07.2024 | | | | | | | |
| 25. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 164 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 26. | शिवाजी पार्क के पास कार बाजार के बाहर डीसीएम रोड़ पर स्थित व्यावसायिक भूखण्ड | सी-11 | 7.5×18.60=139.50 व.मी. =1501.02 व.फी. | 6000/- | 5000/- प्र.व.फी. | 151000/- | श्री विनोद मण्डावत 7597166233 श्री एल.सी.मटोरिया 797614350 |
| 27. | चाणक्यपुरी आवासीय योजना | 101 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 6000/- | 2600/- प्र.व.फी. | 152000/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 01.07.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 03.07.2024 | | | | | | | |
| 28. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 165 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 29. | शिवाजी पार्क के पास कार बाजार के बाहर डीसीएम रोड़ पर स्थित व्यावसायिक भूखण्ड | सी-12 | 7.5×18.60=139.50 व.मी. =1501.02 व.फी. | 6000/- | 5000/- प्र.व.फी. | 151000/- | श्री विनोद मण्डावत 7597166233 श्री एल.सी.मटोरिया 797614350 |
| 30. | चाणक्यपुरी आवासीय योजना | 102 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 6000/- | 2600/- प्र.व.फी. | 152000/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 02.07.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 04.07.2024 | | | | | | | |
| 31. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 166 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 32. | शिवाजी पार्क के पास कार बाजार के बाहर डीसीएम रोड़ पर स्थित व्यावसायिक भूखण्ड | सी-13 | 7.5×18.60=139.50 व.मी. =1501.02 व.फी. | 6000/- | 5000/- प्र.व.फी. | 151000/- | श्री विनोद मण्डावत 7597166233 श्री एल.सी.मटोरिया 797614350 |
| 33. | चाणक्यपुरी आवासीय योजना | 103 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 6000/- | 2600/- प्र.व.फी. | 152000/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 03.07.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 05.07.2024 | | | | | | | |
| 34. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 167 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 35. | मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना | 419 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 10000/- | 2750/- प्र.व.फी. | 149200/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 36. | चाणक्यपुरी आवासीय योजना | 104 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 6000/- | 2600/- प्र.व.फी. | 152000/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 04.07.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 08.07.2024 | | | | | | | |
| 37. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 168 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 38. | मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना | 420 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 10000/- | 2750/- प्र.व.फी. | 149200/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 39. | चाणक्यपुरी आवासीय योजना | 105 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 6000/- | 2600/- प्र.व.फी. | 152000/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 05.07.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 09.07.2024 | | | | | | | |
| 40. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 169 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 41. | मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना | 421 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 10000/- | 2750/- प्र.व.फी. | 149200/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 42. | चाणक्यपुरी आवासीय योजना | 106 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 6000/- | 2600/- प्र.व.फी. | 152000/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 08.07.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 10.07.2024 | | | | | | | |
| 43. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 170 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 44. | मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना | 423 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 10000/- | 2750/- प्र.व.फी. | 149200/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 45. | चाणक्यपुरी आवासीय योजना | 107 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 6000/- | 2600/- प्र.व.फी. | 152000/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 09.07.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 11.07.2024 | | | | | | | |
| 46. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 171 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 47. | मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना | 424 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 10000/- | 2750/- प्र.व.फी. | 149200/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 48. | चाणक्यपुरी आवासीय योजना | 108 कॉर्नर | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 6000/- | 3060/- प्र.व.फी. | 167500/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 10.07.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 12.07.2024 | | | | | | | |
| 49. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 172 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 50. | मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना | 425 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 10000/- | 2750/- प्र.व.फी. | 149200/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 51. | चाणक्यपुरी आवासीय योजना | 67 कॉर्नर | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 6000/- | 3060/- प्र.व.फी. | 167500/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 11.07.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 15.07.2024 | | | | | | | |
| 52. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 173 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 53. | मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना | 426 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 10000/- | 2750/- प्र.व.फी. | 149200/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 54. | चाणक्यपुरी आवासीय योजना | 68 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 6000/- | 2600/- प्र.व.फी. | 152000/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 12.07.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 16.07.2024 | | | | | | | |
| 55. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 174 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 56. | मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना | 427 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 10000/- | 2750/- प्र.व.फी. | 149200/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 57. | चाणक्यपुरी आवासीय योजना | 69 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 6000/- | 2600/- प्र.व.फी. | 152000/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 15.07.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 18.07.2024 | | | | | | | |
| 58. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 175 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 59. | स्टोनमण्डी आनन्दपुरा व्यावसायिक योजना | 132 कॉर्नर | 9'3"+48'3"/2x100= 2675 व.फी. | 12000/- | 4950/- प्र.व.फी. | 265000/- | श्री नितिन नागर 9251030303 श्री पंकज शर्मा 8824001175 |
| 60. | चाणक्यपुरी आवासीय योजना | 70 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 6000/- | 2600/- प्र.व.फी. | 152000/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 16.07.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 19.07.2024 | | | | | | | |
| 61. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 176 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 62. | सुभाष नगर आवासीय योजना | 201 कॉर्नर | 5.50+6.10/2×11 =63.80 व.मी. =686.48 व.फी. | 6500/- | 3750/- | 51500/- | श्री नितिन नागर 9251030303 श्री पंकज शर्मा 8824001175 |
| 63. | चाणक्यपुरी आवासीय योजना | 71 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 6000/- | 2600/- प्र.व.फी. | 152000/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 18.07.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 22.07.2024 | | | | | | | |
| 64. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 177 | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 3800/- प्र.व.फी. | 143600/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 65. | सुभाष नगर आवासीय योजना | 490-ए | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 6500/- | 3500/- | 190000/- | श्री नितिन नागर 9251030303 श्री पंकज शर्मा 8824001175 |
| 66. | चाणक्यपुरी आवासीय योजना | 72 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 6000/- | 2600/- प्र.व.फी. | 152000/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 19.07.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 23.07.2024 | | | | | | | |
| 67. | राजीव गांधी नगर स्पेषल आवासीय योजना | 514-ए | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 12300/- | 7000/- प्र.व.फी. | 380000/- | श्री सतीष तोमर 8619367564 |
| 68. | मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना | 361 | 9×18=162 व.मी. =1743.12 व.फी. | 10000/- | 2750/- प्र.व.फी. | 96000/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 69. | चाणक्यपुरी आवासीय योजना | 73 | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 6000/- | 2600/- प्र.व.फी. | 152000/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 22.07.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 24.07.2024 | | | | | | | |
| 70. | बालाजी नगर आवासीय कम व्यावसायिक योजना | 74-ए | 7.5×15=112.5 व.मी. =1210.5 व.फी. | 8000/- | 6000/- प्र.व.फी. | 145500/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 71. | मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना | 362 | 9×18=162 व.मी. =1743.12 व.फी. | 10000/- | 2750/- प्र.व.फी. | 96000/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 72. | विवेकानंद नगर आवासीय योजना | 180 कॉर्नर | 9×19.5=175.5 व.मी. =1888.38 व.फी. | 7500/- | 4180/- प्र.व.फी. | 158000/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 23.07.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 25.07.2024 | | | | | | | |
| 73. | बालाजी नगर आवासीय कम व्यावसायिक योजना | 64-ए | 7.5×15=112.5 व.मी. =1210.5 व.फी. | 8000/- | 6000/- प्र.व.फी. | 145500/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 74. | मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना | 363 | 9×18=162 व.मी. =1743.12 व.फी. | 10000/- | 2750/- प्र.व.फी. | 96000/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 75. | चाणक्यपुरी आवासीय योजना | 75 कॉर्नर | 12×21=252 व.मी. =2711.52 व.फी. | 6000/- | 3060/- प्र.व.फी. | 167500/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| ई-ऑक्शन की प्रारम्भ तिथि 24.07.2024 ई-ऑक्शन की सामप्ति तिथि 26.07.2024 | | | | | | | |
| 76. | श्रीनाथपुरम-ए आवासीय योजना | 395/A | 11.90×21=249.90व.मी. =2688.92 व.फी. | 8000/- | 5500/- | 296000/- | श्री नितिन नागर 9251030303 श्री पंकज शर्मा 8824001175 |
| 77. | मुकुन्दरा विहार आवासीय योजना | 364 | 9×18=162 व.मी. =1743.12 व.फी. | 10000/- | 2750/- प्र.व.फी. | 96000/- | श्री प्रदीप असवाल 9571619111 श्रीमती नीलम व्यास 9587250588 |
| 78. | श्रीरामकृष्णपुरम-ए आवासीय कम व्यावसायिक योजना | 117-ए | 7.5×15=112.5 व.मी. =1210.5 व.फी. | 8000/- | 7500/- प्र.व.फी. | 182000/- | श्री नितिन नागर 9251030303 श्री पंकज शर्मा 8824001175 |

1. Note:- Rajeev Gandhi Nagar Special Awasiya Yojana Rera No RAJ/P/2019/1151, Website:http://Rera.rajasthan.gov.in
2. All E-auctionwill be strated at 10:00 AM and closed at 11:00 AM on mentioned date inprogramme.
3. For further detail please log on https://lsg.rajasthan.gov.in/uitkota/#home/dpthome, Udhonline.rajasthan.gov.in (Helpline foronline support-01412560211)
4. KDA Kota Not Responsible for any networking problems.

सचिव
कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

# सचिन पायलट ने टोंक में शहीद स्मारक का अनावरण किया

## पायलट ने इस अवसर पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया तथा वीरांगनाओं को सम्मानित किया

टोंक, 10 जून (निसं)। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं टोंक विधायक सचिन पायलट सोमवार को टोंक विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर रहे। पायलट ने नगर परिषद द्वारा 1 करोड़ 28 लाख की लागत से बने शहीद स्मारक का अनावरण कर शहीदों को नमन किया एवं विरांगनाओं को सम्मानित किया। लोकार्पण के दौरान अपने सम्बोधन में पायलट ने कहा कि, सेना और देश हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी हैं। पायलट ने कहा कि, सैनिक जब देश के लिए वर्दी पहनता है तो उसका दिल गर्व से देश के प्रति सम्मान से भर उठता है, सैनिकों के परिवारों की सभी समस्याओं के निराकरण के लिए मैं उनके साथ हूं। इस मौके पर लगभग दो दर्जन से अधिक शहीद सैनिकों के परिजनों को सम्मानित भी किया गया।

पायलट ने पं.स. टोंक की ग्राम पंचायत देवपुरा के ग्राम सुनेला हाजीपुरा मे, विधायक स्थानीय विकास कोष से 10 लाख रूपये की स्वीकृत राशि से निर्मित सामुदायिक भवन तथा ग्राम देवपुरा में विधायक स्थानीय विकास कोष से 10 लाख रूपये की राशि से निर्मित भीमराव अम्बेडकर भवन का लोकार्पण किया। पायलट ने सर्किट हाउस में कांग्रेस के जिला स्तरीय सदस्यों के साथ जनसुनवाई भी की।

पायलट ने कहा, मैं अपने आप को बड़ा खुश किस्मत समझता हूं कि 11-12 वर्षो से मैं सैना में काम कर रहा हुं, मेरे लिए खुशी की बात है कि यह तीसरी पीढी है, मेरे दादाजी, मेरे पिताजी स्व. पायलट एयर फोर्स में थे। संयोग की बात है कि, एक विधायक व सैनिक के नाते मुझे शहीद स्मारक के उद्घान का संयोग मिला है। इस दौरान पायलट ने अग्निवीर योजना की जगह पुरानी भर्ती को दुबारा लागू करने की बात कहीं। इसके बाद पायलट ने संर्किट हाउस में जनसुनवाई की। जनसुनवाई में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही जलदाय विभाग, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान लगभग 100 शिकायत पत्र पायलट के समक्ष रखे गए। अधिकाशं शिकायते बिजली, पानी व स्वास्थ्य को लेकर थी। पायलट ने मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के आदेश दिए।

पायलट ने अपने सम्बोधन में कहा कि, विगत कार्यकाल में भी टोंक में अनेक विकास कार्य करवाये गये हैं। विधानसभा चुनाव एवं लोकसभा चुनावों में टोंक से कांग्रेस पार्टी को विजयी बनाया है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि विकास का यह क्रम नहीं टूटेगा और जनता के कामों के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं आने दी जायेगी।



*कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने देवपुरा ग्राम पंचायत में तीन विकास कार्यों का लोकापर्ण किया। पायलट ने देवपुरा गाँव में सामुदायिक स्वास्थ्य भवन एवं अम्बेडकर भवन टोंक की जनता को समर्पित किया। पायलट ने 1.28 करोड़ रुपय की लागत से बने शहीद स्मारक का अनावरण कर शहीदों को पुष्प चक्र अर्पित किया।*

- कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने सोमवार को टोंक का एक दिवसीय दौरा किया।
- टोंक प्रवास में पायलट ने सुनेला हाजीपुरा गांव में बने सामुदायिक भवन तथा देवपुरा गांव में बने भीमराव अम्बेडकर भवन का भी लोकार्पण किया।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को दिल्ली में राजस्थान हाउस का दौरा कर नवनिर्माण कार्यों को निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि, भवन निर्माण में राजस्थान की बेजोड़ स्थापत्य कला का ध्यान रखा जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि, निर्माण कार्यों में गति लाने की जरुरत है, ताकि निर्माण कार्य तय समय-सीमा में पूरा हो सके।*

# मु.मंत्री भजनलाल ने राजस्थान हाउस के पुनर्निर्माण का निरीक्षण किया

- मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि, तय समय सीमा में काम पूरा किया जाए और गुणवत्ता के साथ काम पूरा किया जाए।
- नई दिल्ली के लुटियन्स ज़ोन में 7050 वर्ग गज में स्थित राजस्थान हाउस का इन दिनों नवीनीकरण चल रहा है।

नई दिल्ली/जयपुर, 10 जून (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली के पृथ्वीराज रोड स्थित राजस्थान हाउस के पुनर्निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कार्य में और अधिक गति लाते हुए तय समय-सीमा में इन्हें पूरा करने के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि समय-सीमा के साथ ही निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि, ऐतिहासिक राजस्थान हाउस के पुनर्निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। 136 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस राजस्थान हाउस के 2 बेसमैंट स्ट्रक्चर का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। लोअर और अपर बेसमैंट में हवा के लिए डक्ट लगाने तथा फायर फाईटिंग के लिए पाईप इत्यादि लगाने का कार्य प्रगति पर है। अधिकारियों ने बताया कि, लोअर बेसमैंट में अंडर ग्राउंड वॉटर टैंक एवं सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के सिविल कार्य भी प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि, भवन के पुनर्निर्माण के कार्य शीघ्र पूरे किए जाएं।

नई दिल्ली के "लुटियंस जोन" में 7050 वर्ग मीटर में पुन: निर्मित हो रहा राजस्थान हाउस, राजस्थान सरकार का एक राजकीय गेस्ट हाउस है। इसके पुनर्निर्माण में राजस्थान की कलात्मक स्थापत्य शैली का खूबसूरत तरीके से समन्वय किया जाएगा। भवन की बाहरी दीवार पर धौलपुर सैण्ड स्टोन क्लैडिंग का कार्य किया जाएगा।

नवीन राजस्थान हाउस में दो बेसमैंट, भूतल और 6 फ्लोर का प्रावधान रखा गया है। भवन के बेसमैंट में पार्किंग तथा मुख्य भवन में लॉबी, कैफेटेरिया, वेटिंग एरिया, डाईनिंग एरिया, फव्वारा, हैंगिंग झूमर, एट्रियम आदि बनाए जाएंगे। वहीं, प्रथम तल पर कॉन्फ्रेंस हॉल, पुस्तकालय व जिम तथा छत पर टैरेस गार्डन, पार्टी हॉल, योग कक्ष आदि की सुविधाएं होंगी।

## पहली फाइल ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जयराम ने कहा कि दरअसल 16वीं किश्त जनवरी में ड्यू हो गई थी और प्रधानमंत्री की चुनावी गुणा भाग के कारण यह किश्त एक माह विलम्बित हो गई थी जबकि इसके बाद 17वीं किश्त अप्रेल/मई में देय हो गई थी परन्तु यह किश्त चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता लग जाने के कारण निलम्बित हुई थी।

जयराम रमेश ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री को सच्चे मायने में किसानों की परवाह है तो उन्हें ये पाँच काम करने चाहिए:-

- एम.एस.पी. को कानूनी दर्जा दें, स्वामीनाथन आयोग के फार्मूला अनुसार,
- किसानों की कर्ज माफी और इसको प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करने के लिए एक स्वामी आयोग बनाए,
- फसल नुकसान के 30 दिनों के अंदर, गारंटीकृत बीमा भुगतान की राशि सीधे बैंक खाते में जमा हो,
- उचित आयात-निर्यात नीति बन, किसानों से सलाह-मशविरा के बाद और
- कृषि के काम आने वाली आवश्यक वस्तुओं पर अब जी.एस.टी. नहीं लगे।

## 7 राज्यों की...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा एकमात्र सीट पर उपचुनाव होगा। यह विधानसभा सीट कमलेश प्रताप शाह के इस्तीफा देने से रिक्त हुई है।

इसी प्रकार पंजाब में जालंधर पश्चिम की सीट से शीतल अंगुराल से इस्तीफा देने के कारण होगा।

पश्चिम बंगाल में 3 सीटों पर उपचुनाव वर्तमान विधायकों के द्वारा त्याग पत्र देने से होंगे, इसमें मुकुट अधिकारी की सीट भी शामिल है और एक उपचुनाव मानिकताला के विधायक साधन पांडे की मृत्यु होने के कारण होगा।

हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर, देहरा व नालगढ़ की तीन सीटों के उपचुनाव वहाँ के वर्तमान विधायकों द्वारा इस्तीफा देने के कारण कराए जा रहे हैं।

## मोदी चन्द्रबाबू नायडू के शपथ ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

टी.डी.पी. के सत्ता में आ जाने के बाद आंध्र प्रदेश की राजधानी के निर्माण में जोरदार तेजी आएगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने तेलुगूदसम पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन किया था। इस निर्णय ने एन.डी.ए. को बहुमत के जादुई आंकड़े को पार करने में मदद की। प्रधानमंत्री अब अमरावती के पुनर्निर्माण को उपकृत करेंगे और उम्मीद है कि वे जब मुख्यमंत्री एन. चन्द्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होंगे तब नई राजधानी के प्रोजैक्ट की आधारशिला रखेंगे। टी.डी.पी. सुप्रीमो को यह आशा भी है कि प्रधानमंत्री आंध्र प्रदेश की नई राजधानी के निर्माण के लिए स्पेशल पैकेज भी देंगे। अब तक दोनों, तेलुगू भाषी राज्य आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की हैदराबाद संयुक्त राजधानी रहता आया है, लेकिन 2 जून को समाप्त हुई दस वर्ष की अवधि के बाद अब यह संयुक्त राजधानी नहीं है।

आंध्र प्रदेश सरकार के क्रियाकलापों का संचालन अमरावती और विशाखापट्टनम के अन्यंत्र भी हो रहा है क्योंकि पूर्व मुख्यमंत्री वाय.एस. जगनमोहन रेड्डी ने राज्य के लिए तीन राजधानियां रखने का विकेन्द्रित विकल्प चुना था, लेकिन अब यह राजधानी कमर्शियल हब विजयवाड़ा से लगते हुए अमरावती में बनाई जाएगी। नायडू जब वर्ष 2016 में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री थे तब राज्य के विभाजन के बाद नायडू की अपील पर किसानों ने नई राजधानी के निर्माण के लिए कई सौ एकड़ भूमि दान में दी थी।

आंध्र प्रदेश विधानसभा के 4 जून को आए नतीजों में टी.डी.पी. की जीत हुई थी और चन्द्रबाबू नायडू का अमरावती के नजदीक गन्नावरम में 12 जून को शपथ लेना तय है। शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री मोदी भी उपस्थित होंगे और उम्मीद है कि वह इस मौके पर वह अमरावती के पुनर्निर्माण की आधारशिला रखेंगे।

निस्संदेह ! अमरावती देश के प्रमुख पावर सैन्टर्स में से एक होगी क्योंकि लोकसभा में टी.डी.पी. के 16 और उसकी सहयोगी जनसेना के 2 सांसद है, जिसके कारण वह मोदी के नेतृत्व वाली अल्पमत एन.डी.ए. सरकार पर भारी दबाव बनाए रखेंगे। जद (यू) के 12 सांसद निर्वाचित होकर आए हैं और टी.डी.पी. तथा जद (यू) के सहयोग के बिना मोदी सरकार की हालत पतली हो जाएगी। यद्यपि, टी.डी.पी. और जद (यू) के बिना भी एन.डी.ए. सरकार के पास काम चलाऊ बहुमत हो सकता है, लेकिन इनकी उपस्थिति सरकार को जरुरी स्थायित्व प्रदान करती है।

इसीलिए, मोदी सावधानीपूर्वक आगे बढ़ रहे हैं तथा उन्होंने टी.डी.पी. की स्पीकर पद की डिमाण्ड को सिरे से खारिज नहीं किया है। अमरावती से प्राप्त नवीनतम खबरों के अनुसार लोकसभा स्पीकर के पद की मांग को लेकर टी.डी.पी. अड़ी हुई है और इस पर भी कि चन्द्रबाबू नायडू को एन.डी.ए. की समन्वय कमेटी का संयोजक बनाया जाए।

नायडू की पार्टी इससे पहले भी एन.डी.ए. गठबंधन का हिस्सा रह चुकी है और अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाले एन.डी.ए. में भी वह संयोजक थे, लेकिन, गोधरा कांड के बाद हुए गुजरात दंगों के बाद उन्होंने एन.डी.ए. छोड़ दिया था।

## भाजपा के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सिन्हा को लीगल नोटिस भेजा और कहा है कि उन पर बेहद अपमानजनक आरोप लगाए गए हैं। ये आरोप भाजपा नेता की मान प्रतिष्ठा के लिए बेहद घातक है। यह बयान उनकी छवि खराब करने के लिए जान बूझकर दिया गया है। नोटिस कहता है कि, उक्त ये आरोप झूठे, अपमानजनक फर्जी हैं और साजिशन लगाए गए हैं। और इस आरोप ने सार्वजनिक रूप से मेरे क्लाइंट के मान प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है।

## चार बड़ी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अपने पहले निर्णय में, मंत्रिमण्डल ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण और शहरी गरीबों के लिए तीन करोड़ घर बनाने की योजना को अनुमति दे दी। सोमवार को सवेरे, प्रधानमंत्री मोदी ने 9.3 करोड़ किसानों में वितरित करने को अधिकृत करने वाली अपनी पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए।

रविवार शाम को राष्ट्रीय भवन में नये और पुराने 30 केन्द्रीय मंत्रियों ने शपथ ली। पांच स्वतंत्र प्रभार वाले राज्यमंत्री और 36 वरिष्ठ मंत्रियों ने भी शपथ ली।

एक प्रश्न यद्यपि अभी भी शेष है कि, लोकसभा स्पीकर का पद किसे मिलेगा? बहुत सी रिर्पोटों ने दावा किया है कि, टी.डी.पी. और जद (यू), जो कि इस चुनाव में किंगमेकर बनकर उभरे हैं, इस मुख्य पद की तरफ देख रहे हैं। लेकिन भाजपा के सूत्रों ने कहा, वो इस पद को देने के इच्छुक नहीं है। शपथ लेने के बाद प्रधानमंत्री का तत्काल एजेंडा केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक है। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को संसद का सत्र बुलाने के लिए केन्द्रीय मंत्रिमंडल का राष्ट्रपति को औपचारिक आग्रह अपेक्षित होता है। इस सत्र में दोनों सदनों में राष्ट्रपति का संबोधन, जिसमें वह अगले कार्यकाल के लिए सरकार की विजय और प्राथमिकताओं की रूपरेखा बताना शामिल है।

# पाकिस्तान से भी आई प्र.मंत्री मोदी को बधाई

## प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मोदी को एक्स पर बधाई संदेश भेजा। पूर्व प्र.मंत्री नवाज शरीफ ने कहा, नतीजे बता रहे हैं कि, भारत की जनता को मोदी पर भरोसा है

- नवाज़ शरीफ ने कहा, तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर मोदी जी को तहे दिल से बधाई। हालिया चुनाव में आपकी पार्टी की सफलता बताती है कि, आपके नेतृत्व में लोगों को भरोसा है। आइए हम मिलकर घृणा को खत्म करें और आशाओं के द्वार खोलें।

नई दिल्ली, 10 जून। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही पाकिस्तान से भी बधाई संदेश आने लगे हैं। पहले प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उन्हें तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए बधाई दी। अब पाकिस्तान की सत्ताधारी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (एन) के अध्यक्ष नवाज़ शरीफ ने तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर लिखा, नतीजे बता रहे हैं कि भारत की जनता को आप में भरोसा है। वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने भी शहबाज शरीफ को शुक्रिया कहा है।

नवाज़ शरीफ ने कहा, तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर मोदी जी को तहे दिल से बधाई। हालिया चुनाव में आपकी पार्टी की सफलता बताती है कि आपके नेतृत्व में लोगों को भरोसा है। आइए हम मिलकर घृणा को खत्म करें और आशाओं के द्वार खोलें। मिलकर दक्षिण एशिया के दो अरब लोगों के भविष्य को संवारने का प्रयास करें। बता दें कि चुनाव में एन.डी.ए. की सफलता के बाद कई देशों से नरेंद्र मोदी को बधाई मिली लेकिन पाकिस्तान की तरफ से शुभकामनाएं आने में 6 दिन का वक्त लग गया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की तरफ से कहा भी गया था कि, शपथ लेने के बाद ही बधाई दी जाएगी।

नवाज शरीफ के छोटे भाई और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी है। उन्होंने कहा, भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के लिए नरेंद्र मोदी को बधाई। प्रधानमंत्री ने फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेट्टेरी ओरपो और अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई को जवाब दिया। बता दें कि, पहली बार 2014 में जब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे तब शपथ ग्रहण में पाकिस्तान को भी आमंत्रित किया गया था। हालांकि बाद में दोनों देशों में तनाव बढ़ गया। 2019 के चुनाव से पहला पुलवामा आतंकी हमले की वजह से पाकिस्तान से काफी दूरी आ गई। इसके अलावा 2019 में नरेंद्र मोदी की सरकार में ही जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटा दिया गया।

## प्र.मंत्री शेख हसीना मिलीं सोनिया गांधी से

नयी दिल्ली 10 जून (वार्ता)। बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी से सोमवार को उनके आवास पर मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया।

सोनिया गांधी ने वॉट्सऐप पर यह जानकारी देते हुए बताया कि, हसीना तथा श्रीमती गांधी के बीच परस्पर रिश्तों को मजबूत करने तथा अन्य कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी नेता प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं।

- बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी से सोमवार को उनके आवास पर मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया।

कांग्रेस नेता ने व्हाट्स ऐप पोस्ट पर इस मुलाकात का एक वीडियो जारी करते हुए लिखा ''बंगलादेश की प्रधान मंत्री महामहिम शेख हसीना वाजेद जी सीपीपी अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी और कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी के साथ आज दोपहर नई दिल्ली में। हमने भारत और बंगलादेश के बीच विश्वास, सहयोग और आपसी विकास की प्रतिबद्धता पर आधारित प्राकृतिक बंधन को और मजबूत करने के लिए कई विषयों पर चर्चा की।

## सुरेश गोपी के मंत्री पद त्यागने की खबरें खूब चलीं दिनभर

नई दिल्ली, 10 जून। केरल के त्रिशूर से भाजपा के सांसद बने सुरेश गोपी ने उन खबरों को खारिज किया है, जिनमें दावा किया गया है कि वे मंत्री पद छोड़ सकते हैं। उन्होंने रविवार को ही राज्य मंत्री की शपथ ली थी। सुरेश गोपी ने कहा कि, कुछ मीडिया प्लेटफॉर्म गलत खबर फैला रहे हैं कि मैं मोदी सरकार के मंत्रिपरिषद से इस्तीफा देने जा रहा हूं। यह पूरी तरह गलत है।

सुरेश गोपी ने कहा कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हम केरल के विकास और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह बात अपने एक्स अकाउंट पर कही है।

सुरेश गोपी के बारे में यह भी कहा जा रहा था कि वे कैबिनेट मंत्री या फिर कम से कम राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार की उम्मीद कर रहे थे। लेकिन राज्य मंत्री बनाए जाने से नाराज हैं।

# महाराष्ट्र के सहयोगी दलों ने एन.डी.ए. में नाराजगी के सुर बुलंद किये

## एन.सी.पी. और शिवसेना (शिंदे गुट) का कहना है कि, हमारे सात सांसद होने के बावजूद एक मंत्री पद मिला है जबकि, बिहार से जीतन राम मांझी अपनी पार्टी के अकेले सांसद हैं, फिर भी मंत्री बन गये हैं

- शिवसेना के चीफ व्हिप श्रीरंग बारणे ने कहा, "हम उम्मीद कर रहे थे कि, हमें भी कैबिनेट पद दिया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। चिराग पासवान के पांच सांसद हैं, जीतनराम मांझी इकलौते सांसद हैं। एच.डी. कुमारस्वामी की पार्टी के भी दो ही सांसद हैं। फिर भी उन लोगों को कैबिनेट मंत्री पद दिया गया है।

मुंबई, 10 जून। केंद्र में एन.डी.ए. की नई सरकार बनते ही महाराष्ट्र में दो घटक दल भाजपा से नाराज हो गए हैं। पहले उप मुख्यमंत्री अजित पवार की पार्टी ने नाराजगी जताई और अपने किसी भी सांसद को मंत्री पद की शपथ लेने नहीं दिया और अब शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना ने नाराजगी जाहिर की है। शिवसेना (शिंदे गुट) की शिकायत है कि उसके सात सांसद होने के बावजूद सिर्फ एक राज्यमंत्री का पद दिया गया, जबकि उनसे कम सांसदों वाले दलों को कैबिनेट मंत्री का पद दिया गया।

शिवसेना के चीफ व्हिप श्रीरंग बारणे ने कहा, ''हम उम्मीद कर रहे थे कि हमें भी कैबिनेट पद दिया जाएगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। चिराग पासवान के पांच सांसद हैं, जीतनराम मांझी इकलौते सांसद हैं। एचडी कुमारस्वामी की पार्टी के भी दो ही सांसद हैं। फिर भी उन लोगों को कैबिनेट मंत्री पद दिया गया, जबकि हमारे पास तो सात सांसद थे फिर राज्य मंत्री का एक ही पद क्यों दिया गया।''

श्रीरंग बारणे ने दावा किया कि उनकी पार्टी शिवसेना को उसकी स्ट्राइक रेट देखते हुए कैबिनेट मंत्री दिया जाना चाहिए था। उन्होंने पार्टी को केंद्रीय मंत्रिमंडल में कोटे से सिर्फ एक राज्य मंत्री पद दिए जाने पर नाराजगी जताई। बारणे इतने पर ही नहीं रुके। उन्होंने सहयोगी अजित पवार की एनसीपी का भी उल्लेख किया और कहा कि जो शख्स परिवार से बगावत कर आपके साथ आया, उसे भी कम से कम एक कैबिनेट पद मिलना चाहिए था।

उन्होंने भाजपा सांसद उदयनराजे भोसल को भी मंत्री पद नहीं देने पर नाखुशी जताई।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तीसरी बार देश की बागडोर संभाली। उनके साथ 71 अन्य सांसदों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। एनसीपी को एक राज्यमंत्री पद ऑफर किया गया था लेकिन अजित पवार ने उसे ठुकरा दिया। एनसीपी का तर्क था कि प्रफुल्ल पटेल पहले केंद्र में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं, इसलिए वे राज्य मंत्री का पद स्वीकार नहीं करेंगे। यह एक तरह से डिमोशन होगा। इसके अगले ही दिन शिंदे गुट ने भी अपनी नाराजगी जाहिर कर दी है।

दरअसल, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हम नेता जीतनराम मांझी को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है, जबकि वे अपनी पार्टी के इकलौते सांसद हैं।

इसी तरह कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी को भी कैबिनेट मंत्री बनाया गया है, जबकि उनकी पार्टी के दो ही सांसद हैं। चिराग पासवान के पास पांच हरी सांसद हैं औऱ वे युवा हैं, फिर भी उन्हें कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। शिवसेना को यह बात अटपटी लग रही है।

## शपथ ग्रहण ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चुनौती देने की स्थिति में नहीं है।

सूत्र बताते हैं कि सहयोगी दलों की मान-मनुहार तब तक ही की गई जब तक कि मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ नहीं ले ली। मोदी के लिए निश्चित रुप से कहा जा सकता है कि वह अब भी नई बोतल में पुरानी शराब की भांति हैं।

एन.डी.ए. ने अपने सहयोगियों के साथ जिस तरह का बर्ताव किया है, उसे लेकर विपक्ष ने उनकी कड़ी आलोचना की है।

विपक्ष के नेताओं का कहना है कि भाजपा ने इस बारे में अंतिम रुप से कुछ नहीं कहा है और भाजपा के सहयोगी दलों की भी इस संदर्भ में अब तक कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908